CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 13°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 24 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 65 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 4 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बंगाल में भी दिखाई देगा पीडीए का असर: अखिलेश यादव पेज 2



युद्ध के बीच गैस-तेल से ईरान की हो रही रिकॉर्ड कमाई पेज 12



पश्चिम बंगाल चुनाव : सत्ता की जंग से बड़ी चुनाव आयोग की साख की अग्नि परीक्षा सम्पादकीय



ईरान ने अमेरिका का एफ -15 लड़ाकू विमान मार गिराया पेज 12

# युद्ध का असर लंबा चल सकता है, हमें कोरोना संकट की तरह तैयार रहना होगा: पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत का रुख किया स्पष्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध ने दुनियाभर के सामने ऊर्जा संकट पैदा किया
- भारत में गैस की किल्लत होने लगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में बताया कि मिडिल ईस्ट में हालत चिंताजनक है। देश के सामने चुनौतियां बेहद ज्यादा हैं। दुनियाभर के लोग युद्ध रोकने के लिए आग्रह कर रहे हैं। पीएम मोदी ने मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष और इस जंग पर भारत का क्या रुख है, वो स्पष्ट किया।

पीएम मोदी ने बताया कि बीते दिनों होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हमारे कई जहाज भारत आए भी हैं। संकट के इस समय में देश की एक और तैयारी भी है, जो बहुत काम आ रही है। पिछले 11 साल में इथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्लेंडिंग पर अभूतपूर्व काम हुआ है। एक दशक पहले तक देश में सिर्फ एक से डेढ़ प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग कैपसिटी थी। आज हम पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनाल ब्लेंडिंग के करीब पहुंच रहे हैं। इसके कारण प्रति वर्ष करीब साढ़े 4 करोड़ बैरल कम ऑयल इम्पोर्ट करना पड़ रहा है। हालांकि, पीएम मोदी ने बताया कि ईरान-इजरायल जंग का असर लंबा चल सकता है। हमें कोरोना संकट की तरह तैयार रहना होगा। ईरान और अमेरिका- इजरायल युद्ध का सोमवार को 24वां दिन था। ये जंग कब रुकेगी, कुछ कहा नहीं जा सकता है। लेकिन इस जंग ने दुनियाभर के सामने ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत में भी गैस की किल्लत महसूस की जा रही है। ऐसे में विपक्षी पार्टियां भारत की मौजूदा विदेश नीति और केंद्र सरकार पर कई सवाल उठा रही हैं। इन्हीं सवाल का जवाब प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से 3,75,000 से अधिक भारतीय सुरक्षित रूप से भारत लौट चुके हैं। ईरान से अब तक लगभग 1,000 भारतीय सुरक्षित लौट चुके हैं, जिनमें से 700 से अधिक मेडिकल छात्र हैं।

## संसद में प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर प्रियंका गांधी ने व्यापक चर्चा की रखी मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर जो बयान दिया है उसमें कोई नई बात सामने नहीं आई है। संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान सोमवार को प्रधानमंत्री ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर बयान दिया, जिसमें उन्होंने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित देशवापसी से लेकर एलपीजी जैसी जरूरी व्यवस्थाओं पर सरकार के कदमों की जानकारी दी।



श्रीमती वाड्रा ने इस बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराया है, लेकिन उनके बयान में कोई नई बात सामने नहीं आई।

# सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के मामले में दोबारा सुनवाई के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें एक तलाक के मामले की नए सिरे से सुनवाई करने को कहा गया था।

यह मामला इसलिए चर्चा में आया, क्योंकि एक परिवार न्यायालय ने तलाक की मंजूरी देते समय कानून की ऐसी धारा का इस्तेमाल कर दिया था, जो असल में है ही नहीं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसने पुराने तलाक को रद्द कर नए सिरे से सुनवाई का आदेश दिया था। फिलहाल उच्चतम न्यायालय ने दोबारा सुनवाई पर रोक लगा दी है। पूरा मामला तब उलझ गया जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने पाया कि परिवार न्यायालय के न्यायाधीश ने अलग-अलग कानूनों को आपस में मिला दिया था। केस हिंदू मैरिज एक्ट के तहत दर्ज था, लेकिन न्यायालय ने विशेष विवाह अधिनियम (स्पेशल मैरिज एक्ट) की एक ऐसी धारा का जिक्र कर दिया जो कानून की किताब में मौजूद ही नहीं है। इन कानूनी गलतियों की वजह से उच्च न्यायालय ने पूरे मामले को शुरू से सुनने का निर्देश दिया था।अब उच्चतम न्यायालय ने इस बात की जांच करेगा कि क्या इस मामले में दोबारा सुनवाई की जरूरत है या नहीं। इस बीच, उस न्यायाधीश ने भी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, जिन्होंने यह फैसला सुनाया था। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ की गई सख्त टिप्पणियों को हटाने की मांग की है। हालांकि, फरवरी में हुई पिछली सुनवाई में उच्चतम न्यायालय ने उन टिप्पणियों पर रोक लगाने से मना कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### NIA ने लालकिला विस्फोट जांच में कश्मीर में कई जगहों पर मारे छापे

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में लालकिले के पास पिछले साल 10 नवम्बर को हुए कार विस्फोट मामले की चल रही जांच के तहत कश्मीर भर में कई जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि ये छापे श्रीनगर, बारामूला, कुपवाड़ा और कुलगाम जिलों में छह जगहों पर उन लोगों से जुड़े ठिकानों पर मारे गए, जिन्हें धमाके के पीछे के आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।
सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने बारामूला जिले के रफीबाद के रहने वाले डा. बिलाल नसीर मल्ला के घर पर तलाशी ली, जिसे इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। कुपवाड़ा जिले के लंगाते इलाके में भी एक और तलाशी ली गई।

### विकसित भारत के लिए आय बढ़ानी होगी : विपक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने सोमवार को कहा कि सरकार विकसित भारत की सिर्फ बातें करती है और इसके लिए उसके पास कोई ठोस नीति नजर नहीं आती। लोकसभा में 'वित्त विधेयक 2026' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के डा. अमर सिंह ने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति आय करीब 3000 डॉलर है, जबकि विकसित भारत के लिए यह आमदनी 14000 डॉलर प्रति व्यक्ति होनी चाहिए। उनका कहना था कि सरकार जो दावा करती है और जो बुनियादी स्थिति है उसमें बहुत बड़ा फर्क है और इस गैप को बांटने के लिए कोई ठोस कदम उठाते हुए सरकार नजर नहीं आती है।

### अमृतसर में नशा तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 2 पकड़े

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर काउंटर इंटेलिजेंस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नशा तस्करी के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस मॉड्यूल के तार पाकिस्तान स्थित तस्करों से जुड़े हुए हैं।

# ट्रम्प बोले जंग खत्म करने को हमारी बात हुई, ईरान का इन्कार



- ईरान के बिजली संयंत्रों व ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को 5 दिन के लिए टाला: ट्रम्प

**वाशिंगटन/ तेहरान।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि मध्य पूर्व में चल रहे टकराव को पूरी तरह खत्म करने को लेकर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि पूरी तरह समाधान के मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत हुई है।

ट्रंप ने यह भी कहा कि वह ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ढांचे पर किसी भी तरह के हमलों को पांच दिन के लिए टालेंगे, लेकिन ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बातचीत वाले बयान को नकार दिया है। इससे पहले ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों में मध्य पूर्व में टकराव के पूरी तरह समाधान को लेकर बहुत अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई है। इस रचनात्मक बातचीत के रुख और माहौल को देखते हुए, जो पूरे सप्ताह जारी रहेंगी, मैंने वॉर डिपार्टमेंट को निर्देश दिया है कि ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को पांच दिन के लिए टाल दिया जाए। यह फ़ैसला बैठकों और चर्चाओं की सफलता पर निर्भर करेगा। न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कही गई उस बात को नकारते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत चल रही है।

### अमेरिका को आईआरजीसी की कड़ी चेतावनी, 'हर हमले का मिलेगा जवाब'

**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि ईरान के खिलाफ किसी भी खतरे का बराबर और प्रतिरोधक जवाब दिया जाएगा। आईआरजीसी ने सोमवार को जारी बयान में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन आरोपों का जवाब दिया, जिनमें कहा गया था कि ईरानी बल क्षेत्रीय जल विलवणीकरण संयंत्रों को निशाना बना सकते हैं। आईआरजीसी ने आरोप लगाया कि युद्ध की शुरुआत अमेरिकी सेना ने की और अब तक बच्चों सहित कई नागरिकों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया कि अमेरिकी हमलों में जल अवसंरचना को भी नुकसान पहुंचाया गया, जिसमें केश्म द्वीप का विलवणीकरण संयंत्र शामिल है।

# उत्तर प्रदेश में गेहूं का एमएसपी ₹2585 हुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो



- योगी कैबिनेट ने लिए 35 महत्वपूर्ण फैसले

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जबकि दो प्रस्ताव को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। बैठक में किसानों, ऊर्जा, शहरी विकास और औद्योगिक निवेश से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए, जिन्हें राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने फैसलों की जानकारी दी। श्री शाही ने कहा कि किसानों को बड़ी राहत देते हुए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया है। प्रदेश में गेहूं की खरीद 30 मार्च से 15 जून तक की जाएगी और इसके लिए 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसानों को उतराई, सफाई आदि के लिए 20 रुपये प्रति कुंतल अतिरिक्त भुगतान भी दिया जाएगा। इस बार 30 लाख टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 50 लाख टन तक खरीद का अनुमान है। कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। घाटमपुर में 660 मेगावॉट की तीन यूनिट परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए झारखंड स्थित कोल ब्लॉक के विकास के लिए 2242.90 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इस परियोजना से 270 मिलियन टन कोयला उत्पादन का अनुमान है और बिजली दरों में करीब 80 पैसे प्रति यूनिट तक कमी आने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में भी पहल की गई है। चिलुआताल में 20 मेगावॉट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए लगभग 80 एकड़ क्षेत्र उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट ने 'नवयुग नगर पालिका योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत प्रदेश के 58 शहरों को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 55 नगर पालिका परिषद और 3 नगर पंचायत शामिल हैं। श्री शर्मा ने बताया कि 145 करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्षों में लागू होने वाली इस योजना में 1.5 लाख से अधिक आबादी वाले 24 निकायों को प्राथमिकता दी जाएगी।




PATANJALI wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

## पतंजलि वेलनेस में सेवा (जॉब) का अनुपम अवसर

पतंजलि वेलनेस कर्मयोगी बनकर सेवा के द्वारा विश्व के सबसे बड़े योग, आयुर्वेद, स्वदेशी के आंदोलन से जुड़ें। विश्व के सबसे बड़े योग, यज्ञ, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा के सेवा अभियान के लिए पतंजलि वेलनेस में योग्य एवं अनुभवी **थेरेपिस्ट / योगाचार्य / वैद्य गण (प्रस्नाथक को प्राथमिकता)** के लिए कर्मयोगियों की आवश्यकता है।

**थेरेपिस्ट हेतु अहर्ता (Eligibility):** न्यूनतम 10वीं पास / पंचकर्म डिप्लोमा / नेचरोपैथी डिप्लोमा / कार्य से सम्बंधित अनुभव + उत्तराखंड आयुष चिकित्सा कौंसिल द्वारा पंजीकृत।
**आयु:** 18 से 35 वर्ष
**प्रशिक्षण अवधि** : 2 माह
**अन्य सुविधायें :** भोजन , आवास व बस

**योगाचार्य हेतु अहर्ता (Eligibility): योग** स्नातक / स्नातकोत्तर डिप्लोमा योग / कार्य से सम्बंधित अनुभव।
**आयु:** 18 से 35 वर्ष

**वैद्य हेतु अहर्ता (Eligibility):** BAMS/BNYS/MD (आयुर्वेद/नेचुरोपैथी) / Ph.D. (आयुर्वेद/नेचुरोपैथी) / कार्य से सम्बंधित अनुभव + उत्तराखंड आयुष चिकित्सा कौंसिल द्वारा पंजीकृत।

**वेतन / मानदेय: योग्यता एवं कार्य दक्षता के अनुसार।**

कार्य स्थल : पतंजलि वेलनेस/ योगग्राम/ निरामयम्, हरिद्वार, उत्तराखंड

**संपर्क करें : 8954-666-111**
89548 91711 / 72170 45416 / 82720 68187
अपना बायोडाटा / CV/ RESUME नीचे दिए गए Whatsapp अथवा ई-मेल पर भेजें
895489-6661 | career@patanjaliwellness.com

**⚠ पतंजलि के नाम पर किसी भी प्रकार के (एडमिशन, बुकिंग, नौकरी, फ्रैंचाइज़ी आदि) ऑफर के बहाने होने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचें।**

हम नौकरी हेतु किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग नहीं करते हैं तथा पतंजलि वेलनेस में बुकिंग हेतु केवल अधिकृत नंबर 8954-666-111 पर ही संपर्क करें; ऑनलाइन भुगतान करने से पहले संबंधित बैंक खाते की पुष्टि अवश्य कर लें।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के खिलाफ मामले में फिर टली सुनवाई

**सुलतानपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी मामले में सुनवाई सोमवार को वादी मुकदमा भाजपा नेता विजय मिश्रा के गैर हाजिर होने के कारण टल गई है। न्यायालय अब इस मामले में 27 मार्च को सुनवाई करेगी। वादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने आज यहां बताया कि उन्होंने पिछली पेशी पर अदालत में एक प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें मांग की गई है कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयानों के ऑडियो और वीडियो साक्ष्य पेश किए गए हैं, उनका मिलान राहुल गांधी की असली आवाज से कराया जाए। विजय मिश्रा की अनुपस्थिति के कारण कोर्ट ने 27 मार्च की तारीख तय की है, जहां मामले में बहस होगी।

### प्रयागराज में ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि छेदीलाल (55) बीती देर शाम सघनगंज से दवा लेकर अपने घर मलाक बेला, जलालपुर लौट रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक तेज गति में था और आरा. प है कि वह शराब के नशे में था। टक्कर के बाद छेदीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके पुत्र अंकुर कुमार ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी सोरांव केशव वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जनता दर्शन में बोले- यूपी के सीएम योगी

# सैनिक करें देश की सेवा परिवार की जिम्मेदारी सरकार की

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे निश्चित होकर देश की सेवा करें, उनके परिवार की सुरक्षा, सम्मान और देखभाल की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 25 करोड़ जनता की सेवा, सहूलियत और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में उपस्थित सैनिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा एवं आंत. रिक सुरक्षा में तैनात जवानों के मामलों को प्राथमिकता देते हुए समयसीमा के भीतर उनका उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए।



■ जवानों और उनके परिवारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जवानों और उनके परिवारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए लोगों ने पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े प्रकरण भी प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने एक-एक प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को तय समय में निस्तारण के निर्देश दिए। जमीनी विवादों के मामलों में योगी ने कहा कि सभी पक्षों को सुनकर नियमानुसार निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। वहीं इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने वाले परिवारों को उन्होंने अस्पताल से अनुमानित खर्च (एस्टिमेट) तैयार कर आवे. दन करने की सलाह दी और भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी भी मरीज का इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और जनसमस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिका. रियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

### योगी की पाती में नौ वर्षों की उपलब्धियों और विकास का लेखा-जोखा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम एक भावनात्मक पत्र जारी किया है। इस पत्र में उन्होंने राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश की शुरुआत मां दुर्गा के आशीर्वाद से करते हुए कहा कि आध्यात्मिक प्रेरणा और जनसहभागिता के बल पर उत्तर प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है।

### बलिदानियों का त्याग भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिदान दिवस के अवसर पर महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अमर बलिदानियों का त्याग भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत बताया। योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि क्रांति की ज्योति प्रज्ज्वलित करने वाले इन वीर सपूतों का बलिदान सदियों तक देशवासियों को 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना से प्रेरित करता रहेगा।

# जनता की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई हो: केशव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिका. रियों को त्वरित व प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि ष्हर व्यक्ति की समस्या का हर संभव समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।ष उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए, ताकि किसी भी पीड़ित को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने खुद आगे बढ़कर लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों में उन्होंने संबंधित



अधिकारियों से फोन पर बात कर तत्काल आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, उत्पीड़न, सड़क, बिजली, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को विशेष रूप से गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और जहां जरूरत हो, वहां कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में जवाबदेही तय की जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि पारदर्शी और प्रभावी समाधान मिल सके।

# प्रधानमंत्री की प्रस्तावित रैली को लेकर भाजपा की रणनीतिक बैठक

ग्रेटर नोएडा, वार्ता

उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर परिक्षेत्र ग्रेटर नोएडा तिलपता गोलचक्कर स्थित कार्यालय में गौतमबुद्धनगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 28 मार्च को प्रस्तावित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट उद्घाटन तथा देश के प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक रैली की तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी।

सोमवार को आयोजित बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा पदा. धिकारियों ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता बीजेपी जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की। संचालन जिला महामंत्री वीरेन्द्र भाटी द्वारा किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश

■ दो लाख से अधिक भीड़ जुटाने का लक्ष्य

उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रैली की व्यापक तैयारियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह रैली संगठन की ताकत और जनसमर्थन का बड़ा प्रदर्शन होगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर जनसंपर्क करना होगा और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठकें कर अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का लक्ष्य दो लाख से अधिक लोगों की विशाल जनसभा आयोजित करना है, जिसके लिए हर स्तर पर मजबूत तैयारी जरूरी है। जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। सभी कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी मिलकर इस जनसभा को सफल बनाएं और विकास व राष्ट्रनिर्माण के अभियान को और अधिक मजबूत करें। बैठक में वीरेन्द्र भाटी, ठाकुर धर्मेन्द्र भाटी, धर्मेन्द्र कोरी, दीपक भारद्वाज, पवन रावल, अरुण शर्मा, पवन नागर, सरदीप नागर, कर्मवीर आर्य, चन्द्रमणि भारद्वाज, रजनी तोमर, मुकेश भाटी, गायत्री तिवारी, योगेश चौहान, विनीता, अश्वनी गोयल, अर्पित तिवारी, मनोज मावी, राजीव सिंघल, महेश शर्मा, लोकेश त्यागी, दिनेश भाटी, भिखारी सिंह, संजीव शर्मा, संजय रावत, गजेन्द्र वाल्मीकि, धीर राणा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बंगाल में भी दिखाई देगा पीडीए का असर: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि यूपी की जनता ने 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की राजनी. ति को आगे बढ़ाने का संकेत दिया है, वही अब पश्चिम बंगाल में भी लोकतंत्र बचाने के आह्वान के रूप में दिखाई देगा।

यादव ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर लोहिया पार्क पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पश्चिम बंगाल में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के चुनाव लड़ने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भाजपा की रणनीतियों को समझ चुकी है और इस बार भी ममता बनर्जी को समर्थन मिलेगा। उन्होंने ममता बनर्जी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और जनहित की योजनाओं का असर साफ दिखाई दे रहा है। चुनाव में उनकी जीत होगी। अखिलेश यादव ने समाजवादी विचारधारा पर जोर देते हुए कहा कि भगत सिंह और राजगुरु जैसे क्रांतिकारी समाजवादी सोच से प्रेरित थे। उन्होंने कहा कि देश में



अमीर-गरीब की खाई को खत्म करने के लिए समाजवादी नीतियों को लागू करना जरूरी है और उनकी पार्टी डॉ. लोहिया के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। गोरखपुर और बदायूं की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई मामलों में कार्रवाई नहीं हो रही है और सच्चाई सामने नहीं आ रही है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि राजनीति में चल रहे 'खेल' का सच समय आने पर सामने आएगा। ओम प्रकाश राजभर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यदि यह स्पष्ट हो जाए कि कौन किससे मिल रहा है, तो निर्णय लेना आसान होगा। वहीं डॉ. संजय निषाद के भावुक वीडियो पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यह 'प्रायश्चित है या कुछ और' यह समय बताएगा।

### वायरल वीडियो से बढ़ा सियासी पारा अखिलेश बोले: पश्चाताप या प्रायश्चित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक वायरल वीडियो ने सियासी हलचल तेज कर दी है। एक दिन पूर्व निषाद पार्टी की तरफ से गोरखपुर में आयोजित जनसभा के बाद पार्टी के अध्यक्ष और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद का एक भावुक वीडियो सोशल मीडिया में आने पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने वीडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हुए लिखा, ये भाजपा के साथ जाने पर पश्चाताप के आंसू हैं या प्रायश्चित के। उन्होंने इसे 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) राजनीति से जोड़ते हुए कहा कि पीड़ा बढ़ रही है, पीड़ित बढ़ रहे हैं, इसलिए पीडीए भी बढ़ रहा है। अखिलेश के इस बयान को भाजपा गठबंधन में शामिल छोटे दलों पर सीधा निशाना माना जा रहा है। इतना ही नहीं, अखिलेश ने एक फिल्मी गीत 'हम थे जिनके सहारे' का जिक्र करते हुए तंज कसा और इशारों में कहा कि जिनके सहारे राजनीति खड़ी हुई, वही अब साथ नहीं निभा रहे हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 74532.96
निफ्टी 23114.50



सोना 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# उत्तर प्रदेश में गेहूं का न्यूनतम मूल्य 160 रुपये बढ़ा

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक का सबसे अहम फैसला किसानों के हित में लिया गया, जिसमें सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संयुक्त रूप से निर्णयों की जानकारी दी। कैबिनेट बैठक में कुल 37 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से दो प्रस्तावों को फिलहाल स्थगित कर दिया गया और 35 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई।

बैठक का सबसे अहम फैसला किसानों के हित में लिया गया, जिसमें सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। इस निर्णय से किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि इस बढ़ोतरी



से कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और किसानों की आय में इजाफा होगा। खासतौर पर उत्तर प्रदेश के लाखों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। कैबिनेट के अन्य प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें विभिन्न विभागों से जुड़े विकास कार्य शामिल हैं। सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी स्वीकृत प्रस्तावों को तय समय सीमा में लागू किया जाए।

### यूपी में 1.38 लाख एचआईवी मरीजों को मिल रहा नि:शुल्क उपचार

**लखनऊ।** भारत में करीब 25.44 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं, जिनमें लगभग 45 प्रतिशत महिलाएं और 2.75 प्रतिशत बच्चे शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में करीब 1.38 लाख एचआईवी संक्रमित व्यक्ति एआरटी केंद्रों पर नि:शुल्क परामर्श, उपचार और दवा प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से सोमवार को राज्य सूचना विभाग के सभागार में एचआईवी/एड्स विषय पर राज्य स्तरीय मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/ एड्स से जुड़ी सही जानकारी का प्रसार, सामाजिक कलंक को कम करना और जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों में मीडिया की भूमिका को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में मीडिया की भूमिका बेहद अहम है और संवेदनशील व तथ्यात्मक रिपोर्टिंग से समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है।

# उप्र में एमएसएमई से 3.11 करोड़ को रोजगार, निवेश से खुले अवसरों के द्वार

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए बयान के अनुसार उद्योगोन्मुख नीतियों और योजनाओं के प्रभाव से एमएसएमई सेक्टर आज न केवल रोजगार का सबसे बड़ा माध्यम बनकर उभरा है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की धुरी भी बन गया है। सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में इस अवधि के दौरान करीब 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों से 1 करोड़ 10 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार और सेवायोजन के अवसर सृजित होने की संभावना बनी है। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर चुके हैं, जिनसे लगभग 60 लाख रोजगार के अवसर तैयार हुए हैं। निवेश के इस प्रवाह ने प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति दी है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र रोजगार सृजन का सबसे मजबूत आधार बनकर उभरा है। वर्तमान में राज्य में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। इन इकाइयों के माध्यम से 3 करोड़ 11 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना को एमएसएमई से जोड़ने से पारंपरिक और स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिली है। इससे ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने हेतु सरकार द्वारा कई योजनाएं प्रभावी रूप से संचा. लित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत अब तक 38 हजार से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया गया है, जिनमें 1097.10 करोड़ रुपये से अधिक की मार्जिन मनी वितरित की गई है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 32,936 लाभार्थियों को 1105.49 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी दी गई, जिससे 2.63 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अफसरों की नाकामी का फायदा सपा को मिल रहा: डा. संजय निषाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि अफसरों की नाकामी का फायदा सपा को मिल रहा है।

डॉ. संजय निषाद ने सोमवार को यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि सपा का 'पीडीए' अधिकारियों की नाकामी है। अधिकारी लड्डू परोस रहे हैं सपा को। जैसे लेखपाल की भर्ती, पशुधन की भर्ती। पहले आरक्षण का सही से पालन न करो, फिर उसे सुधारो। अधिकारी किसलिए बैठे हैं। क्या कर रहे हैं। अभी एसआई की परीक्षा हुई, अधिकारी पेपर पढ़ नहीं सकते, तो किसलिए बैठे हैं। यह सपा को लड्डू नही परोस रहे हैं, तो क्या कर रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नही है कि सारे अधिकारी दोषी हैं। ज्यादातर ठीक हैं, तभी तो अच्छा काम



हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में हमारा मुद्दा आरक्षण में हमारी गिनती अनुसूचित में कराने की है। संविधान के हिसाब से केंद्र सरकार की अधिसूचना से लेकर राष्ट्रपति की अधिसूचना में भी मांझी, मल्लाह, केवट अनुसूचित में आते हैं। यहां तक की राज्यपाल की तरफ से 31 दिसम्बर 2016 को जारी अंतिम अधिसूचना में पिछड़े से अनुसूचित में शामिल करने को लेकर नई सूची बनाने को कहा गया। पर, वह अभी लागू नहीं हुआ है। अभी तक 26 दिसम्बर वाली ही अधिसूचना लागू है। ऐसे में हमारी मांग है कि ओबीसी से 9 प्रतिशत काट कर एससी में शामिल किया जाए। ओमप्रकाश राजभर के सामाजिक न्याय समिति की मांग पर उन्होंने कहा कि वह बटवारा चाह रहे हैं ओबीसी में और हम बटवारा नहीं चाहते हैं हम संविधान वाला चाहते हैं। संविधान के हिसाब से अनुसूचित जाति की सूची में हरिजन, धोबी, मझवार, पासी आते हैं। मांझी, केवट, मल्लाह को मझवार में गिना है। इसी के आधार पर केवट मल्लाह, माझी को मझवार में गिना जाए। भर नियमतः अनुसूचित में आते हैं। वह अनुसूचित का प्रचार नही कर रहे हैं, वह पिछड़े में बटवारा चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वर्ग-3 की जमीन का मुद्दा है। जिसे हम अंग्रेजों ने दिया था। वर्ग-3 की जमीन का मतलब तालाब आदि की भूमि। जो पहले निषादों के नाम दर्ज होती थी, जिससे वो जीवन यापन कर सके। बसपा के समय इसे वायस ले लिया गया। जिसे फिर से वापस दिलाने की मांग है।

# शहीद दिवस पर आप की छात्र विंग का प्रदेशव्यापी शिक्षा अभियान

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की छात्र विंग ने सोमवार को शहीद दिवस पर प्रदेशभर में शिक्षा और युवाओं के मुद्दों को लेकर अभियान की शुरुआत की। लखनऊ में इसकी शुरुआत लखनऊ विश्वविद्यालय से की गई, जहां छात्र-युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए छात्र विंग के प्रदेश महासचिव अनित रावत ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को भगत सिंह और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों से जोड़ना है, ताकि समाज में शिक्षा, समानता और अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि संगठन गांव-गांव और शहर-शहर जाकर संवाद और जनसंपर्क के जरिए शिक्षा की अलख जगाएगा। अनित रावत ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार युवाओं को शिक्षा, रोजगार और समान अवसर जैसे मूल मुद्दों से भटका रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में लोकतांत्रिक माहौल को कमजोर करने और छात्रों की आवाज दबाने की कोशिशें हो रही हैं, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज बेरोजगारी, महंगी शिक्षा और अवसरों की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में भगत सिंह के क्रांतिकारी विचार और बाबा साहब के सामाजिक न्याय के सिद्धांत ही युवाओं को सही दिशा दे सकते हैं।

# देश की आजादी अनगिनत बलिदानों और संघर्षों का परिणाम

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में सोमवार को जन भवन स्थित गांधी सभागार में शहीद दिवस और डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव तथा डॉ. लोहिया के जीवन और योगदान पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने भावुक होकर देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल के विशेष सचिव



■ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग को श्रद्धांजलि अर्पित की

श्रीप्रकाश गुप्ता ने कहा कि देश की आजादी अनगिनत बलिदानों और संघर्षों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अनेक परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोकर स्वतंत्रता की कीमत चुकाई है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम उनके त्याग को सदैव स्मरण रखें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानें। उन्होंने ऐतिहासिक घटनाओं जैसे साइमन कमीशन के विरोध, जलियांवाला बाग कांड, लाला लाजपत राय पर लाठीचार्ज और केंद्रीय असेंबली में बम फेंकने की घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार ब्रिटिश शासन ने इन क्रांतिकारियों को कठोर दंड दिया। उन्होंने भगत सिंह के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि विचारों को कभी समाप्त नहीं किया जा सकता, वे हमेशा जीवित रहते हैं।

अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया को एक महान समाजवादी चिंतक और स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण नेता के रूप में याद किया। कार्यक्रम में विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डॉ. पंकज एल- जानी, विशेष कार्याधिकारी अशोक देसाई, जन भवन के अधिक. ारी-कर्मचारी, आदर्श माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

CMYK

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत

**तहसील परिसर में मिला शव तो मचा हड़कंप**

**बुढाना।** तहसील बुढ़ाना परिसर में सोमवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से पुलिस में हड़कंप मच गया। युवक की मृत्यु कैसे हुई क्या कारण रहा इस बारे में बुढ़ाना पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह बुढ़ाना तहसील परिसर मे किसी युवक का शव पडा होने की सूचना किसी के द्वारा जब बुढ़ाना पुलिस को मिली तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। तब सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने मृतक युवक की पहचान घटनास्थल के पास जमा हुए लोगों के द्वारा शाहरूख अहमद के रूप में की। तब घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी तो परिजन मौके पर रोते बिलखते आए। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि तहसील परिसर में सोमवार को किसी युवक का शव पडा मिलने से सभी हैरान रह गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान लगभग 27 वर्षीय शाहरुख अहमद पुत्र यासीन अली निवासी गांव सफीपुर पट्टी कस्बा बुढ़ाना के रूप में हुई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि मृतक शराब और अन्य नशे का आदि था। वह कभी कभी घर जाता था। नशे की हालत में वह कस्बे में इधर उधर घूमता रहता था। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों का पता नही चल सका। बुढ़ाना पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आ जाने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## मोटर साइकिल सवार सड़क हादसे में घायल

**बुढाना।** एक युवक सड़क हादसे में घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जगदीश पुत्र रईमत निवासी ग्राम दोघट ने बुढ़ाना पुलिस को बतलाया कि उसका पुत्र रवि अपनी मोटर साईकिल से अपने बहनोई मनोज के मोटर साईकिल शोरूम मनोज आटो सर्विस सेन्टर रतनपुरी से अपने घर ग्राम दोघट आ रहा था। उसका पुत्र रवि दोपहर के समय ग्राम मिंडकाली में ईदगाह से आगे टड्बबैल के पास पहुंचा तब सामने से फॉक्स गाडी बिना नम्बर का चालक अपनी गाडी को बड़ी तेजी व लापरवाही से चलाता हुआ आया और उसके पुत्र रवि की मोटर साईकिल मे सामने से टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र रवि गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सहायता से उसके पुत्र रवि की मिथन नर्सिंग होम बडौत में एडमिट कराया। उसके पुत्र रवि की गम्भीर स्थिति हो देखते हुऐ रवि को वर्धमान अस्पताल मुजफ्फरनगर मे भर्ती कराया। उसका पुत्र रवि इस समय वर्धमान अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## इस बार परशुराम जन्मोत्सव पर होगा भव्य कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के संरक्षक श्रीभगवान आश्रम एवं समिति अध्यक्ष शरणदीप कौशिक उर्फ शिशु प्रधान ने संयुक्त रूप से भोपा रोड स्थित एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि आगामी 17 अप्रैल 2020 दिन शुक्रवार को टाउनहॉल मैदान से भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के उपरांत नगर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शिशु प्रधान एवं आर्यनराज कौशिक ने

बताया कि श्री परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार है। जिन्होने धर्म न्याय और समाज में संतुलन स्थापित करने का कार्य किया। उनका जीवन त्याग, पराकम और धर्मरक्षा का प्रतीक है। समिति के कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष विशाल शोभायात्रा नकाली जाएगी। जिसमे त्यागी,ब्राह्मण

के अलावा सभी धर्मो का सहयोग रहेगा।

ग्रामीण क्षेत्र से भी सनातन समाज के लोगों को लाने के लिए 40 बसों एवंट्रैक्टरो की व्यवस्था की गई हैं। उन्होने सभी से अपील की है कि भगवान परशुराम सभी जाति धर्म के है। इसलिए उनकी शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोग इकटठा होकर अपनी भागीदारी करें। प्रेसवार्ता में मुनीश त्यागी, विपुल त्यागी बहेडी. के. के. शर्मा, पुनीत वशिष्ठ, रविकान्त शर्मा, अमित वत्स, सुशील शर्मा, डा. संदीप शर्मा, विशाल शर्मा, संजय शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, महादेव शर्मा, रजनीश वशिष्ठ, कपिल शर्मा, पंकज शर्मा, सभासद राजीव शर्मा,देवेश कौशिक,हिमांशु कौशिक, काका मेंबर,रमन शर्मा, हैप्पी शर्मा, सचिन शर्मा सदस्य जिला पंचायत, गोपाल शर्मा, मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे

## बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**मुजफ्फरनगर।** भरतिया कॉलोनी स्थित बालाजी धाम मंदिर में बालाजी जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसमें आज प्रथम दिन कलश यात्रा के पश्चात आचार्य शांतनु महाराज द्वारा आज बलिदान दिवस के अवसर पर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि एवं नमन करते हुए प्रभु राम कथा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया महाराज जी ने कहा राम कथा में अमृत बरसता है इसलिए राम कथा जरूर सुननी चाहिए

आज की कथा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, समाजसेवी एवं उद्यमी भीमसेन कंसल, दिनेश बंसल, बिश्व दीप गोयल, हरिशंकर तायल, शिवम तायल, नितिन संगल सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नवशक्ति यात्रा का पांचवे दिन का सफल आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** समाजसेवी ममता अग्रवाल के नेतृत्व में नवशक्ति यात्रा का पांचवां दिन अलमासपुर में संपन्न, 180+ महिलाओं की सहभागिता जनपद मुजफ्फरनगर के अलमासपुर गांव में आज नवशक्ति यात्रा के पांचवें दिन का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 180 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस सराहनीय पहल की शुरुआत समाजसेवी ममता अग्रवाल, जो कि भाजपा जिला मंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी हैं, द्वारा की गई है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य, नारी सशक्तिकरण एवं शारीरिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं के लिए ब्लड टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई एवं कैल्शियम, आयरन तथा मल्टीविटामिन का वितरण भी किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में नीति अग्रवाल , सोनिया लूथरा , संतोष शर्मा , रेखा अग्रवाल , रेणु चौधरी , मोनाली , सीमा , साधना मेहता आदि समाजसेवियों का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित महलियाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त होती है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। नवशक्ति यात्रा का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। आयोजकों के अनुसार, यह यात्रा आगामी दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी जारी रहेगी। अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## बालक-बालिकाओं के लिए प्रशिक्षिण शिविर लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 12 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिकाओं के लिए तैराकी व जिमनास्टिक एवं 12 से अधिक व 15 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिकाओं के एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, बैडमिंटन, हॉकी, जूडो, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी एवं बास्केटबॉल खेलो के जिला, मंडल एवं राज्य स्तरीय ट्रायल एवं केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर का संचालन वर्ष 2026-27 मुजफ्फरनगर 23 मार्च 2026 प्रभारी क्रीड़ा अधिक. ारी भूपेंद्र सिंह यादव ने बताया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार वर्ष 2026-27 में विभिन्न खेलों में बालक/बालिकाओं के आवासीय छात्रावास में प्रवेश हेतु आज दिनांक 23 मार्च 2026 से जिला स्तरीय चयन ट्रायल शुरू हो गए है। जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर द्वारा आवासीय छात्रावास में प्रवेश हेतु आज बालक वर्ग में वॉलीबॉल एवं कुश्ती खेल में वंश पाल,आयुष चौधरी,कृष्ण बालियान एवं अंश कुमार का चयन मण्डल स्तरीय ट्रायल में प्रतिभाग हेतु किया गया। दिनांक 25-26 मार्च 2026 को जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर द्वारा बालक/बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, क्रिकेट, बॉक्सिंग,जूडो, कबढी, बास्केटबॉल, फुटबॉल एवं तीरंदाजी खेलो का चयन ट्रायल कराया जाएगा। उक्त चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक खिलाड़ी खेल साथी पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते है।



**मुजफ्फरनगरः श्याम महोत्सव के दौरान कीर्तन का शुभारंभ करते कपिल देव।**

## देश विरोधी पोस्ट वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** एटीएस और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई मीरापुर थाना क्षेत्र के संभलहेड़ा गांव में सोशल मीडिया पर कथित रूप से देश विरोधी पोस्ट वायरल करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रविवार को एटीएस (एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड) की टीम द्वारा की गई दबिश के बाद सामने आई।

एटीएस की टीम ने गांव में पहुंचकर शानू मलिक पुत्र इरफान मलिक को हिरासत में लेकर कई घंटों तक गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स की भी जांच की गई, जिसमें कथित तौर पर आपत्तिजनक और देश विरोधी सामग्री मिलने की बात सामने आई।

आरोप है कि शानू मलिक ने ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव और 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कई भ्रामक व देश विरोधी वीडियो और पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा कर उन्हें वायरल किया।

इन पोस्टों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की गई। मुजफ्फरनगर के एसपी देहात आदित्य सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपी को मीरापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी किसी अन्य नेटवर्क या समूह से जुड़ा है या नहीं।

## श्याम पधारे म्हारे गांव-2 के दूसरे दिन हुआ भव्य भजन संकीर्तन का आयोजन

### राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पधारकर बाबा का आशीर्वाद लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के नई मण्डी स्थित रामलीला भवन में 'श्याम पधारो म्हारे गांव-2' का आयोजन बडे ही हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम में शिरकत कर बाबा का आर्शीवाद लिया गया। जहां कमेटी द्वारा राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल का फूलमाला एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। वही विशिष्ठ अतिथि के रूप में व्यापारी नेता संजय मित्तल, अरविन्द बंसल, ब्रहमप्रकाश शर्मा एवं दिल्ली से आये अनिल गोयल रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन बाबा खाटूश्याम का विशेष श्रंगार और मां शाकुम्भरी देवी का विशेष दरबार आकर्षण का केन्द्र रहा।

जहां हजारो की संख्या में बाबा खाटूश्याम के भक्तो ने बाबा के दर्शन किये और रात्रि भजन कीर्तन का आनन्द लिया। इस दौरान कोलकाता से पधारे प्रसि( भजन गायक संजू शर्मा द्वारा बाबा श्याम के प्यारे-प्यारे भजनो से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जहां उन्होने हम हारे हारे हारे, तुम हारे के सहारे व मेरे सर पर रख दो बाबा अपने ये दोनो हाथ जैसे भजन सुनाकर श्रद्धालुओ को भक्तिरस में डूबो दिया।

इसी के साथ कोलकाता से पधारी विख्यात भजन गायिका ईशा शर्मा द्वारा बाबा श्याम और मां शाकुम्भरी देवी के भजनो से रात भर समा बांधे रखा। दिल्ली से आई भजन गायिका ऋतु पांचाल द्वारा बाबा की भक्ति से भरे एक से बढकर एक भजनो से श्रद्धालुओ को नाचने पर मजबूर कर दिया। जहां सभी श्र(ालुओ ने एक स्वर में भजन गायको के साथ बाबा खाटूश्याम की महिमा का गुणगान किया। दिल्ली से आये नरेश पुनिया म्यूजिकल ग्रुप ने पूरी रात धमाल मचाते हुए भक्तगणो को निहाल कर दिया। इस बार सबसे खास बात यह रही कि श्याम पधारो म्हारे गांव - 2 के आयोजको ने एक ऐतिहासिक कार्य करते हुए बाबा श्याम के श्रृंगार के साथ साथ वही श्रृंगार राजस्थान खाटू श्याम मंदिर, मुजफ्फरनगर के गणपति धाम खाटूश्याम मंदिर और शहर स्थित हनुमान मंदिर में भी भेजा।

जहां एक साथ सभी मंदिरो में एक जैसा श्रृंगार कराया गया। जो अपने आप में एक ऐतिहासिक और भक्ति से भरा कार्य रहा। इस अवसर पर राजकुमार सिंघल, राहुल सिंघल, विनीत सिंघल, श्रेय मित्तल, अर्पित जैन, राघव मित्तल, सुशांत गोयल (शानू), अमित बंसल, दीपक गोयल, अनिल गर्ग, राजकुमार जिंदल, कपिल गोयल, राजीव बंसल, रिंकू गर्ग, अनुज गर्ग, शरद सिंघल, सुभम गुप्ता, कृष राजवंशी, अक्षत सिंघल, अमन बंसल, अवि सिंघल, भूपेन्दर चौधरी, शुभम गोयल, सुशांत गर्ग, अर्पित जैन, अशोक जी, अमन गर्ग , अंकुश मित्तल, विक्की भाटिया, वासु, पवन, पदीप बंसल, संदीप गोयल, सार्थक, प्रिंस,टीपू, शैंकी, राहुल सिंघल, अंश मित्तल, अर्पित सिंघल, अर्चित सिंघल, आदि,कमेटी पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे। जिन्होने कार्यक्रम का सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया।

## धमात के पिंकी का बरामदगी को धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी क्षेत्र के गांव धमात से दो माह पूर्व लापता हुए जोगेन्द्र का अभी तक भी सुराग नहीं लग सका जोगेन्द्र की बरामदगी न होने से गुस्साएं परिजन व ग्रामीणों ने पुलिस कार्यालय पर धरना दिया। काफी देर धरने पर बैठे ग्रामीणों ने पिंकी की बरामदगी कीमांग की। एसपी सिटी के आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस लौट गए।

बता दे कि ग्राम धमात निवासी जोगेन्द्र उर्फ पिंकी 25 फरवरी को अचानक ही गायब हो गया था। घटना के दिन से ही परिजन पिंकी की तलाश में घुम रहे है और इसकी शिकायत पुलिस में भी की गई है। परिवार के लोग पुरकाजी थाने के लगातार चक्कर काट रहे है, लेकिन अभी तक लापता युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजन व ग्रामीण सोमवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे और लापता पिंकी की बरामदगी को लेकर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणोंकी मांग थी कि इस मामले में सीओ जानसठ से जांच कराई जाए । एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के आश्वासन पर ग्रामीणोंने धरना समाप्त किया और घर वापस लौट गए।

## मंत्री की उपलब्धिः स्मार्ट सिटी तर्ज पर विकसित होगा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लखनऊ में आयोजित मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक में मुजफ्फरनगर जनपद को एक ऐतिहासिक सौगात मिली है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए नवयुग पालिका योजना के अंतर्गत मुजफ्फरनगर नगर पालिका को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा के समक्ष मुजफ्फरनगर को स्मार्ट सिटी मॉडल पर विकसित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसे अब स्वीकृति



प्राप्त हो गई है। यह निर्णय जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार स्मार्ट सिटी मिशन के विस्तार के तहत जिला मुख्यालयों को आधुनिक एवं उन्नत आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में कार्य कर रही है। इस पहल के अंतर्गत शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल सेवाएं एवं अन्य नागरिक सुविधाओं में व्यापक सुधार सुनिश्चित किया जाएगा। नवयुग पालिका योजना के अंतर्गत प्रदेश के कुल 58 नगर निकायों का चयन किया गया है, जिन्हें प्रतिवर्ष 583.20 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस वित्तीय प्रावधान से योजनाओं को गति मिलेगी और शहरों का विकास सुनियोजित ढंग से किया जाएगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा जी का मुजफ्फरनगर की समस्त जनता की ओर से हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। यह निर्णय निश्चित रूप से मुजफ्फरनगर को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं स्मार्ट शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम साबित होगा।

## जमानत पर छूटकर आए युवक पर हमले का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिखेड़ा समीपवर्ती गांव दौलतपुर का युवक जमानत पर बाहर आए एक आरोपी पर गवाही से इनकार करने की रंजिश में परिवार पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित की शिकायत पर पहले कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन मामला बढ़ने पर पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सिखेड़ा क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी सुशील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही अभिषेक और उसके पिता राजीव से उसका पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि अभिषेक पर पहले से गैंगस्टर के मुकदमे दर्ज हैं और वह जमानत पर बाहर है। पीड़ित के अनुसार, कुछ समय पहले राजीव ने उससे एक मामले में गवाही देने के लिए दबाव बनाया था, जिसे उसने ठुकरा दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश बढ़ गई।

घटना 23 फरवरी 2026 की रात करीब 8 बजे की बताई गई है, जब सुशील कुमार अपने घर के गेट के अंदर बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान राजीव वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए धमकी देकर चला गया। इसके बाद जब पीड़ित ने इस बारे में अभिषेक से शिकायत की, तो वह लाठी-डंडा लेकर घर में घुस आया और सुशील कुमार, उनकी पत्नी ललिता और बेटे राजवंश के साथ मारपीट की। छीना-झपटी के दौरान आरोपी के कपड़े और चप्पल मौके पर ही छूट गए। जाते समय उसने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि जानकारी घटना की तुरंत ही डायल 112 पर दी गई और थाना सिखेड़ा पुलिस में भी लिखित शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस शुरू में ही लापरवाही की। आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी गांव में गाड़ियों और साथियों के साथ घूमकर परिवार को गोली मारने की धमकी देता रहा। पीड़ित ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा जताया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अब आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी






# बार एसोसिएशन बुढ़ाना का चुनाव: 20 पदों के लिए 41 नामांकन पत्र खरीदे गए

## वरिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद के लिए तीन नामांकन पत्र बिके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना की नई कार्यकारिणी के चुनाव हेतु घोषणा के अनुसार सोमवार को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि 20 पद के लिए 41 नामांकन पत्र बेचे गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद हेतु 3 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। बार एसोसिएशन बुढ़ाना की कार्यकारिणी के सभी पद के लिए सोमवार को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी हरबीर सिंह और बालकिशन शर्मा ने बतलाया कि बुढ़ाना बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी में 20 पद है। इस चुनाव में दो गुट आमने सामने है। 20 पदों के लिए दोनों गुटों ने नामांकन पत्र खरीदे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद हेतु 3 नामांकन पत्र खरीदे गए। उन्होंने बताया कि आज मंगलवार को 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। इसके बाद 3 बजे से 4 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 25 मार्च को 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 3 बजे से 5 बजे के बीच कर दिया जाएगा।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए स्थानीय न्यायालय में वकालत करने की अवघ्धि का समय कम से कम 25 वर्ष है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए यह अवघ्धि 20 वर्ष है। महासचिव पद के लिए 15 वर्ष व कोषाध्यक्ष पद हेतु 10 वर्ष रखी गई है। वरिष्ठ सदस्य के पद हेतु वकालत करने की अवधि 15 वर्ष निर्धारित है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र की फीस 750 रूपये, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 400 रूपये, महासचिव पद के लिए 500 रूपये व कोषाध्यक्ष पद हेतु 300 रूपये रखी गई है। बार एसोसिएशन बुढ़ाना की कार्यकारिणी के चुनाव में दो गुटों के बीच सीधा मुकाबला होगा। पिछली कार्यकारिणी में किसी भी पद पर तैनात पदाधिकारी को नई कार्यकारिणी के चुनाव में उस पद पर चुनाव लडने का अघधिकार नही होगा। ऐसा पाए जाने पर प्रत्याशी का पर्चा निरस्त कर दिया जाएगा। निर्धारित समयावघधि न मिलने पर भी प्रत्याघ्शी का पर्चा निरस्त किया जाएगा। वहीं दूसरी और बार एसोसिएशन बुढ़ाना की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर ब्श्विास कुमार त्यागी व सुरेश पाल वर्मा के नामांकन पत्र खरीदे गए। महासचिव पद के लिए सुशील कुमार और सुभाष राठी के नामांकन पत्र खरीदे गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर दोनों गुट अभी तक कोई निर्णय नही ले पाए है। इस पद के लिए तीन नामांकन पत्र खरीदे गए है। कोषाध्यक्ष के पद पर मोहम्मद आबाद कुरैशी और ज्ञानेंद्र के बीच मुकाबला होने के आसार बताए गये हैं। कुल मिलाकर इस बार बार चुनाव बड़ा ही दिलचस्प होगा ऐसी आशा है।

# ब्लॉक बुढ़ाना के गांव परासोली में हुआ पथ संचलन कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव परासोली में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस द्वारा पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। गांव की मुख्य सड़कों से निकली इस रैली में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पथ संचलन के दौरान स्वयं सेवक गणवेश में एकसमान कदमताल करते हुए आगे बढ़े और समाज को एकता, अनुशासन व राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। ग्रामीणों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। इस आयोजन में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला सेवा प्रमुख सोमपाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसकी अध्यक्षता नेत्रपाल फौजी ने की। बुढ़ाना के प्रचारक स्वदेश, सह जिला कार्यवाह आजाद, सह खंड कार्यवाह आकाश, खंड सद्भाव प्रमुख अमित और मंडल कार्यवाहक राहुल भी उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों और समाज में समरसता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। यहां क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने लोगों को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं इसलिए सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई एपीके फाइल को डाउनलोड या ओपन न करें क्योंकि इससे मोबाइल हैक हो सकता है। इंस्पेक्टर ने लोगों से अपील की कि वे अपना ओटीपी, बैंक डिटेल या किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने जोर दिया कि उनकी थोड़ी सी लापरवाही बड़ी आर्थिक हानि का कारण भी बन सकती है, इसलिए अत्यधिक सतर्कता आवश्यक है। इस कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नारों और समाज में जागरूकता फैलाने के संकल्प के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

# बाइक के विवाद में तीन बार हुआ पथराव

## कई घायल, डेढ़ दर्जन लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के रियावली नगला गांव में एक मामूली बाइक विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। दो दिन पहले शुरू हुआ यह झगड़ा अब तक तीन बार पथराव की घटनाओं में बदल चुका है, जिसके बाद पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। विवाद की शुरुआत तब हुई जब एक बाइक की टक्कर के बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। यह मामूली झगड़ा जल्द ही बढ़ गया और बीते दिन दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जहां लाठी-डंडों और पत्थरबाजी की घटना हुई। स्थिति सोमवार सुबह और बिगड़ गई जब एक बार फिर दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। इस घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

पूरे घटनाक्रम के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें दोनों पक्षों के बीच हुई पत्थरबाजी साफ देखी जा सकती है। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि दो दिन पहले बाइक तेज चलाने को लेकर कहासुनी हुई थी जिसके बाद मारपीट हुई। उन्होंने पुष्टि की कि कल भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई और आज सुबह फिर से झड़प हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों के 16 लोगों को हिरासत में लिया। बंसल ने आगे बताया कि मुकदमा दर्ज कर सभी गिरफ्तार लोगों को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून को हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सिविल जज व जेल अधीक्षक ने किया बाल बैरिक का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** उच्च न्यायालय के निर्देशन में डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.)/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुजफ्फनगर, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड मुजफफनगर, व जेल अधीक्षक जिला कारागार मुजफ्फरनगर के साथ बाल बैरक का निरीक्षण किया गया।

उच्च न्यायालय के निर्देशन में डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.)/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुजफ्फनगर, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड मुजफफनगर, व जेल अधीक्षक जिला कारागार मुजफ्फरनगर के साथ बाल बैरक का निरीक्षण किया गया। डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर, द्वारा कैदियों से उनकी समस्याए सुनी गयी तथा अवगत कराया गया कि दोषसि) बंदियो को उच्च न्यायालय में अपील दाखिल करने मे कोई भी कानूनी समस्या होने पर अधीक्षक जिला कारागार मुजफ्फरनगर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराने अथवा आवेदन पत्र देने का कथन किया गया जिस पर कार्यवाही किये जाने की बात कही गयी। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों के मामले ई-जेल लोक अदालत / जेल लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित हो सकते है उनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें जिससे उनके मामलों का शीध्र निस्तारण हो सकें। डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर, द्वारा जिन बंदियों की जमानत याचिका अधीनस्थ न्यायालय द्वारा हो चुकी हो उन्हे विधिक सहायता प्रदान की गई।

# एसएसपी ने 350 को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु मुजफ्फरनगर को प्राप्त हुई 05 नई मोटरसाइकिलों (होंडा सीबी 350) का विधिवत फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया।

इन मोटरसाइकिलों में उच्च क्षमता वाला इंजन है, जिससे त्वरित गश्त एवं आपात स्थिति में तेजी से पहुंच संभव है। ओर वाहन में विशेष पुलिस सायरन एवं फ्लैशर लाइट लगाई गई हैं, पुलिस उपयोग हेतु विशेष स्टोरेज बॉक्स, जिसमें आवश्यक दस्तावेज, सुरक्षा उपकरण एवं प्राथमिक उपचार सामग्री रखी जा सकती है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत प्रदान की गई। इनके माध्यम से महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति अभियान तथा सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु पुलिस की प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे महिलाओं में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक अपराध मती इन्दु सिद्धार्थ, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सम्राट अशोक की जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त हिंदू महासंघ व शिव सेना के पदाधिकारियों ने आज अखंड भारत के चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया'। आज संयुक्त हिंदू महासंघ व शिव सेना के दर्जनों पदाधिकारी जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और चक्रवर्ती सम्राट अशोक के जयकारे लगाते हुए उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने व सभी कक्षाओं के पाठ्ड कर्म में उनका जीवन परिचय शामिल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।

इसके बावजूद भी इनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश न होना बड़े ही दुर्भाग्य की बात है देश के केवल बिहार राज्य में इस दिन सार्वजनिक अवकाश होता है अन्य किसी भी राज्य में न तो अवकाश घोषित है और न ही इस दिन उनकी याद में सरकार के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ज्ञापन में मांग करी गई की पूरे देश में सम्राट अशोक की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए व इस दिन सरकारी स्तर पर उनकी याद में कार्यक्रम आयोजित किए जाए व सभी कक्षाओं के पाठ्य कर्म में सम्राट अशोक को शामिल किया जाए।

सम्मन वास्ते करारवाद वाद उसूल तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 14)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बुढाना जिला मु0नगर**

वाद संख्या-71 सन 2024

धूप सिह पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम भसाना परगना व तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर ..............**वादी**

**बनाम**

1. गफ्फार पुत्र रियाज, 2. अनवर पुत्र बसीर, निवासीगण ग्राम भसाना परगना बुढाना, तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर ............**प्रतिवादीगण**

इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि हरगाह धूपसिह पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम भसाना परगना व तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर ने आपके नाम नालिस बबाबत वाद वास्ते बेदखली दायर की, मे लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 के जो माह 05 सन् 2026 ई0 को सबुह 10.30 ववक्त बजे उपस्थित होने असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूल तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ओर शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर व जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करे। अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख माह सन् 2026 ई0 जारी किया गया।

मुनसरीम रीडर

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)

बुढाना (सु0नगर)

# सूजडू चुंगी चौराहे को वंदे मातरम चौक घोषित किया जाए: दीपक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** ब्श्वि हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में 23 मार्च बलिदान दिवस के अवसर पर समस्त जिलों में वंदे मातरम चौक की स्थापना को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री आदरणीय योगी जी महाराज को जिला अधिकारी महोदय द्वारा ज्ञापन दिया जाना तय हुआ था

उसी कड़ी में आज जनपद मुजफ्फरनगर में विश्व हिंदू महासंघ ने गगन भेदी नारे लगाते हुए प्रदेश मंत्री दीपक सैनी जी,जिला प्रभारी सुबोध वर्मा जी,जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा जी के नेतृत्व में आज माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा कि आज भारत माता के लाल बलिदानी भगत सिंह सुखदेव राजगुरु के 95 वे बलिदान दिवस एवं वंदे मातरम गीत की 151 वर्ष गांठ पर जनपद के सुजुडू चुंगी चौराहे को वंदे मातरम चौक रखने की मांग करते है क्योंकि लोक सन्यासी योगी जी महाराज का भी मानना है कि वंदे मातरम केवल एक नारा ही नहीं बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है वंदे मातरम गीत ने देश के भाग्य विधाता रणबाकूरों के मन में ऐसा जोश उत्पन्न किया कि उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था महोदय अगर कोई देश विरोधी ताकत भारत के खिलाफ षडयंत्र रचने का प्रयास करेगी तो देश का प्रत्येक वीर और वीरांगनाएं वंदे मातरम गीत का उद्घोष करते हुए उनको चुनौती देने का काम करेंगे वंदे मातरम गीत नहीं देश की आत्मा है महोदय इसीलिए जनपद के अंदर वंदेमातरम चौक अति आवश्यक है उसके पश्चात सभी इकट्ठा होकर सूजडू चुंगी चौराहे पहुंचे और वहां पर बलिदानियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी

इस मौके पर सुंदरलाल उपाध्याय, पं. धर्मेंद्र मिश्रा, व्योम शर्मा, एड. आकाश वर्मा, रक्षित पाल, पूनम गोस्वामी, संगीता पाल, चिया राजपूत, कु. अनु सैनी, बृजेश कोरी, सुनील धनगर, विकासराज, कृष्ण पाल खटीक, बिट्टू बाबा, चंद्रपाल राजपूत, संदीप पाल, दीपक चौधरी, सूरज सैनी, बबीता सैनी, निशा सैनी, संजीव कश्यप, विपिन राणा, वीरेंद्र राणा, मनोज शर्मा, जितेंद्र सिँह, शीतल शर्मा, मोनिका पाल, कुसुम सैनी,श्वेता चौधरी, आशा प्रजापति, रीमा प्रजापति, सुशीला देवी, राजन धीमान, प्रदीप पाल, राहुल कुमार, सागर कुमार, कपिल कुमार, राधेश्याम सैनी, निखिल सैनी, आशु धीमान, विजय धीमान आदि उपस्थित रहे।

# ईद के मौके पर सपा नेता माजिद ने अखिलेश यादव से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईदके त्योहार पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता माजिद सिद्दीकी ने सपा के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होने अपने परिवार के साथ मिलकरईद की खुशियां बांटी। इस दौरान यहां आत्मीय वातावरण देखने को मिला। मुलाकात के दोरान अखिलेश यादव ने माजिद सिद्दीकी ओर उसके बच्चों को स्नेह और आशीर्वाद दिया ओर ईद की बधाई दी। ईद के अवसर पर उन्हे ईदी भी भेट की। सपा नेता माजिद सिद्दीकीने इस अवसर पर कहा कि सपा सुप्रीमों का स्नेह ओर अपनापन हमेशा याद रखने वाला है। इस दौरान पूरा परिवार बेहद खुश और भावुक हुआ बच्चों के चेहरे पर भी खुशी देखी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान प्रदेश के सामाजिक और राजनैतिक मुद्दों पर भी बात हुई।

**सार्वजनिक सूचना**

अपने आवास से बैंक जाते वक्त मेरा एक बैनामा जिसका बही न0 1, जिल्द नम्बर 1731/84,पेज क्रमांक 9735, पंजीकृत दिनाक 11/09/1986 वास्तव में कहीं खो गई है। तलाश करने के बाद भी नही मिला।

**आस मोहम्मद पुत्र श्री सिकन्दर**

ग्राम: सुजरू मुजफ्फरनगर

# एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज एस. डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर के सेल एवं इन्फोटेनमेंट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का विषय था उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल नौकरी की ओर ही नहीं, बल्कि स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में भी आगे बढ़ना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि उद्यमिता आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी क्षमताओं को पहचानें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपना व्यवसाय शुरू करने का साहस करें। उन्होंने यह भी बताया कि डैडम सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसमें अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक हिमांशु गोयल रहे, जिन्होंने इस विषय पर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने पावरपॉइंट प्रस्तुति (पपीटी) के माध्यम से (एमएसएमई) से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, और अन्य सहायता योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे वे इन योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण, और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

हिमांशु गोयल ने अपने प्रस्तुतीकरण में यह भी समझाया कि छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को शुरू करने के लिए किन-किन प्रक्रियाओं का पालन करना होता है, किस प्रकार बिजनेस प्लान तैयार किया जाता है, और किस तरह बाजार में प्रतिस्पर्धा का सामना किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करके व्यवसाय को कैसे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई और विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस संवादात्मक सत्र ने कार्यक्रम को और भी प्रभावी बना दिया।

**खोया-पाया सूचना**

मेरी हाईस्कूल का अनुक्रमांक 0578228 इंटरमीडिएट का अनुक्रमांक 0430585 व बीएससी का अनुक्रमांक 180069020131 मुख्य/पूरक प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। इसे मैने किसी को नहीं दिया और न ही कहीं जमा किया गया है।

**मधु बाला पुत्री श्री विजय पाल**
**निवासी-ग्राम जौहरा,**
**तहसील खतौली,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण सं. 1753/16.02.2013 में गलती से पिता का नाम धीरज पालीवाल अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम धीरज कुमार पालीवाल है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**धीरज कुमार पालीवाल**
**630/2 पटेलनगर,**
**नई मंडी, मुजफ्फरनगर**

**कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर।**

पत्रांक:-1739/न0पं0बु0/2025-26 दिनांक 20.03.2026

**खुली नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बुढाना मुजफ्फरनगर अपने स्वामित्व की निर्मित/अन्य व्यावसायिक दुकानों को प्रीमियम धनराशि पर खुली नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से किराये पर आवंटित किये जाने हेतु निम्नवत् तिथि में खुली नीलामी आमंत्रित करती है। जो भी व्यक्ति उक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हों वह निर्धारित तिथि को कार्यालय नगर पंचायत बुढाना में उपस्थित होकर निर्धारित जमानत धनराशि का 50 प्रतिशत पंचायत कोप में आर.टी.जी.एस./डी.डी./ नकद के माध्यम से जमा कर बोली में प्रतिभाग कर सकते है। बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। इच्छुक व्यक्ति नीलाम शरायत का अवलोकन किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते है। नीलामी हेतु दुकानों का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | नीलामी हेतु दुकान/छत का विवरण/संख्या | दुकान की औसत माप (ल.x चौ. फुट में) | प्रति दुकान की प्रीमियम धनराशि | प्रति दुकान का निर्धारित किराया | नीलामी हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 16 मौहल्ला मिर्दगान में सब्जी मण्डी में बनी दुकानों के प्रथम तल पर बनी दुकान संख्या 2, 7 व 8। | 13x10 | 5 लाख | 1500 | 28.03.2026 अपरान्ह 12.00 बजे |
| 2 | वार्ड नं0 1 योगपुरा बस स्टैण्ड के पीछे बनी दुकान संख्या 2 व 11। | 10x16 | 50 हजार | 600 | |
| 3 | नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बनी दुकान की छत संख्या 33। | 10x12 | 1 लाख | 1500 | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बुढ़ाना**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बुढ़ाना**

# अमर स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहीद भगत सिंह दिवस पर विद्यालय गोल्डन हार्ट एकेडमी पब्लिक स्कूल पुरबालियान (मुजफ्फरनगर) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नाटकीय रूपांतरण कर उन अमर स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाई जिनकी बदौलत आज हम आजाद भारत में खुली सांस ले रहे हैं।

विद्यालय द्वारा आज के पावन दिवस पर 'नारी शक्ति सम्मान पुरस्कार समारोह' का आयोजन किया गया। और ग्राम पुरबालियान की सभी मातृशक्ति आंगनबाड़ी सहायिका कार्यकृति आशा एनएम स्वयं सहायता समूह और अपने परिवार का स्वयं पालन करने वाली स्वावलंबी नारी सुदृढ़ समाज को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया। जिसमें मुख्य अतिथि मति प्रभा दहिया, स्काउट गाइड कमिश्नर और सत्यकेतु जी सामाजिक कार्यकर्ता इंदु राठी एनजीओ संचालक विशिष्ट अतिथि दीपा त्यागी सह संयोजक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नारी शक्ति मोर्चा ममता पव सुरेन्द्र शर्मा समाज सेवी प्रहलाद राठी डाव बिजेंद्र कुमार सुरेश शास्त्री माव चंद्रपाल शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

गांव में पहली बार स्त्री जाति के लिए विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की बहुत बहुत प्रशंसा की और सभी को गांव समाज के विकास और उत्थान के लिए प्रेरित किया। विद्यालय समिति अध्यक्षा मति गीता शर्मा के इस संयोजन को खूब सराहा। प्रबंधक शशिकान्त शर्मा जी की इस अनूठी पहल को सबने उनके बुजुर्गों के शुभ आशीर्वाद को श्रेय दिया। और बड़े हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

**सूचना**

मैं वीरसिंह मेरा पुत्र निखिल बालियान व उसकी पत्नी पूनम शर्मा मेरे कहने सुनने मे नही है और मेरे साथ मारपीट और गाली गलौच करते है जिससे मुझे अपनी जान माल का खतरा बना है इस लिए मे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ इनके द्वारा किसी लेन देन या आपराधि कृत्य का वे स्वयं जिम्मेदार होंगे इसमें मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी

**वीरसिंह पुत्र करणसिंह,**
**निवासी ग्राम मीरापुर, थाना शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर**
**हाल निवासी ग्राम खांजापुर,**
**बुढ़ाना मोड,**
**थाना कोतवाली नगर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# आधुनिक चीता मोबाइल से और तेज होगी पुलिस की रफ्तार

**खतौली कोतवाली को मिली नई हाईटेक बाइक**

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली में सोमवार को उस समय खासा उत्साह देखने को मिला, जब जिला मुख्यालय से आधुनिक सुविधाओं से लैस नई 'चीता मोबाइल' बाइक कोतवाली पहुंची। इस हाईटेक बाइक के शामिल होने से पुलिस की गश्त व्यवस्था और अपराध नियंत्रण क्षमता में और मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है। कोतवाली में पहले से पांच चीता मोबाइल बाइक तैनात हैं, लेकिन नई बाइक तकनीक और प्रदर्शन के लिहाज से ज्यादा उन्नत बताई जा रही है।

पूर्व में इस्तेमाल की जा रही अपाचे कंपनी की बाइकों की तुलना में यह नई होंडा बाइक बेहतर स्पीड, नियंत्रण और आधुनिक फीचर्स से लैस है, जिससे पुलिस को त्वरित कार्रवाई में सहायता मिलेगी। नई बाइक के आगमन पर पुलिसकर्मियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल ने स्वयं हेलमेट पहनकर बाइक की सवारी की और शहर में गश्त पर निकल पड़े। गश्त के दौरान उन्होंने बाइक में लगे माइक सिस्टम के जरिए विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए।




इस दौरान पुलिसकर्मियों में नई चीता मोबाइल के साथ फोटो खिंचवाने को लेकर भी उत्सुकता देखी गई। अधिकारियों का मानना है कि इस हाईटेक बाइक के शामिल होने से पुलिस की प्रतिक्रिया समय में कमी आएगी और अपराधियों पर शिकंजा और कस सकेगा।

## सीएचसी पर एचपीवी टीका किया गया लॉन्च

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना पर एचपीवी टीके को लांच किया गया। यह यह टीका सर्वाइकल कैंसर से किशोरियों की सुरक्षा करेगा। ये टीका 14 साल की बालिका को लगाया जाता है। इसका उद्घाटन भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चौयरमेन विनोद सैनी ने कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान उद्घाटन अवसर पर यहां मुख्य रूप से बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, ठाकुर मोनू सिंह कुरथल भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना के मंडल अध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रणव तेवतिया के द्वारा इस टीके के कई लाभों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया। इस दौरान यहां पर स्वास्थ्यकर्मियों में अभिषेक कुमार, शशांक त्यागी और हरविंदर सिंह की भी उपस्थिति देखने को मिली।

# खतौली तहसील में समाधान दिवस: आई कम शिकायतें

**शाह टाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** तहसील खतौली में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आया। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा ने खुद मौजूद रहकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर शिकायत का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

हालांकि इस बार जनसुनवाई में फरियादियों की संख्या ज्यादा नहीं रही, लेकिन जो भी लोग पहुंचे उन्होंने अपनी समस्याएं सीधे जिले के शीर्ष अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने भी हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से मौके पर ही जवाब मांगा। समाधान दिवस में कुल 26 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 3 का निस्तारण तुरंत कर दिया गया। बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए तय समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने साफ किया कि लंबित मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों में सबसे ज्यादा मामले जमीन और राजस्व से जुड़े रहे। इसके अलावा पुलिस, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण योजनाओं से संबंधित समस्याएं भी सामने आईं। कई लोगों ने बिजली बिलों में गड़बड़ी, सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने और पुलिस कार्रवाई में देरी की शिकायत की। उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत की जमीनी हकीकत जांची जाए और उसी आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही शासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। वहीं एसएसपी संजय वर्मा ने पुलिस से जुड़े मामलों में तेजी लाने और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी विभागों को लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करने और अगली समाधान दिवस बैठक तक अधिकतम मामलों के निस्तारण के आदेश दिए। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।



# वारली कला की रंगत में सजे युवा सपने

**खतौली।** कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय, खतौली के चित्रकला विभाग में आयोजित एक दिवसीय 'वारली पेंटिंग' कार्यशाला ने विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता को नई दिशा दी। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को भारतीय लोक कला की पारंपरिक वारली शैली से जोड़ना और उनके बौद्धिक व प्रायोगिक कौशल को विकसित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. सारिका शर्मा (चौ. हरबंश सिंह कन्या डिग्री कॉलेज) ने वारली कला की विशेषताओं, उसकी तकनीकों और बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को पारंपरिक कला के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या एवं चित्रकला विभागाध्यक्ष प्रो. नीतू वशिष्ठ ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ भारतीय लोक कलाओं के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संयोजिका मती प्रीति धीमान और कु. प्राची धारीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने वारली पेंटिंग का अभ्यास करते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. विपिन कुमार बंसल, डॉ. विशु, डॉ. पारुल शर्मा, विकास जैन, निखिल चौहान और रजत गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने भी कार्यशाला की सराहना की। कार्यक्रम में स्नातक व परास्नातक के अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें शगुन, अक्षी, तनु, प्रीति सैनी और अर्पण ने विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभाते हुए उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोपा।** गांव किशनपुर में किरयाना की दुकान पर सामान लेने गए युवक और उसके भतीजे के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी समीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की दोपहर उसका भाई खुशनसीब और भतीजा सुहेल गांव स्थित किरयाना स्टोर पर सामान लेने जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही शाहिद, नाहिद, जाहिद, आबिद और सैफूल ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे खुशनसीब और सुहेल गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को बचाया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपी शाहिद, नाहिद, ज़ाहिद, आबिद व सैफुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### साहस त्याग व देशभक्ति युवाओं के लिए प्रेरणा

**तितावी।** बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह युवा संगठन लालू खेड़ी द्वारा क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज अलीपुर खेड़ी प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित कर बलिदान दिवस के अवसर पर बलिदानी भगत सिंह को याद करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोमवार को बलिदान दिवस के अवसर पर किसान इंटर कॉलेज अलीपुर खेड़ी के परिसर में भगत सिंह पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में शहीद भगत सिंह युवा संगठन के कार्यकर्ताओ व युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुभारम्भ बलिदानी शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित वक्ता व संगठन के अध्यक्ष सुमित कुमार ने उनके जीवन और बलिदान पर प्रकाश डाला,उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए कम उम्र में ही अपने प्राण न्यौछावर कर दिए और आज भी उनका साहस, देशभक्ति और त्याग युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। युवा संगठन के सदस्य दीपक निर्वाल ने कहा कि हमें शहीद भगत सिंह के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और समाज व देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने और देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन के कई कार्यकर्ता नौशाद अली, अनुज विश्वकर्मा, गौरव जांगिड़, के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तमंचे के साथ फोटो वायरल करने का आरोपी दबोचा

**तितावी।** तितावी पुलिस ने इंटरनेट पर अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल कर हवाबाजी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी पवन चौधरी ने बताया कि आरोपित वहाब पुत्र आरिफ निवासी छतेला ने इंटरनेट पर तमंचे के साथ अपनी फोटो प्रसारित कर क्षेत्र में दबदबा बनाने की कोशिश की थी मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे पशु चिकित्सालय जसोई के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद कर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### संपूर्ण समाधान दिवस में आई कुल 17 शिकायत

**बुढ़ाना।** संपूर्ण समाधान दिवस में सोमवार के दिन उप जिला अधिकारी बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा और बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। यहां पर लगभग सभी विभागों की कुल 17 घ्ही शिकायतें आई। जिनमें से कुल पांच शिकायतों का दोनों ही अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण किया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती शनिवार के दिन ईद उल फितर का त्यौहार हो जाने के कारण सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाघधिकारी बुढाना कृष्णकांत विश्वकर्मा और बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने संयुक्त रूप से तहसील दिवस में आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जिनमें सभी विभाग की लगभग 17 शिकायतें ही आ पाई। जिनमें से कुल पांच घशिकायतों का ही मौके पर दोनों अधिकारियों के द्वारा सफल निस्तारण किया गया। ये सभी शिकायतेन संबंघधित विभाग के सभी अघधिकारियों को भेज दी गई। उधर उप जिला अधिकारी बुढ़ाना ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को बाकी बची हुई एक दर्जन शिकायतों के शीघ्र और निष्पक्ष निस्तारण के भी निर्देश दिए हैं।

### एसडीएम से की मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में विगत दिवस रंग पुताई का काम करने वाले एक मजदूर ने अब तक भी अपनी मजदूरी के 18 हजार 700 रुपये नही मिलने पर सोमवार के दिन एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा से एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से शिकायत की है। आरोप लगा है कि वह 16 महीनों से भुगतान के लिए अघधिकारियों के चक्कर काट रहा है लेकिन संबंधित अधिकारी उसकी बात को अनसुना कर उसको चक्कर कटवाकर परेशान कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रंग पुताई का कार्य करने वाले बुढ़ाना कस्बे के निवासी युवक रो. हतास कुमार ने सोमवार के दिन बुढ़ाना उप जिलाघधिकारी कृष्णकांत विश्वकर्मा को घ्एक शिकायती पत्र देते हुए बतलाया कि करीब 16 माह पहले बुढ़ाना कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर तैनात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अर्जुन सिंह ने उससे केंद्र की रंग पुताई का कार्य करवाया था। सामग्री भी वह स्वयं ही खरीदकर लाया था। काम पूरा होने के बाद 18,700 रुपये का भुगतान बकाया रह गया। इसी दौरान डॉक्टर अर्जुन सिंह का तबादला हो गया। उन्होंने नए डॉक्टर प्रणव तेवतिया से भुगतान करने को कहा। भुगतान के नाम पर उसे केवल आश्वासन मिल रहा है। मजदूर ने उप जिलाघधिकारी को शिकायती पत्र देकर मजदूरी दिलवाने की मांग की। उप जिला अधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात करने के बाद उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

### न्यायिक कार्य से विरत रहे समस्त अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के वाघर्षिक चुनाव की प्रक्रिया चलते रहने के कारण सोमवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहे। मिली जानकारी के अनुसार बार एसोघसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी ने सोमवार के दिन एक भेंट में बतलाया कि नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए सोमवार के दिन नामांकन पत्रों की बिक्री के कारण नो वर्क की घोषणा हुई है। आज मंगलवार के दिन चुनावघ लड़ने वाले अधिवक्ताओं के नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। जिसके कारण कार्यकारिणी की मीटिंग में न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया गया। यह सूचना सभी न्यायालयों को भी भेजी गयी हैं।

# लोहिया जयंती पर सपाइयों ने लिया सामाजिक न्याय का संकल्प



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को समाजवादी विचारक एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राम मनोहर लोहिया की 116वीं जयंती सादगीपूर्ण ढंग से मनाई। बुढ़ाना रोड स्थित काजी हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें वक्ताओं ने डॉ. लोहिया के विचारों और सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आज के समय में भी प्रासंगिक बताया। जिला उपाध्यक्ष पंकज सैनी ने कहा कि डॉ. लोहिया हमेशा शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों की आवाज बने रहे। उनका संपूर्ण जीवन सामाजिक समानता और न्याय की स्थापना के लिए समर्पित रहा। युवा सपा नेता अभिषेक गोयल एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. लोहिया ने आजाद भारत में सत्ता से सवाल पूछने की परंपरा को मजबूत किया और आम जनता को जागरूक करने का काम किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को अपनाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हाजी यूसुफ, पूर्व नगर अध्यक्ष इरशाद जाट, काजी अदिल अहमद, देवेंद्र कुमार, पूर्व सभासद शाहिद पप्पू, आस मोहम्मद, एतेशाम, आफाक पठान, रिजवान, वली मंसूरी, कैस काजी, शादाब कुरैशी और जावेद पठान समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 49वें राम जन्मोत्सव पर भजन संध्या में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** होली चौक स्थित राम मंदिर में 49वें राम जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा की गूंज सुनाई दी, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भजनों की धुन पर झूम उठे।

कार्यक्रम की शुरुआत 19 मार्च से रामायण पाठ के साथ हुई, जिसका आयोजन अंकित अरोरा एवं संजय अरोरा परिवार द्वारा कराया गया। इस दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने यजमान बनकर मां की पावन चौकी में भाग लिया और धार्मिक अनुष्ठानों में अपनी आस्था प्रकट की।

भजन संध्या के दिन मंदिर प्रधान अनिल मेहता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन दीपक रहेजा ने किया, जबकि गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। बरेली से आई प्रसिद्ध यूटड्यूब भजन गायिका अपर्णा मिश्रा और अनंत मिश्रा ने अपने मधुर भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन नजर आए।



मंदिर समिति के सचिव नारंग परिवार ने जानकारी दी कि 24 मार्च को रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 26 मार्च को दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर के अनेक गणमान्य लोगों और श्रद्धालुओं का सहयोग रहा। साथ ही राम मंदिर महिला संकीर्तन मंडल और युवा कमेटी का योगदान भी सराहनीय रहा। अंत में मंदिर समिति ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विश्व हिन्दू महासंघ में चन्दर पाल राजपूत जिला सचिव बने

**खतौली।** नगर के जाने-माने समाजसेवी चन्दर पाल राजपूत को विश्व हिन्दू महासंघ, जनपद मुजफ्फरनगर का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। समर्थकों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। चन्दर पाल राजपूत लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और विभिन्न जनहित कार्यों में अपनी भागीदारी निभाते आए हैं। संगठन ने उनके अनुभव, समर्पण और कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह अहम दायित्व सौंपा है। इस मौके पर वक्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विश्व हिन्दू महासंघ को नई गति और मजबूती मिलेगी। साथ ही संगठनात्मक स्तर पर जिले में कार्यों का विस्तार और प्रभाव और अधिक बढ़ेगा। स्थानीय लोगों ने उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे समाज और संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

## नया बास, गौशाला में नववर्ष पर हुआ कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी हनुमान नगर में हिंदू नववर्ष पर मोहल्ला न्याबास, गौशाला, न्याजुपुरा, पंचमुखी, प्रेमपुरी, अबूपूरा, रामपुरी, उत्तरी रामपुरी, ग्राम- श्यामपुर(शाहबुद्दीनपुर), रुकनपुर मे कार्यक्रम संपन्न हुए एवं रामलीला टीला पर निकला पथ संचलन' हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा पर आज हनुमान नगर में 11 स्थानों पर कार्यक्रम हुए जिसमे 1 संचलन व 10 जगह एकत्रिकरण हुए। पथ संचलन से पहले ब्रिजेश का बौद्धिक रहा।

जिसमे उन्होंने हिंदू नववर्ष के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होंने पंचपरिवर्तन, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य से समाज को मजबूत बनाने व समाज मे परिवर्तन की बात कही।रामपुरी एकत्रीकरण कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए आशीष (जिला बौद्धिक प्रमुख, लक्ष्मीनगर) एवं उनके दाई ओर पाल (नगर संघचालक हनुमान नगर)।

# गांव हुसैनपुर कलां में लगी शिक्षा की चौपाल

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर कलां में शासन के आदेश के अनुपालन में निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति तथा जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षा चौपाल का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के नेतृत्व में किया गया। आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक चला। शिक्षा चौपाल में ग्राम पंचायत हुसैनपुर कलां की ग्राम प्रधान आयशा खान, ग्राम पंचायत अधिकारी विकास कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मती किरण यादव, मुजफ्फरनगर शहर से एसआरजी विनीत कुमार, ब्लॉक बुढ़ाना के समस्त एआरपी, न्याय पंचायत हुसैनपुर कलां के समस्त संकुल शिक्षक सत्र 2025- 26 में न्याय पंचायत हुसैनपुर कलां के निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सर्वाधिक उपस्थित वाले छात्र छात्राएं अधिकतम नामांकन वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षा चौपाल में सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चों को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक, एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद प्रवेज खान, उपाध्यक्ष मती कमरजहां और अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। आयोजन में शिक्षा चौपाल का आयोजन शासन द्वारा भेजे गए एजेंट के अनुसार ही किया गया। यहां पर सभी अभिभावकों से शिक्षा चौपाल के उद्देश्यों को साझा किया गया। प्रोग्राम की समाप्ति पर उपस्थित अभिभावकों को सूक्ष्म जलपान कराया गया और फिर इसी प्रकार से सफलतापूर्वक प्रोग्राम का समापन हुआ।





# भोकरहेड़ी में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शहीद दिवस के अवसर पर कस्बा भोकरहेड़ी में महान स्वतन्त्रता सेनानी सरदार भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ में आहुति दी गयी।भगत सिंह, राजगुरु,सुखदेव की शहादत पर प्रकाश डाला गया तथा श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला कुंवापटी में अमृत सरोवर किनारे स्थित मुख्य चौक पर सोमवार को शहीद दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन हवन यज्ञ में आहुति देकर किया गया।

जिसके उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व कस्बे की चेयरपर्सन सरला देवी वामन द्वारा सरदार भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया।जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि प्रत्येक घर मे शहीद भगत सिंह का चित्र होना चाहिये जिससे प्रत्येक को देश भक्ति की प्रेरणा मिले और राष्ट्र भक्ति की भावना लगातार विकसित हो,किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बृजवीर सिंह ने कहा कि इस चौक का नाम अब शहीद भगत सिंह होगा। 25 वर्षो से वह इस कार्यक्रम को घर पर आयोजित कर रहे थे। अब इस स्थान को प्रेरणास्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। चौधरी रामपाल सिंह ने कहा कि कस्बे के नागरिकों का आज़ादी के आंदोलन में बड़ा योगदान रहा है।



सरदार भगतससिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान से आज हम सब आजादी से जी रहे हैं। शहीदों का सम्मान सर्वोपरि है। राजेश सहरावत, सचिन वामन ने अपने सम्बोधन में क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेने पर बल दिया।

इस अवसर पर चेयरमैन पति रमेश वामन, बाबा ओमवीर सिंह,डॉ. करणवीर सिंह, बिजेन्द्र लंबरदार, वेदवीर सिंह, मनोज कुमार, ललित कुमार, सभासद राहुल गर्ग, रामबीर सिंह, रामकुमार शर्मा, उत्तम पंवार, अनुज गोयल, सुनील शर्मा, नवीन नेता, प्रवीण कुमार, काजी मौ. अफ़ज़ल, कँवरपाल सिंह, डॉ.मुकेश कुमार, यशवीर सहरावत, मोनी लम्बरदार, मण्डल अध्यक्ष अरुणपाल, संजीव शील, डॉ. अनिल कुमार,जयवीर सिंह, रवि आर्य, अंकुर सहरावत, अकरम मलिक, मसरूर राव आदि उपस्थित रहे। हवन यज्ञ पण्डित रमेन्द्र शर्मा, पंकज शर्मा ने सम्पन्न कराया।

# खेल एकेडमी में महान शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**मोरना।** शहीद दिवस पर शुकतीर्थ में स्थित भगतसिंह खेल एकेडमी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को श्रद्धांजलि देकर नमन किया गया है। शुकतीर्थ स्थित शहीद भगत सिंह खेल एकेडमी में शहीद दिवस के पावन अवसर पर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय मन्त्री अमित राठी ने कहा कि देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमने वाले इन महान क्रांतिकारियों का बलिदान सदैव राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। शहीदों के सम्मान में शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा। जैसे देशभक्ति नारों के साथ वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मदन पाल, विनोद शर्मा सहित क्षेत्र के कई खिलाड़ी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में शहीदों के बताए मार्ग पर चलने और देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शहीदी दिवस पर निकाली गई पदयात्रा, शपथ ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत शामली तथा विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में युवा क्रांतिकारियों का योगदान एवं भूमिका विषय पर संगोष्ठी, पदयात्रा एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. योगेंद्र पाल सिंह, डॉ. राम कुमार, जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डॉली एवं अन्य अतिथियों द्वारा शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी ने महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश और समाज के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वहीं जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने कहा कि शहीदों का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे अपने कर्तव्यों को समझें और देश के प्रति समर्पित भाव से कार्य करें। उन्होंने कहा कि 23 मार्च केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक संकल्प है, जो हमें राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. योगेंद्र पाल सिंह एवं डॉ. राकेश कुमार ने काकोरी कांड और असेंबली बम प्रकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. राम कुमार ने स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों ने हमेरा भारत, मेरा उत्तरदायित्वह शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर देश सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता पदयात्रा भी निकाली गई, जो महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए पुलिस कोतवाली कैराना तक गई और पुनः महाविद्यालय प्रशासनिक भवन पर आकर समाप्त हुई। पदयात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहा, जिसमें पुलिस उपनिरीक्षक सुश्री शिल्पी चौधरी, चंद्रशेखर एवं आरक्षी प्रिंस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के स्वयंसेवकों वंश कुमार, रोहन कुमार, आंचल, खुशी, अर्पण, समीर, रूपेश और अयान आदि मौजूद रहे।

## बेटी की शादी से पहले गैस सिलेंडर के लिए दर-दर भटक रहा पिता

### पिता की गुहार पर प्रशासन ने भी खड़े किए हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बेटी की शादी की तैयारियों के बीच एक पिता को गैस सिलेंडर की व्यवस्था न हो पाने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह गुहार लगाने के बाद भी समाधान न मिलने पर वह तहसील पहुंचा, लेकिन प्रशासन ने भी असमर्थता जता दी।

नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी सईद पुत्र फते मोहम्मद की बेटी की शादी 27 मार्च को तय है। बारात कांधला कस्बे से आनी है। शादी समारोह में मेहमानों के लिए भोजन बनाने के लिए सईद को कम से कम चार गैस सिलेंडरों की आवश्यकता है, जबकि उनके पास केवल एक ही गैस कनेक्शन है। पीड़ित का आरोप है कि अतिरिक्त सिलेंडरों की व्यवस्था के लिए उन्होंने स्थानीय गैस एजेंसी के कई चक्कर लगाए, लेकिन वहां से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। मजबूर होकर सोमवार को वह तहसील पहुंचे और एसडीएम निधि भारद्वाज को प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई।

हालांकि एसडीएम ने इस मामले में प्रशासन की सीमाएं बताते हुए सहायता करने में असमर्थता जता दी। उनका कहना था कि यह मामला निजी गैस कंपनियों से जुड़ा है, जिसमें प्रशासन सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकता। प्रशासन से भी राहत न मिलने पर सईद और उनका परिवार चिंतित है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गैस सिलेंडरों की व्यवस्था नहीं हो पाई तो शादी में भोजन बनवाना मुश्किल हो जाएगा। उधर, मोहल्ले के लोग भी इस मामले को लेकर चिंता जता रहे हैं और संबंधित एजेंसी से मदद की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि शादी का कार्यक्रम बिना किसी बाधा के संपंन हो सके। लेकिन कोई हल नजर नही आ रहा है।

# ऑपरेशन क्लीन अभियान में 205 मुकदमों में बरामद 3203 लीटर अवैध शराब पर चला बुल्डोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में बरामद 3203 लीटर अवैध शराब का विनिष्टीकरण कराया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न कराई गई।

पुलिस के अनुसार आबकारी अधिनियम से संबंधित कुल 205 अभियोगों में जब्त शराब को नष्ट किया गया। इनमें वर्ष 2025 के 66 मामले, वर्ष 2019 से 2024 तक के 64 मामले तथा वर्ष 2021 से 2023 तक के 75मामलों में बरामद माल शामिल था। यह पूरी कार्रवाई माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट तथा अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय) के आदेशों के अनुपालन में की गई।




विनिष्टीकरण की कार्यवाही जिला मजिस्ट्रेट शामली के आदेशों एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीम द्वारा कराई गई। चौकी तीतरवाड़ा क्षेत्र में खाली स्थान पर जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर नियमानुसार समस्त शराब को नष्ट किया गया। पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई।

नष्ट की गई शराब में 660 लीटर अंग्रेजी शराब, 655 लीटर देशी शराब, 1070 लीटर कच्ची शराब और 818 लीटर अपमिश्रित (रेक्टीफाइड) शराब शामिल है। इस प्रकार कुल 3203 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी कैराना के निर्देशन में नायब तहसीलदार,क्षेत्राधिकारी, अभियोजन अधिकारी, आबकारी निरीक्षक, न्यायालय स्टाफ तथा थाना कैराना पुलिस बल मौजूद रहा।

# भारत मुक्ति मोर्चा ने केन्द्र सरकार के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति और केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने सरकार से सामाजिक न्याय से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

ज्ञापन में मुख्य रूप से जाति आधारित जनगणना का मुद्दा उठाया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार ने कैबिनेट स्तर पर ओबीसी वर्ग की जाति आधारित जनगणना कराने का निर्णय लिया था, लेकिन जारी किए गए जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी जातियों के लिए कोई अलग क ॉलम शामिल नहीं किया गया। इसे उन्होंने ओबीसी समाज के साथ धोखाधड़ी करार देते हुए मांग की कि आगामी राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए अलग से जाति कॉलम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए, ताकि उनकी वास्तविक जनसंख्या और सामाजिक स्थिति का सही आकलन हो सके। इसके अलावा, ज्ञापन में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हितों की रक्षा के लिए सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन लागू करने की मांग की गई। संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि वर्तमान में बनाए गए नियम कमजोर हैं और न्यायालय में इन वर्गों के पक्ष में प्रभावी पैरवी न होने के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। शिक्षा से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2011 से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्राता परीक्षा (टीईटी) से छूट दी जानी चाहिए, जिससे लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों को राहत मिल सके। यह मांग शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण बताते हुए जल्द निर्णय लेने की अपील की गई। संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को भारत बंद का आहवान किया गया है, जिसके माध्यम से सरकार का ध्यान इन मुद्दों की ओर आकर्षित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और अधिक तेज और व्यापक किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार, मंडल प्रभारी शिवक.ेश बोध, वरुण गौतम, तरुण गौतम, तरूणा गौतम, करूणा गौतम आदि मौजूद रहे।




# ईद की नमाज से पहले रास्ता बंद करने को लेकर की शिकायत

- जामा मस्जिद में प्रवेश रोकने पर समाधान दिवस में की शिकायत।
- मुस्लिम समुदाय ने प्रशासनिक व्यवस्था पर जताई नाराजगी, जांच कर कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ईद-उल-फितर के अवसर पर नमाज अदा करने जा रहे लोगों को रास्ते में रोकने और मस्जिद में प्रवेश से मना करने के आरोप को लेकर मुस्लिम समुदाय ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। इस संबंध में सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि 21 मार्च को क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे उत्साह और श्र)ा के साथ मनाया जा रहा था। सुबह करीब 7रू30 बजे कैराना ईदगाह में नमाज अदा की जानी थी, जिसके लिए बड़ी संख्या में लोग शांतिपूर्ण ढंग से ईदगाह की ओर जा रहे थे। आरोप है कि सुबह करीब 7 बजे के बाद इमामगेट चौराहे पर प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर मार्ग बंद कर दिया गया, जिसके कारण कई नमाजियों को ईदगाह तक पहुंचने में परेशानी हुई और कुछ लोग समय पर नमाज में शामिल नहीं हो सके। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जामा मस्जिद के मुख्य द्वार पर तैनात प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने कुछ लोगों को मस्जिद में प्रवेश करने से रोक दिया। समुदाय के लोगों का कहना है कि ईदगाह परिसर में पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने के बावजूद इस तरह की रोक-टोक उचित नहीं थी। मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि वे हमेशा अपने त्योहार शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाते आए हैं। ऐसे में इस प्रकार की कार्रवाई से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सौहार्द पर भी असर पड़ सकता है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि देश में सभी नागरिकों को अपने धर्म के अनुसार इबादत और त्योहार मनाने की स्वतंत्रता है, इसलिए भविष्य में इस तरह की स्थिति न बने इसके लिए प्रशासन को संवेदनशील व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। यह शिकायत जामा मस्जिद के इमाम हजरत मौलाना ताहिर हसन सहित मुस्लिम समुदाय की ओर से दी गई है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है। वहीं, इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।



## हूटर और बीजेपी झंडे के सहारे रौब दिखाना पड़ा महंगा, स्विफ्ट कार की सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अवैध रूप से वाहन पर हूटर और राजनीतिक दल का झंडा लगाकर रौब झाड़ना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए उसकी कार को सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम गंदराउ तिराहे पर पुलिस द्वारा नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार में सवार युवक हूटर बजाते हुए पहुंचा, जिसे पुलिस टीम ने रोक लिया। जांच के दौरान वाहन पर भारतीय जनता पार्टी द्वबीजेपीत्र का झंडा लगा पाया गया। चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार त्यागी ने जब वाहन की जांच की, तो उसमें अवैध रूप से हूटर लगाए जाने और राजनीतिक झंडे के दुरुपयोग की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार को सीज कर दिया ।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यातायात नियमों का उल्लंघन और सरकारी अथवा राजनीतिक प्रतीकों का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## यातायात नियमों की जागरूकता को चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस प्रशासन की ओर से फव्वारा चौक, विजय चौक और एसटी तिराहे पर सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों की सघन जांच की। बिना हेलमेट सवार, बिना लाइसेंस और वाहन दस्तावेजों के अभाव में चल रहे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही यातायात बाधित करने वाले वाहन भी नियमों के अनुसार नियंत्रित किए गए। अभियान में पुलिस अधिकारियों ने ड्राइविंग नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आम जनता को सलाह भी दी। पुलिस ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि सड़क सुरक्षा और कानून का पालन सुनिश्चित किया जा सके। अभियान में थाना प्रभारी, ट्रैफिक पुलिस टीम और नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे और उन्होंने शहर के प्रमुख चौकों पर यातायात नियंत्रण के साथ वाहनों की जांच में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# पैतृक संपति को किराए पर देने का आरोप

### एसपी से कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे के बाद विवाद के बीच दुकान को किराये पर देने का आरोप लगाते हुए एक पक्ष ने एसपी को जांच व कार्यवाही की मांग की है। आरोप है कि सम्पत्ति विवाद का मामला कोर्ट मे विचाराधीन है,इसके बाद भी दुकान को बार बार किराये पर चढाया जा रहा है।

चौसाना में दो पक्षो के बीच मे सम्पत्ति को लेकर विवाद करीब दो वर्षो से चला आ रहा है। एक पक्ष पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे के बाद से ही कब्जा किए हुए है। वही दूसरे पक्ष ने सम्पत्ति पर अपना हक जाहिर करते हुए सिविल कोर्ट मे मामले की सुनवाई की मांग की हुई है। दोनो पक्ष कोर्ट मे मामले मे अपना अपना पक्ष रखे हुए है। इस बीच द्वितीय पक्ष ने एक दुकान को किराये पर दे दिया। जिसका प्रथम पक्ष ने विरोध किया और पुलिस को प्रार्थना पक्ष देकर दुकान खाली कराने की मांग की। पुलिस ने दोनो पक्षो को बुलाकर 15 दिनो मे दुकान खाली कराने की सहमति करा दी। लेकिन इसके बाद भी दुकान खाली नही हुई। जिस पर आपत्ति करते हुए प्रथम पक्ष ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

## ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत, प्राथमिकी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे पर हुए 12 मार्च की रात हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मानपुर कदीम थाना गंगोह निवासी मुकुल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 मार्च की रात उसके पिता सचिन मोटरसाइकिल से अपने गांव से ससुराल ग्राम गढ़ी कांगरान जनपद बागपत जा रहे थे। जब वह करनाल मेरठ हाईवे पर गुरुद्वारे के पास पहुंचे तभी एक ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे मोटरसाइकिल ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सिल्वर क्रॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान 21 मार्च को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शिव मंदिर में हुआ मां भवगती जागरण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव हथछोया स्थित प्राचीन शिव मंदिर में नवरात्र के पावन अवसर पर रविवार की रात वार्षिक विशाल मां भगवती जागरण एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप एवं जिला उपाध्यक्ष अभय तोमर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके बाद जागरण का विधिवत आरंभ हुआ, जिसमें आमंत्रित भजन गायकों ने मां भगवती के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। पूरी रात मंदिर परिसर भक्तिमय संगीत और जयकारों से गूंजता रहा। भजन संध्या में प्रस्तुत किए गए भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण विभिन्न धार्मिक झांकियां रहीं। महाकाली, भगवान भोलेनाथ, ख्रष्ण-सुदामा और हनुमान जी की आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।

इन झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने इनकी सराहना की। झांकियों के माध्यम से धार्मिक कथाओं और आस्था का सुंदर प्रदर्शन किया गया, जिससे वातावरण और भी अधिक आध्यात्मिक हो गया। मंदिर परिसर को इस अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और सजावटी सामग्री से पूरे परिसर को भव्य रूप दिया गया, जिससे कार्यक्रम की शोभा कई गुना बढ़ गई। दूर-दराज के गांवों और कस्बों से भी श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल होने पहुंचे और पूरी रात जागरण का आनंद लिया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



भंडारे की व्यवस्था सुव्यवस्थित तरीके से की गई थी और सभी श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंघल, अजय सिंघल, पदम लाला, प्रवीन संगल, नीरज सगल, प्रेम सिंह दिलावरा, लोकेश, रूपेंद्र तोमर, ऋषिपाल, नरेंद्र उर्फ नंदू, उमेश सिंगल, ईश्वर सिंह तोमर, उमेश डाकिया, अनिल तोमर, अंकित तोमर, सोनू तोमर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण के विरोध पर दुबई से आई जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** खेडी खुशनाम में सडक पर पशु खडे करने के विरोध पर गाली गलौच के बापद एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगो ने दुबई से कफन तैयार कराने की धमकी दिलाई है। घबराये युवक ने धमकी मिलने के बाद पुलिस को मामले की शिकायत की है। आरोप है कि सडक का रास्ता पूर्वजो के समय से रिक्त है। जिस पर उसी दौरान से अतिक्रमण नही करने की बाते तय हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चौसाना के गांव खेडी खुशनाम निवासी एक युवक को रास्ते के बाद मारपीट के मामले मे दुबई से जान से मारने की धमकी दी गई है। दुबई से आई कॉल मे आरोपी ने कफन तैयार करके रखने की धमकी दी है ताकि मौका मिलने पर जान से मार सके और कफन काम आये। आरोप है कि दुबई से आई कॉल मे आरोपी परिवार का ही व्यक्ति है। धमकी मिलने के बाद से परिवार दहशत मे है और तहरीर देकर समाधान की मांग की है। पीडित ने परिवार को जान का खतरा बताया है। बताया गया है कि परिवार की छोडी गई भूमि पर सडक का निर्माण हुआ है। जिस पर दूसरे पक्ष के लोगो ने अतिक्रमण किया हुआ है और मना करने पर झगडते है। पीडित के पास दुबई से आई कॉल पर जान से मारने की धमकी का ऑडियों भी सुरक्षित है। चौकी प्रभारी संदीप यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443

कार्यालय पताः- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# सिलेंडर लीक से लगी आग से लाखों का नुकसान

## ग्राम चापरचिडी में रसोई समेत घर में रखा सारा सामान जला, कार भी जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड कोतवाली अंतर्गत ग्राम चारपचिडी में गैस सिलेंडर लीक की वजह से लगी भीषण आग में एक महिला की रसोई समेत पूरा घर और घर में खड़ी ईको कार जलकर राख हो गई।

आग पर काबू पाने में दमकल की दो गाड़ियों और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस हादसे में पीड़ित परिवार को करीब सात लाख रुपये का नुकसान हो गया। गांव चारपचिडी में सोमवार करीब दस-बारह बजे गांव निवासी संदीप कुमार के घर की रसोई में उनकी पत्नी 30 वर्षीय बेबी खाना बना रही थीं। अचानक गैस लीक हो गई और सिलेंडर में आग लग गई। आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। बेबी ने रसोई से भाग कर अपनी जान बचाई देखते ही देखते आगे तेजी से पूर घर में फैल गई।आग से घर का सामना और अंदर खड़ी ईको कार भी पूरी तरह जलकर राख हो गई।आग लगने की खबर मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ग्रामीण ने 112 डायल सूचना दी अंबेहटा पुलिस और दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं। पुलिस और दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों ने मिलकर करीब घंटे



भर की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

पीड़ित संदीप कुमार ने बताया घर में रखा सारा सामान, बर्तन, फर्नीचर, कपड़े और ईको कार सब जलकर स्वाहा हो गया। अनुमानित नुकसान करीब सात लाख रुपये का है। हमारा पूरा परिवार इस घटना से सदमे में है।

## 28 को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**गंगोह।** राम नवमी पर्व पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा 28 मार्च को धूमधाम के साथ निक. ाली जाएगी।

कार्यक्रम आयोजक संस्था श्रीराम जन्मोत्सव समिति के मंत्री विजेंद्र शर्मा, अरविंद टेबक व आशु गर्ग ने बताया कि भगवान राम के जन्मदिन कार्यक्रम 27 मार्च से ही शुरू होगे। इस दिन सर्राफा बाजार स्थित सनातन धर्म सभा में दोपहर ठीक 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म दिवस पर विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन महल तला स्थित महिला कीर्तन भवन में अखंड राम नाम का जाप होगा। राम बाग स्थित बालाजी धाम में भगवान राम का गुणगान शुरू होगा। इसके अलावा नगर व क्षेत्र के सभी मंदिरों में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विजेंद्र शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा 28 मार्च को सर्राफा बाजार स्थित सनातन धर्म सभा से निकाली जाएगी।

# तीन लाख की स्मैक समेत पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 आरोपी नशा तस्कर गिरफ्तार को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 3 लाख रुपये कीमत की 15 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है।

एसएसपी अभिमन्यु सिंह के निर्देशन पर मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री की रोकथाम तथा नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत एसपी सिटी एवं सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह आईपीएस की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गस्त तथा चौकिंग के दौरान एक शातिर आरोपी नशा तस्कर वसीम पुत्र फजलूरहमान निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को कच्चा पक्का



रास्ता दुमझेडा रोड से धोलाहेडी की ओर जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी ने बताया है कि गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी नशा तस्करी एवं अन्य संगीन अपराधों में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ विनोद कुमार, एसआई रवि राठौर, हैड कांस्टेबल धर्म सिंह, कांस्टेबल कृष्णवीर सिंह जट्टा व गोपाल सोलंकी शामिल रहे।

## जन्मोत्सव कार्यक्रम की सफलता को जनसंपर्क तेज

**गंगोह।** श्री महर्षि कश्यप गुरू कालू बाबा के जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए महर्शि कश्यप गुरू कालू बाबा युवा समिति रजि के लोगों ने नगर व क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे है। घर-घर जाकर समाज के लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील कर रहे है।

महर्षि कश्यप गुरू कालू बाबा का जन्मोत्सव पांच अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को इकट्ठा करने के लिए समिति के लोग नगर में जनसंपर्क कर रहे है। समाज के लोग टोलियों में जाकर लोगों से मिल रहे हैं। मोहल्ला मौहम्मद गौरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर से कार्यक्रम की शुरूआत झंडा पूजन से होगी। उसके बाद प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

# पत्रकार समाज का आईना: राधेश्याम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं।पत्रकारों का सम्मान करना चाहिए।

पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल द्वारा दैनिक शाह टाइम्स के पत्रकार ताहिर मलिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं।पत्रकारों का सम्मान किया जाना चाहिए। पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रवि कुमार ने कहा कि ताहिर मलिक निष्पक्ष और निडर पत्रकार हैं।समाजसेवा के कार्यों में भी सहयोग करते हैं और बहुत से लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि ताहिर



मलिक सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा बॉबी ने कहा कि हमारे संगठन के सभी पत्रकार निस्वार्थ सेवा करते हैं।ताहिर मलिक ने व्यापार मंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिना किसी दबाव के जिम्मेदारी के साथ अपना काम करते रहेंगे।

इस दौरान हिन्दू मुस्लिम एकता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आस मोहम्मद सैफी,धर्मेंद्र तोमर,पूर्व चेयरमैन शहाबुद्दीन अहमद,वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, सुशील शर्मा, शिब्ली रामपुरी,अनूप सिंह सैनी,नफीस सैफी,आदेश गुप्ता, डॉ सचिन,शिवम,अमन मलिक, अम्बर मलिक, वतन मलिक मौजूद रहे।

# शोभित में अतिथि व्याख्यान सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज एंड एंटरप्रेन्योरशिप विभाग द्वारा "ई-कॉमर्स एंटरप्रेन्योरशिप फॉर जेन जेड: फ्रॉम आइडिया टू इनकम" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। 115 छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

कार्यशाला का शुभारंभ आमंत्रित मुख्य वक्ता मेहा सिन्हा व स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज एंड एंटरप्रेन्योरशिप विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सोमप्रभ दुबे ने माँ सरस्वती व बाबू विजेंद्र कुमार जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। आमंत्रित मुख्य वक्ता ने सभी को व्याख्यान के विषय ष्ई-कॉमर्स एंटरप्रेन्योरशिप फॉर जेन जेड: फ्रॉम



आइडिया टू इनकमष को समझाते हुए महत्वपूर्ण जानकारी सभी के बीच साझा की, जिसमे उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में ऑनलाइन व्यवसाय युवाओं के लिए आय का एक प्रभावी और सुलभ माध्यम बन चुका है। आज किस प्रकार एक साधारण विचार को उचित योजना, डिजिटल कौशल और निरंतर प्रयास के माध्यम से सफल व्यवसाय में परिवर्तित किया जा सकता है। आगे उन्होंने बताया कि विभिन्न ई-कॉमर्स मॉडल जैसे ड्रॉपशिपिंग, रिसेलिंग, डिजिटल प्रोडक्ट्स आदि के बारे में जानकारी दी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से मार्केटिंग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि "आज का युवा तकनीकी रूप से सक्षम है, इसलिए वह कम संसाधनों में भी अपने व्यवसाय की शुरुआत कर सकता है। कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह ने अपने शुभकामना सन्देश में विशेष व्याख्यान के आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने आयोजकों व सभी छात्रों को विशेष व्याख्यान में भाग लेने हेतू शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. अभिमन्यु उपाध्याय, डॉ. हर्ष पँवार, आदेश कुमार, राहुल कुमार, सचिन शर्मा, स्वाति राजौरा, अदिति गर्ग, दीपाक्षी आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने सुनी जन शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एस डी एम मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया अधिकारियों ने समाधान दिवा में पहुंची फरियादियों की जन शिकायते सुनी गई। समाधान दिवस मे फरियादियों की 39 शिकायते दर्ज की गई जिन में से किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं।

तहसील के सभागार माइनिंग जन सुनवाई के चलते में संपूर्ण संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनता इण्टर कालेज के बल्लंभभाई पटेल सभागार मे आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों की विभिन्न विभागों की कुल 39 शिकायतें दर्ज की गई, जिन में कोई भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया गया। जन शिकायते सुनने के बाद एस डी एम




मानवेंद्र सिंह अधीनस्थ कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समाधान दिवस की शिकायतों को गंभीरता से लें और मौके पर जाकर निस्तारण कराये।

इस मौके पर सीओ एस एन वैभव पांडेय तहसीलदार विजय कुमार सिंह नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह,नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार प्रजापति, बीडीओ योगेंद्र कुमार, सीडीपीओ संयोगिता य बेगम, आपूर्ति निरीक्षक नदीम अहमद कोतवाली बेहट, थाना मिर्जापुर, थाना बिहारीगढ़ और थाना फतेहपुर थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर व क्षेत्र में माता के जयकारों की गूंज लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालु माता जागरण के आयोजन कर भी गुणगाान कर रहे है। पंचम नवरात्र पर मां स्कन्दमाता की पूजा अर्चना की गई।

मां दुर्गा की नवशाक्तियों का पंचम स्वरूप माता स्कंदमाता की उपासना की जाती है। इन्हें कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण स्कंदमाता के नाम से पुकारा जाता है। साधक को नवरात्र में इनकी उपासना से विषुद्ध चक्र के जाग्रत होने से होने वाली सिद्धियां स्वत: प्राप्त हो जाती है। उसे मुत्यु लोक में परम षांति और सुख प्राप्त होता है। मुत्यु के बाद उसके लिए मोक्ष का द्वार खुल जाता है। माता की उपासना से बालस्वरूप स्कंद भगवान की उपासना हो जाता है। भक्तों द्वारा इनकी पूजा करने से मनोकमाना पूर्ण होती है। माता स्कंदमाता की पूजा-अर्चना करने के लिए में तडके से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नगर के रामबाग रोड स्थित श्री बालाजी धाम, पैठ बाजार स्थित माता काली मदिंर, मोहल्ला ईषरा स्थित श्री भुवनेष्वरी देवी पंचायती मंदिर, गांव दूधला स्थित मां षांकुभरी देवी मंदिर, हरिद. ास मार्ग स्थित श्री माता वैशणों देवी धाम सहित ग्रामीण इलाकों के सभी देवी मंदिरों पर आदि षक्ति की पूजा के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नारियल, चुनरी, फूल आदि चढ़ा कर देवी की पूजा की और अगरबत्ती कपूर से आरती की। श्रद्धालु ने दरबार में मां के जयकारे लगाए।

# देश के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित शहीद दिवस कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद वक्ताओं ने उनके बारे में विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य शुभम गुप्ता, अजय शर्मा, दीपक शर्मा, संजय, परमाल पीटीआई, रामकुमार आदि ने भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को श्रद्धांजली दी तथा बच्चों को अपने देश के प्रति हर दम समर्पित रहने के लिए उत्साहित किया।

अध्यापक अजय शर्मा ने बताया कि क्रांतिकारी शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने आज ही के दिन साल 1931 में 23 मार्च को देश की खातिर हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लिया था। कहा कि क्रांतिकारी चाहते थे कि आने वाली संतान नशा मुक्त व जाति रहित हो। इस मौके पर कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सीनियर सिटीजन के अजय बने महानगर अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी की आयोजित बैठक में संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केएल अरोड़ा द्वारा आगामी कार्यकाल हेतु उत्तर प्रदेश के महानगर के अध्यक्ष पद पर अजय अत्रीए महासचिव के पद पर अरूण सूरीए कोषाध्यक्ष पद पर अरूण प्रकाश शर्मा को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यापर्ण कर स्वागत किया।

प्रताप मार्केट स्थित संस्था के मुख्य कार्यालय पर आयोजित की गयीए जिसमें संस्थापक केएल अरोड़ा ने कहा कि किसी भी संस्था में पारदर्शिताए शक्ति का विकेन्द्रीकरण तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था का होना अति आवश्यक है। वरिष्ठ नागरिकों की यह संस्था गत् 17 वर्षो से अपने




सिद्धांतों पर चलते हुए इस मुकाम पर पहुंची है। आज वरिष्ठ नागरिक अपने अपने क्षेत्रों में प्रमुखता से योगदान देते हैं तथा समाज में उनका अनुभव काम आ रहा है। कोई भी विषय हो वरिष्ठ नागरिक उसको समाज एवं प्रशासन के समक्ष उठाते हैं जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जाये और जागरूकता फैले इसलिये राष्ट्र निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका भी अहम है। नवचयनित अध्यक्ष अजय कुमार अत्री ने सभी का आभार व्यक्त कर कहा कि वह और उनकी टीम सबको साथ लेकर कार्य करेगी तथा संस्था की प्रगति हेतु निष्ठावान रहकर कार्य करेगी। महासचिव का पदभार संभालने पर अरुण सूरी तथा कोषाध्यक्ष अरुण प्रकाश शर्मा ने भी सभी का आभार व्यक्त कर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सीएम एण्डलेए अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्माए महासचिव अनिल तलूजाए कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने भी नव चयनित सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर संरक्षक मण्डल से डाण् एसके अग्रवालए यशपाल मलिकए सीपी छाबडाए हरीश आहूजाए रामेश्वर प्रसाद उपाध्यायए अमृत लाल अरोड़ाए जीएल जसूजाए सुभाष चंदए केवएलव दावड़ाए पूर्व अध्यक्ष प्रेम छोकरा मौजूद रहे।

# महिलाओं की समस्याओं का कराया समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महिला हेल्प डेस्क पर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय के निर्देशन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता ने स्वयं खडेघ् होकर जलकर, गृहकर व सीवरकर आदि से सम्बंधित महिलाओं की समस्याओं का तत्काल समाधान कराया। नगर निगम की महिलाओं की भी समस्याओं का इसी कड़ी में निस्तारण कराया गया।

प्रदेश शासन के निर्देश पर नवरात्र के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गत 19 मार्च से 30 दिवसीय मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान का दूसरा चरण चलाया जा रहा है। अभियान के तहत महिला सफाई कर्मियों का सम्मान, महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण, महिलाओं की सुरक्षा व उनकी समस्याओं के सम्बंध में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा



रहे है। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रंखला में आज निगम परिसर स्थित महिला हेल्प डेस्क पर जलकर, गृहकर, सीवरकर व जन्म-मृत्यु सम्बंधी समस्याओं को सुना गया और उनका समाधान कराया गया। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय के निर्देशन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता ने स्वयं खिड़की पर उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान कराया। इस दौरान निगम की उमा जैन, मंजू, सुशील आर्या, सुनीता, शिवानी, दीपाली, संजिता, उषा, किरण व वंदना आदि शामिल रही।

## जल बचाने की महत्ता को बताया

**सहारनपुर।** व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डनए जिला महामंत्री रमेश अरोडा ने संयुक्त रूप से कहा कि आज के दौर में जल संकट से जूझ रहे मानव के लिए धन बचाने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। जल बचाना और यदि सुरक्षित रखना है कल तो आज बचाइए जल का नारे को बुंलद करना होगा।

विश्व जल दिवस पर जल के महत्व और उसकी बचत व संचित करने को में उद्योग व्यापार मण्डल के प्रमुख पदाधिकारियों की एक बैठक स्थानीय रेलवे रोड स्थित जिला मुख्यालय कार्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डनए जिला महामंत्री रमेश अरोडा ने संयुक्त रूप से कहा कि आज के दौर में जल संकट से जूझ रहे है।

# डीएम एसएसपी ने सुनी शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी श्री बंसल ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राय: चकरोडए सड़कए नालीए खडंजे एवं पेंशन संबंधी आवेदन प्राप्त होते हैं। भूमि संबंधी विवादों में जांच कर्ता अधिकारी यदि मौके पर उभयपक्षों की मौजूदगी में पूर्ण पारदर्शिता से शिकायत का निस्तारण करें तो अधिकांश शिकायतों का समाधान हो सकता है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान समेत आयोजित विभिन्न दिवसों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि इन दिवसों में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में ही निस्तारण सुनिश्चित



किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग की 09 राजस्व की 52 विकास की 01 विद्युत की 01 पूर्ति की 02 पंचायती राज की 02 डूडा की 01 मण्डी की 01 जिला विद्यालय निरीक्षक की 01 पशुपालन की 01 कुल 71 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने सभी पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ सुमित राजेश महाजनए डीएफओ शुभम सिंह, एसडीएम सदर सुबोध कुमारए तहसीलदार सदर जसमेंदर समेत सभी जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवरात्र के पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा अर्चना

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। पांचवें नवरात्रि पर स्कंदमाता की आज श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की सुख समृद्वि की कामना की गयीए समस्त मंदिरों में आज पूजा अर्चना के दौरान मां के जय उद्घोश गुजांयमान रहे। पूजा अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा मां स्कंदमाता कष्टों विनाश करने वाली देवी है।

पांचवें नवरात्रि पर स्कंदमाता की श्रद्वालुओ ने अपने.अपने घरों मे विषेश पूजा अर्चना की। सुबह से ही प्रत्येक घर में उत्वस जैसा माहौल बना था और हर कोई पूजा की तैयारियों में लगे दिये। इसके अलवा मंदिरों में भी विषेश पूजा अर्चना की इस अवसर मंदिरों में मां महिला के साथ.साथ जयकारों की गूंज रही। राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाक. ाली मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित चौत्र नवरात्रि महोत्सव पूजा अवसर पर पांचवें नवरात्रि पर स्कंदमाता की



विधिवत पूजा की गई और मां भगवती का पंचामृत से स्नान किया गया। हरिद्रा युक्त जल से दुर्गा सहस्रनाम स्रोत से महा स्नान किया गया। इसके बाद माता का श्रृंगार किया गया और भोग अर्पण कर महा आरती उतारी गई। स्कंद माता की महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज ने कहा स्कंदमाता प्रकृति के छह रूप समाि. हत किए हुए हैं। इन्हीं छ: रूपों में कार्तिकेय भगवान का लालन पालन प्रतिकाओं के रूप में मां स्कंदमाता ने किया। स्कंदमाता संतान की सुरक्षा एवं लालन पालन करने वाली आदिशक्ति देवी मानी जाती है क्योंकि स्कंदमाता ने हीं दानवों से कार्तिकेय भगवान की रक्षा की और उनका सुरक्षित पालन पोषण किया। महाराज श्री ने कहा कि स्कंदमाता सुख समृद्धि प्रदान करने वाली है एवं सभी की संतान की रक्षा करने वाली देवी हैं। इस अवसर पर पंडित नीरज मिश्राए पंडित ऋषभ शर्माए रमेश शर्माए अश्विनी काम्बोजए राजेंद्र धीमानए मनोज शर्माए गीताए बबीताए राजबा. लाए सुमनए रेखाए राधा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पुलिस कप्तान ने मंगलौर पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस को अत्याधुनिक एवं जनहितैषी बनाने अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने क्षेत्र की मंगलौर रोड पुलिस चौकी के नवनिर्मित और सौंदर्यीकरण किए गए भवन का विधिवत उद्घाटन किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने चौकी के नवनिर्मित और जीर्णोद्धार किए गए भवन का फीता काटकर चौकी के नए स्वरूप का लोकार्पण किया और भवन के रखरखाव व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा और सुरक्षा होना चाहिए। उन्होंनें कहा कि किसी भी आपात स्थिति या शिकायत पर पुलिस की प्रतिक्रिया का समय न्यूनतम होना चाहिए। इसके साथ ही पुलिस क्षेत्र की जनता के साथ बेहतर समन्वय और मधुर संबंध स्थापित करें ताकि लोग बिना किसी डर के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षण ग्रामीण सागर जैन, कोतवाली प्रारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा, चौकी इंचार्ज अजब सिंह, जिंदा हसन, अशोक कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# दहेज हत्या के वांछित आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दहेज हत्या मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे महतौली गांव निवासी आशीष को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुता. बिक इमलिया गांव निवासी विनोद कुमार ने 26 अक्तूबर 2025 को विनोद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि दो लाख रुपये और बाइक की मांग के चलते बेटी को मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताडित किया जा रहा था। इसी के चलते उसकी जहर देकर हत्या कर दी गई। मामले में शिकायत मिलने के बाद विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# पालिकाध्यक्ष ने कुटी रोड के कच्चे रास्ते का शिलान्यास कर निर्माण कार्य कराया शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चार लाख रुपये की लागत से कुटी रोड स्थित बच्चों के श्मशान पर जाने वाले कच्चे रास्ते का पालि. काध्यक्ष विपिन गर्ग ने शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू कराया गया।



करीब 100 मीटर का यह कच्चा रास्ता छात्रावास के पीछे से बच्चों के श्मशान तक जाता है। इस सडक का शिलान्यास करते हुए पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि उक्त रास्ते पर हल्की बरसात में ही कीचड़ जमा हो जाती थी, जिससे लोगों भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। श्मशान घाट कमेटी ने नगरपालिका से इस रास्ते को पक्का करवाने की मांग की थी। बोर्ड बैठक में उक्त प्रस्ताव पास कर अब इस रास्ते का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। वार्ड सभासद नदीम, श्मशान घाट कमेटी अध्यक्ष दिनेश ऋषि व चौ. ओमपाल सिंह ने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग का आभार जताते हुए कहा कि पालिका द्वारा किया जा रहा जनहित में कार्य है। जिसके लिए कमेटी पालिकाध्यक्ष का आभार प्रकट करती है। इस दौरान मेला चेयरमैन विपिन त्यागी, अंग्रेश पंवार, राहुल वाल्मीकि, खेमकरण कश्यप, अखिलेश अग्रवाल, बलदेव सिंह, श्रीकांत त्यागी, सुरेश पाल, राज पाल आदि पालिका के कर्मी शामिल रहे।

# डॉ. सरवेज अली को अवार्ड मिलने पर दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिया डिग्री कॉलेज के राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सरवेज अली को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ग्लोबल आइकन अवार्ड मिलने पर कॉलेज के स्टाफ ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस्लामिया डिग्री कॉलेज के राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सरवेज अली को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ग्लोबल आइकन अवार्ड मिलने पर शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह एवार्ड उनकी मेहनत, लगन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान का बेहतरीन सबूत है। उनके मार्गदर्शन से न सिर्फ संस्थान का मान बढ़ा है, बल्कि वो सबके लिए एक बेहतरीन प्रेरणा स्रोत भी बने हैं।

# घंटे घड़ियालों की आवाज से मंदिर परिसर रहे गुंजायमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चौत्र नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। इस दौरान भक्तिमय माहौल में घंटे घडियालों की आवाज से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे।

सोमवार को श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में स्कंदमाता की पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी। दोपहर बाद तक भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि स्कंदमाता की उत्पत्ति तारकासुर नामक राक्षस के अंत से जुड़ी है। स्कंदमाता की उपासना से बालरूप स्कंद भगवान की भी स्तुति होती है। स्कंदमाता शेर पर विराजमान हैं, जो साहस और वीरता का प्रतीक है। उनके दो हाथों में कमल के फूल हैं और एक हाथ से वह अपने पुत्र स्कंद को पकड़े हुए हैं। जबकि चौथा हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में रहता है। उन्होंने भक्तों से माता की भक्ति कर अपने जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया।

# पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किए नशा तस्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने आपरेशन सवेरा के अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों से तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तस्करों से 20 लीटर अवैध शराब और दो किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिय गया। वहीं पुलिस ने अफीम की खेती करने के आरोपी को भी गिरफ्तार किया।

कोतवाली पुलिस ने आपरेशन सवेरा के अंतर्गत क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अफीम की खेती कर 500 पेड़ उगाने के आरोपी मोहल्ला पठानपुरा निवासी अरशद को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक अरशद के खिलाफ बीती 18 मार्च को कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जब से ही आरोपी वांछित चल रहा था। वहीं पुलिस ने क्षेत्र के शातिर नशा तस्कर मोहल्ला लहसवाड़ा निवासी तालिब हुसैन को मकबरा रोड स्थित एक बाग के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुता. बिक आरोपी के कब्जे से दो किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी उप्र. के विभिन्न थानों सहित नई दिल्ली में आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए न्यायलय में पेश किया गया। पुलिस ने बंहेड़ा गांव की ओर जाने वाले रास्तें पर चौकिंग के दौरान गांव नियामतपुर निवासी नरेश उर्फ डाली को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया।

# यूपी एटीएस ने मेरठ के पास से हिरासत में लिए मौलाना को पूछताछ के बाद छोड़ा

**देवबन्द।** यूपी एटीएस (आतंकवाद विरोधी दस्ता) ने बीते दिन ईद की नमाज के बाद अमेरिका-इस्राइल के खिलाफ की गई नारेबाजी में शामिल देवबंद के एक मौलाना को मेरठ के पास से हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया गया।

क्षेत्र के थीतकी गांव निवासी एक मौलाना को यूपी एटीएस ने मेरठ से देवबंद लौटते समय हिरासत में लिया है। वह मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती बुआ के बीमार बेटे का हालचाल जानने के लिए गया था। बताया गया है कि मौलाना ने थीतकी गांव में ईद के दिन आतंकी संगठन हिजबुल्ला के समर्थन में बयानबाजी की थी और युवाओं को विरोध प्रदर्शन के लिए उकसाया था। जिसके बाद वहां लोगों ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नारेबाजी की थी। इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई थी। सूत्र बताते हैं कि कई देशों की धार्मिक यात्रा कर चुके मौलाना से एटीएस ने लंबी पूछताछ की। सोशल मीडिया पर युवाओं को भड़काने वाली वीडियो अपलोड करने, धार्मिक यात्राओं और स्थानों के बारे में जानकारी लेने के साथ ही एटीएस ने मौलाना के मोबाइल और सोशल मीडिया अकाउंट की गहनता से जांच की। हिरासत में लिए गए मौलाना ने ईरान की अल मुस्तफा यूनिवर्सिटी में सात साल तक धार्मिक पढ़ाई की है। इस बीच उसने इराक, कतर, ओमान और दुबई की यात्रा भी की। बताया गया है कि एटीएस ने पूछताछ के बाद मौलाना को छोड़ दिया। हालांकि इस संबंध में कोई भी अधिकारी कुछ बताने के लिए तैयार नहीं है। जबकि मौलाना के रिश्तेदार पूर्व राज्यमंत्री सैयद ईसा रजा ने मौलाना को हिरासत में लिए जाने और पूछताछ के बाद छोड़े जाने की पुष्टि की है।

# गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को ड्राईफ्रूट पैकेट किए वितरित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गरीब, असहाय, जरूरतमंद महिलाओं को ड्राईफूड, दूध के पैकेट वितरित किये गए।

जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रमजान फूड पैक वितरित किये जाने के बाद देवबंद नगर एवं आसपास के गाँव की गरीब निर्धन एवं विधवा महिलाओ को ईद गिफ्ट के रूप में ड्राईफूट, दूध के पैकेट आदि सामान वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के मुख्य सचिव कारी आमीर उस्मानी ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्य किये जाते है। जिससे गरीब, असहाय, जरूरतमंद लोगो की सहायती की जा सके। इस मौके पर मैनेजमेंट डारेक्टर मुकीम अब्बासी, वसीम अल्वी, तलहा, जिक्रया, लिबान हयात आदि लोग शामिल रहें।

# महिला ने ससुरालियों पर बेटे को छीनकर ले जाने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दो वर्ष के बेटे की अभिरक्षा के लिए महिला ने अदालत का सहारा लिया है। ससुरालियों पर बेटे को जबरन छीनकर ले जाने का आरोप है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

गुनारसी गांव निवासी पूजा उर्फ रचना ने एसीजेएम के यहां वाद दायर किया था। इसमें पूजा ने बताया था कि कुछ समय पूर्व पति और ससुरालियों ने अपने रिश्तेदार दंपती के बहकावे में आकर मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इतना ही नहीं ससुरालिए उसके दो वर्ष के बेटे को भी जबरन अपनी साथ ले गए थे। मामले में घरेलू हिंसा का वाद अदालत में दायर किया हुआ है। साथ ही बेटे की अभिरक्षा के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ससुरालिए उसे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पूजा ने आशंका जताई की ससुरालिए बेटे को बेच सकते हैं और उसे जान की हानि भी पहुंचा सकते हैं। अदालत के आदेश पर पुलिस ने जनपद मुजफ्फरनगर के अवध विहार नई मंडी निवासी पति नितिन धनकर, ससुर राकेश, सास, सावित्री, देवर शुभम समेत रिश्तेदार सुशीला और रजनीश के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

# फजलपुर तबेला में किड्स जोन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में नन्हें मुन्ने बच्चे के लिए किड्स जोन का शुभारम्भ किया गया। अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे खेल खेल में तनावरहित शिक्षा पा सकेंगे।

ग्राम फजलपुर तबेला में सन शाइन पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह के साथ पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर ने किड्स जोन का फीता काट कर शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर ने कहा ग्रामीण अंचल में आधुनिक अंग्रेजी माध्यम शिक्षा के साथ खेल खेल में शिक्षा पा सकेंगे। उन्होंने इस विद्यालय के शुभारंभ से अब तक की यात्रा को ग्रामीण क्षेत्र के लिए उल्लेखनीय प्रयास की सराहना की है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षित करने व उनके उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रबंधक विनोद मित्तल ने अभिभावकों को आश्वस्त किया वह बेहतर शिक्षा से कई के लिए समर्पित है और सभी के सहयोग से विद्यालयों को ऊंचाइयों पर ले जाते हुए जमात की आधुनिक शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पूर्व प्रबंधक श्रीमती मालती अग्रवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 12 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को परीक्षा आधारित छात्रवृति देने की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर, प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक दीपा मित्तल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किये। छात्र छात्राओं ने अनेक गीत नृत्य समूह नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावक व आगन्तुकों की तालियां बंटोरी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'इत्ती सी हंसी इत्ती सी खुशी', 'राम आएंगे शुभ दिन आएंगे', 'मैं निकला गाड़ी लेकर' को सराहा। कार्यक्रम में प्रबन्धन की ओर से स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं का उनके अमूल्य योगदान के लिए मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर ने सम्मानित किया। समारोह में आयुष मित्तल ने अपने सम्बोधन में विद्यालय की प्रगति




शैक्षिक वातावरण व सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य में बेहतर सहयोग की अपेक्षा की है। शिक्षिका पिंकी शर्मा व हुमैरा जबीं के संचालन में हुए कार्यक्रम में विनय कौशिक, पंकज शर्मा, मुकेश सिन्हा,शकील रजा, आशा रजा, जितेन्द्र कक्कड़, जुगल किशोर, प्रमोद मित्तल, सीमा देवी और उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर, आगन्तुक अतिथियों, अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में किड्स जोन कक्ष का अवलोकन किया।

# टेम्पोरल बोन डिसेक्शन कोर्स में दिखाया हुनर

**मुजफ्फरनगर।** रेलवे रोड, सिविल लाइंस स्थित तनेजा हॉस्पिटल में 31वां टेम्पोरल बोन कान की हड्डी डिसेक्शन कोर्स सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से आए चिकित्सकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों का स्वागत महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. तारिणी तनेजा द्वारा मेडल पहनाकर किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मानव शरीर, विशेषकर कान की हड्डी पर सीखने का उत्कृष्ट अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विवेक तनेजा एवं डॉ. एमके तनेजा द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को हाथ पकड़कर (स्टेप-बाय-स्टेप) सर्जरी की बारीकियां सिखाईं। इस दौरान देश के प्रतिष्ठित नाक, कान एवं गला (ईएनटी) विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को कान की जटिल सर्जरी एवं टेम्पोरल बोन डिसेक्शन की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यशाला में झारखंड, बरेली, दिल्ली, मुरादाबाद, मध्य प्रदेश एवं हरियाणा सहित विभिन्न क्षेत्रों से कुल 39 चिकित्सकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. जसवीर सिंह एवं डॉ. रोहित



शर्मा (रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज) के प्राचार्य द्वारा महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही चिकित्सा विज्ञान में शोध कर रहे युवा चिकित्सकों द्वारा प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनमें डॉ. परांजल एवं डॉ. पारस को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। डॉ. तनेजा द्वारा मिनिमम एक्सेस मास्टॉयडेक्टॉमी (कान के छेद के माध्यम से ऑपरेशन की विधि) पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया, जिसे प्रतिभागियों ने अत्यंत सराहा। इस अवसर पर वी.आई.एम.एस. के प्रोफेसर डॉ. वी. पी. सिंह को चिकित्सा,




शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से डॉ. तारिणी तनेजा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. एल. एन. नामदेव एवं डॉ. हिमांशु वर्ष्णेय ने मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला की सफलता का विशेष श्रेय राजेश शर्मा, अंकुर वाधवा, राहुल त्यागी, शुभम धीमान, हितेश त्यागी, मनोज पाल एवं विकास कश्यप को जाता है, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# सीएचसी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा के पुत्र प्रियंकर राणा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रियंकर राणा ने कहा कि जन औषधि केंद्र के माध्यम से क्षेत्र की जनता को बाजार से 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध होंगी। उन्होंने इसे सरकार के स्वस्थ भारत संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने जानकारी दी कि इस केंद्र पर 2000 से अधिक जेने. रिक दवाइयां और 300 से अधिक सर्जिकल उपकरण उपलब्ध होंगे। साथ ही एक रुपए में सेनेटरी पैड भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य मार्च 2027 तक देशभर में 25 हजार जन औषधि केंद्र स्थापित करने का है।

# खूनी संघर्ष में घायल हुए युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** खेत की मेढ़ को लेकर हुए खूनी संघर्ष में घायल युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई, युवक की मौत की खबर से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

खूनी संघर्ष में घायल हुए युवक मोनू (18 वर्ष) निवासी शहजादपुर की देहरादून के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने से उसके परिवार में कोहराम मच गया। बीते गुरुवार को नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर निवासी महेंद्र और पप्पू दोनों सगे भाइयों में गंगा खादर में खेत की मेड को लेकर कहासुनी और गाली-गलौच हो गई थी। जिसके बाद दोनों के परिवार देर सायं छह बजे अपने खेत से घर आ गए, जिसके दोनों भाईयों के परिवार में एक बार फिर गाली-गलौच के साथ खूनी संघर्ष शुरू हो गया। दोनों पक्षों में काफी देर तक लाठी-डंडे और सरिये चले, इस खूनी संघर्ष में पप्पू और उसका लड़का मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बिजनौर भेजा, जहां चिकित्सकों ने मोनू की हालत को नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया था। जिसका इलाज देहरादून के एक अस्पताल में चल रहा था। रविवार की रात घायल मोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई, उसकी मौत की सूचना से उसके परिवार में कोहराम मच गया। इस मामले में मोनू के भाई सोनू ने तहरीर देकर कोमल, यशपाल उर्फ टिंकू, महेंद्र सिंह, जयपाल सिंह और लाल सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें पुलिस ने कोमल और



जयपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, शेष आरोपी फरार है। थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम किया जा रहा है। शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है, जल्द शेष आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# हत्यारोपी अजीम के घर पर मुनादी कराई

## आत्मसमर्पण न करने पर कुर्की की चेतावनी, नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ट्रक चालक सलमान हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजीम की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। लगातार प्रयासों के बावजूद आरोपी के हाथ न आने पर पुलिस प्रशासन ने न्यायालय की शरण लेते हुए विधिक प्रक्रिया के तहत उसके घर पर नोटिस चस्पा कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 19 फरवरी की रात शुगर मिल गेट के पास टोकन को लेकर हुए मामूली विवाद में सलमान पुत्र नसरुल्ला पर चाकुओं से हमला कर अजीम निवासी चकमहादूद सानी ने हत्या कर दी थी। घटना के बाद से ही आरोपी अजीम फरार चल रहा है।



जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। मृतक सलमान के भाई शाह आलम की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि हर संभावित ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है, लेकिन आरोपी गिरफ्त से बाहर है। ऐसे में न्यायालय द्वारा आरोपी का गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। लेकिन आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया। अब पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसते हुए न्यायालय से फरारी उद्घोषणा की प्रक्रिया अपनाई।

**सूचना**

मैंने अपना नाम गुफरान GUFRAN से बदलकर फुरकान FURKAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

FURKAN S/O NAJEER
VILLAGE & POST
GOPALI P.S. DEOBAND
DISTT. SAHARANPUR

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र राजकमल व पुत्रवधू मीनू मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा उनके गलत आचरण के कारण मैंने दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इन दोनों के द्वारा किए गए किसी भी गलत कार्य के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

राजपाल सिंह पुत्र शंभू सिंह
निवासी ग्राम बेगमपुर मजबता
थाना देवबंद जिला सहारनपुर

# 29 मार्च की रैली को लेकर सपा नेता राजकुमार भाटी पहुंचे मवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** समाजवादी पार्टी की 29 मार्च को प्रस्तावित दादरी रैली को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी मवाना पहुंचे। उन्होंने पार्टी के विस क्षेत्र अध्यक्ष के निवास पर पत्रकार वार्ता की। वार्ता के दौरान सवाल पूछे जाने पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि पिछले चुनाव में भीतरघातियों की रिपोर्ट पार्टी के पास है। इस बार टिकट समय से घोषित किए जाएंगे।इस बार कुछ प्रत्याशी बदले भी जा सकते है और नए चेहरो को पार्टी मैदान में उतारेगी।

रैली के बारे में सपा नेता राजकुमार भाटी ने कहा कि 29 मार्च को आयोजित दादरी के मिहिर भोज डिग्री कॉलेज में आयोजित रैली को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संबो. धित करेंगे। इसे समाजवादी समानता भाईचारा रैली का नाम दिया गया है। यह रैली 2027 के विस चुनाव का शंखनाद होगा। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार कोई रचनात्मक काम नहीं कर रही है। सिर्फ विध्वंसता का काम किया जा रहा है। किसी का मकान तोड़ना हो या भाईचारा तोड़ना हो, सभी में भाजपा आगे है। यहां तक कि साधुओं को भी बांटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। जो कहते थे, बटेंगे तो कटेंगे, वह सभी को बांटने का काम कर रहे हैं। जगतगुरू शंकराचार्य पर फर्जी पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराना बहुत शर्मनाक बात है। अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ी है। पुलिस थानों में वसूली कर रही है। जनता इस सरकार को 2027 में सरकार को इन मुद्दों को लेकर पर जवाब देगी। इस रैली में प्रदेश के 32 जिलों के 140 विधानसभा के लोग शामिल होंगे।



प्रेसवार्ता में सपा नेता राजकुमार भाटी के साथ मौजूद जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी।

## टिकट वितरण को लेकर शुरू हुई तैयारी

एक सवाल के जवाब में सपा नेता राजकुमार भाटी ने कहा कि टिकट वितरण को लेकर समाजवादी पार्टी ने इसके लिए सबसे पहले तैयारी शुरू कर दी है। छह महीने से पार्टी गंभीरता के साथ तैयारी में जुटी है। बूथ कमेटियों के गठन किए गए हैं, उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। टिकट को लेकर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष तीन अलग-अलग सर्वे करा रहे हैं। जनपद और स्थानीय स्तर के नेताओं से विचार विमर्श किया जाएगा। उसके बाद टिकटों की सूची जारी कर दी जाएगी। इस इस बार टिकट के लिए किसी से आवेदन नहीं मांगा जाएगा।। इस दौरान हिमांशू सिद्धार्थ, सचिन गुर्जर, राजन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं की चौपाल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने सोमवार को क्षेत्र के नैडू स्थित आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं की चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को अपराधिक घटनाओं से बचाव के लिए जागरूक किया। छात्राओं की चौपाल में थाना फलावदा मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी आशा शर्मा, उप निरीक्षक साक्षी शर्मा ने छात्राओं एवं महिलाओं को छेड़छाड़ की घटनाओं से बचाव के लिए एवं आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया। साथ ही साइबर अपराध तथा महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि गांव में रहने वाली बेटी महिलाएं यदि किसी घटना का शिकार होती हैं तो तुरंत पुलिस को फोन करके जानकारी दें पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी लेकिन ऐसी घटनाओं को छुपाए नहीं बल्कि उन्हें परिवार को बताएं स्कूल में पढ़ने वाली छात्राएं एवं महिलाओं के साथ बढ़ रही घरेलू हिंसा शोषण की घटनाओं को रोकने के लिए महिला पुलिसकर्मी घर-घर पहुंचकर महिलाओं एवं बेटियों को जागरुक कर रही हैं। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्या को निर्देश दिया कि छात्राओं की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र के लिए विद्यालय में पेटिका अवश्य लगाएं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाचार्या काजल सिंह ने छात्राओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प दिलाया और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के संचालक गौरव कुमार ने महिला पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मान किया। इस दौरान मिशन शक्ति केंद्र की सहायक ऐश्वर्या पाठक, एसआई अमित कुमार, एसआई शुभम दुबे के अलावा छात्राओं के अभिभावक भी मौजूद रहे।

# सदर खाटू श्याम में महाआरती व प्रसाद वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर सदर छोटा खाटू धाम मंदिर सदर तिलक पार्क में महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के नए पदाधिकारियों व समाजसेवियों का सम्मान किया गया। ऋषभ एकाडेमी के सचिव डा. संजय जैन ने भाजपा के तमाम पदाधिकारियों को मंदिर की ओर से सम्मानित किया। भाजपा नेताओं के सम्मान के अलावा इस मौके पर प्रसाद भी बांटा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया।

■ ऋषभ अकादमी के सचिव डॉ. संजय जैन को किया सम्मानित

# बहसूमा में नामित सभासदों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** शासन द्वारा नगर पंचायत बहसूमा में तीन नामित सभासद वार्ड 7 से अमित गोयल ओमवीर प्रजापति जयवीर अहलावत को बनाया गया। जिसमें सोमवार को नगर पंचायत द्वारा शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसमें श्री दुर्गा मंदिर से ढोल नगाड़े एवं फूलमालाओं से स्वागत कर पूरे नगर में भ्रमण किया गया। उसके बाद जैन धर्मशाला में अध्यक्ष सचिन सुकड़ी अधिशासी अधिकारी हरि नारायण सिंह ने तीनों सभासदों को विधिगत शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह में भाजपा नेता एवं सभासद अमित गोयल ने कहा कि वह सत्य निष्ठा एवं कर्तव्य से निर्वाह करेंगे और गरीब, मजदूर, अहसाय लोगों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे , कस्बे का चौमुखी विकास करने के लिए संघर्ष करेंग। वहीं नामित सभासद जयवीर अहलावत, ओमवीर प्रजा. पति ने अपने विचार रखें। तीनों सभासदों का नगर में मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी जयकिशन गोयल, मोनू बंसल, अमन गोयल, निशु रस्तोगी, ऋषभ गोयल, हरीश गोयल, विनीत अहलावत, कारी सलीम, इकबाल सैफी, दिले सिंह प्रजापति, अश्वनी बिश्नोई, गोपाल अग्रवाल, प्रदीप प्रधान, पिंटू चौधरी, अब्दुल्ला सैफी, रईसुद्दीन, रईस सलमानी, राजपाल नागर, शमी बत्रा, विपुल गोयल, सभासद अरुण जाटव सभासद वीरेंद्र नगर सभासद मनीष अहलावत सभासद जाटव सभासद सूरजपाल, सभासद राजू राठी, सुदर्शन गोयल, पियुष सिंगल, अमृतसर गोल, सुशील गोयल, संजीव गर्ग, प्रमोद गर्ग, भोले सिंघल, शालू सिंघल, टीटू जैन, आशीष सैकड़ों लोग शामिल रहे।



# झुग्गी -झोपड़ीवासियों ने पक्के मकान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिले में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान दिलाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों से रह रहे झुग्गीवासियों को अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है, जबकि उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि कई बार सर्वे होने के बावजूद उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया और न ही कोई स्पष्ट जानकारी दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पात्र होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा अनदेखी की जा रही है, जिससे गरीब परिवारों को मजबूरन झुग्गियों में ही जीवन यापन करना पड़ रहा है। झुग्गीवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पात्र लोगों की निष्पक्ष जांच कर उन्हें जल्द से जल्द पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएं।0

# आशा कार्यकत्रियों का प्रदर्शन, बहाली की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी कार्यालय पर सोमवार को आशा कार्यकत्रियों और संगिनी बहनों ने धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। 17 आशा कार्यकत्रियों की बिना पूर्व सूचना सेवा समाप्ति के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने हटाई गई सभी कार्यकत्रियों को तत्काल बहाल करने की मांग उठाई। धरने के दौरान कार्यकत्रियों ने कहा कि वे पिछले करीब 20 वर्षों से कम मानदेय पर विभिन्न सरकारी योजनाओं में कार्य कर रही हैं। कोरा. ेना काल और पोलियो अभियान जैसी जिम्मेदारियां भी उन्होंने पूरी निष्ठा से निभाईं। अब नौकरी छिनने से उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द बहाली नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ज्ञापन भी सौंपा गया। धरने में निर्मेश त्यागी, विमला वर्मा, रेखा, कविता, रीना, भागेश, मनीषा सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं कुलदीप त्यागी और एडवोकेट नरेन्द्र शर्मा ने भी समर्थन दिया।



## बहसूमा में धूमधाम से मनाया शहीद दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला कैलाशपुरी में समाजसेवियों ने शहीद दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर समाजसेवी विनीत अहलावत ने कहा कि शहीदों ने अपनी जान पर खेलते हुए देश को आजाद कराया है आज उन्हीं की देन है जो आजाद घूम रहे हैं और अच्छी हवा खा रहे हैं हमें उन्हें याद करना चाहिए और उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से नीरज राठी, विनीत अहलावत, सोनू चौधरी, हिमांशु राठी, दीपक जाट, शुभम चाहल, मोहित पोसवाल, ओरियन लांबा, लक्ष्मी चौधरी, लकी चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में नारी सुरक्षा दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गफ़ूरी इंटर कॉलेज किठौर में छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान महिला उप निरीक्षक किरन, महिला कांस्टेबल रश्मि चौहान और एसआई अजय कुमार ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनों और नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी आपात स्थिति में साहस और समझदारी से काम लेने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपायों और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। इसके अतिरिक्त, छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चिकित्सीय सहायता 108, पुलिस कंट्रोल रूम 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।



## किठौर पुलिस ने तीन वारंटी किए गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना के अनुसार, पुलिस टीम लंबे समय से इन वारंटियों की तलाश में लगी हुई थी। इसी क्रम में कस्बा शाहजहांपुर निवासी अकरम (पुत्र हबीब) और अशरफ (पुत्र नजीर) को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट के एक मामले में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त पुलिस ने ग्राम ललियाना निवासी हारून (पुत्र मेहरबान) को भी गिरफ्तार किया। हारून के खिलाफ गौकशी के मामले में न्यायालय से वारंट जारी था, जिसके चलते वह काफी समय से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में कानून -व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। फरार व वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमों को सक्रिय किया गया है, ताकि अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# शातिर अपराधी अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को किठौर पुलिस ने एक शातिर अपराधी को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति खंद्रावली रोड माछरा क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और ग्राम कायस्थ बडा निवासी ईशान उर्फ बैगी पुत्र जीजू को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस आरोपी को तुरंत थाने ले आई, जहां उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं बताया कि गिरफ्तार आरोपी ईशान एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही गौकशी और गैंगस्टर एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरा. ेपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में आपरा. धिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।



## सुभारती में 'शैक्षणिक संस्थानों में जेंडर सेंसिटाइजेशन' पर अतिथि व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में 'शैक्षणिक संस्थानों में जेंडर सेंसिटाइजेशन' विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों में जेंडर सेंसिटाइजेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शैक्षणिक संस्थानों में समावेशी एवं सम्मानजनक वातावरण का निर्माण करना तथा लैंगिक समानता और अधिकारों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करना था। साथ ही विद्यार्थियों को जेंडर से जुड़े सामाजिक एवं कानूनी पहलुओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में फैकल्टी ऑफ लॉ की डीन, डॉ. रीना विश्नोई ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जेंडर सेंसिटाइजेशन केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि एक सामा. जिक आवश्यकता है, जो शैक्षणिक संस्थानों में समानता, सम्मान और समावेशिता को बढ़ावा देती है।

# शहादत दिवस पर वाल्मीकि समाज ने शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को मेरठ के सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी भवन के मीटिंग हॉल में 23 मार्च 1931 के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित इस सभा में वाल्मीकि समाज के सैकड़ों युवा योद्धाओं और समाजसेवकों ने भारी उत्साह के साथ शिरकत की। मुख्य अतिथि के रूप में बुध प्रकाश भगत, मास्टर अब्दुल अजीज ठेकेदार, मानव ठेकेदार और नौशाद कुरैशी उपस्थित रहे, जिन्होंने अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने वाल्मीकि समाज की अटूट देशभक्ति की सराहना करते हुए कहा कि देश की आजादी में इन क्रांतिकारियों का बलिदान युगों तक युवाओं को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन एडवोकेट अजय घेरा, अर्जुन करो. तिया, प्रवीण भगवाने, अक्षय बहनवाल, अंकित चंडालिया, कृष्ण पाल वाल्मीकि और शिवम मंगवाने के नेतृत्व में हुआ। अंत में इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ सभा का समापन हुआ।

# विधायक आशु मलिक की याचिका पर हुई जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधान सभा भवन में याचिका समिति की बैठक में जनपद सहारनपुर नगर निगम क्षेत्र के 32 गांवों और कॉलोनियों की विद्युत आपूर्ति एवं जर्जर तारों के संबंध में देहात विधायक आशु मलिक द्वारा लगाई गई याचिका पर सुनवाई हुई।



विभाग द्वारा दिया गया जवाब असंतोषजनक था, जिस पर सभापति ने भी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को जल्द समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक आशु मलिक ने बताया कि सबसे प्रमुख समस्या यह थी कि नगर निगम क्षेत्र में शामिल 32 गांवों को विद्युत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र से मिल रही थी। निरंतर प्रयासों और विधानसभा में इस मुद्दे को लगातार प्रमुखता से उठाने के बाद अब 32 गांवों में शहरी क्षेत्र की 24 घंटे विद्युत आपूर्ति पिछले कई महीनों से शुरू हो चुकी है। केवल कुम्हारहेड़ा गांव शेष रह गया है, जिसमें 15 अप्रैल तक 24 घंटे शहरी विद्युत आपूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया गया है।

■ क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं व हकों के लिए मेरा संघर्ष हमेशा जारी रहेगा: आशु मलिक

इसके अतिरिक्त दानिश कॉलोनी, एकता कॉलोनी, काजीपुरा, काजूवाला, इनाम कॉलोनी में जर्जर तार और अन्य विद्युत समस्याओं को लेकर मैंने स्वयं अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया था, जिसमें कुछ कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष कार्य जल्द कराने का आश्वासन दिया गया है।

क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं के लिए मेरा संघर्ष लगातार जारी है और आगे भी क्षेत्रवासियों के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ता रहूँगा।

## गली में खड़ी बाइक चोरी, कार्रवाई की मांग

**गंगोह।** नगर व क्षेत्र में चोरी रुकने का नाम नही ले रही हैं। बालाजी गार्डन के सामने गली में खड़ी तारिक पुत्र अब्बास निवासी ग्राम ताताहेडी की बाइक चोरों ने चोरी कर ली।चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, पीड़ित ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग।

सहारनपुर रोड स्थित यासीन मस्जिद में चोरी की घटना सामने आई है। मस्जिद के मुतवल्ली बासीद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि गर्मी के मद्देनजर किसी श्रद्धालु द्वारा मस्जिद में पंखा दान किया गया था, जिसे चोर चुरा ले गया। बताया कि यह पहली घटना नहीं है, इससे पूर्व भी मस्जिद में चोरी की वारदात हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी पहले मस्जिद के आसपास रेकी करता हुआ दिखाई देता है।

इसके बाद मौका पाकर वह अंदर घुसता है, दरवाजा बंद कर आराम से पंखा निकालता है और फरार हो जाता है।

# सगे भाइयों ने बहन पर चलाई गोली

## सीएचसी फतेहपुर में दिया गया वारदात को अंजाम, एसएसपी मौके पर पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई हैए जहां दो सगे भाइयों ने अपनी ही बहन को गोली मारकर घायल कर दिया।

घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए मेडिग्राम चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैए जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के अनुसार थाना फतेहपुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला बीते 16 मार्च को एक व्यक्ति के साथ चली गई थी। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी।

पुलिस ने आज महिला को बरामद कर पुलिस की देखरेख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी फतेहपुर लाया गया था। इसी दौरान दोपहर बाद लगभग 3:30 बजे जब महिला चिकित्सालय में मौजूद थीए तभी उसके सगे भाई रवि और मोंटी वहां पहुंचे और उस पर गोली चला दी। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आरोपियों का पीछा कियाए लेकिन दोनों फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने घायल युवती को तुरंत मेडिग्राम चिकित्सालय में भर्ती करायाए जहां उसका इलाज जारी है।




■ फरार महिला को पुलिस की देखरेख में लाया गया था सीएचसी केंद्र, भाइयों की तलाश में जुटी पुलिस

एसएसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया गया है और उनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अंडर ऐज वाहन चलाने वालों पर करें कार्रवाई: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु में कमी लाये जाने के दृष्टिगत यथावश्यक उपायों के सम्बन्ध में बिन्दुवार विस्तार पूर्वक चर्चा की।



मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा गत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालनार्थ की गयी कार्यवाही एवं प्रगति की समीक्षा की गयी। उनके द्वारा मुख्य रूप से स्कूली वाहनों के सम्बन्ध में अभियानात्मक कार्यवाही करने हेतु पुलिस एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया तथा शिक्षा विभाग को भी अण्डर ऐज वाहन चलाने इत्यादि के सम्बन्ध में अपने स्तर से कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी निर्देश दिये गये कि नाबालिग द्वार वाहन चलाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अभिभावकों के विरूद्ध भी विधिक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ परिवहन एवं पुलिस विभाग को वाहन चालकों के लाईसेंस निलम्बन के सम्बन्ध में ओर अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। श्री बंसल ने समस्त स्टेक होल्डर्स विभागों द्वारा मार्ग पर घटित दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में दुर्घटना के कारकों का विशलेषण करते हुए उनका निवारण किये जाने हेतु विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। साथ ही मार्ग पर होने वाली सडक दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में समस्त स्टेक होल्डर्स विभागों को मार्ग पर यथावश्यक

■ दुर्घटना के कारकों का विश्लेषण कर उनका निवारण किए जाने का विवरण आगामी बैठक में रखने के निर्देश

अल्पाकलिक व दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराये जाने के साथ-साथ तेज गति से वाहन संचालन के सम्बन्ध में प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इस क्रम में जनपद सहारनपुर के नागल क्षेत्र में एनएच पर फुट ओवरब्रिज बनाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जाने एवं जनपद मुजफ्फरनगर में रामपुर तिराहा पर फलाईओवर बनाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के लिए सम्बन्धित सडक निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले गुडसेमेरेटियन के सम्बन्ध में एडी हेल्थ को निर्देशित किया गया कि दुर्घटना में पीडित व्यक्ति को अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप को पूर्ण रूप से भरवाया जाना सुनिश्चित करते हुए सम्बन्धित पुलिस थानें से भी सत्यापन कराया जाए।

बैठक में समस्त स्टेक होल्डर्स विभागों के अधिकारियों के साथ सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सहारनपुर एम.पी.सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन मुजफ्फरनगर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन शामली एवं यात्री मालकर अधिकारी उपस्थित रहें।

# शिविर में 90 यूनिट रक्तदान एकत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अमर शहीद सुखदेव, भगत सिंह और राजगुरु के शहीदी दिवस के अवसर पर फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा नकुड़ में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में क्षेत्र के युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें 90 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही, 20 से अधिक इच्छुक रक्तदाता स्वास्थ्य संबंधी मानकों के कारण रक्तदान नहीं कर सके, जिन्हें भविष्य में रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय सहारनपुर रक्तकोष टीम ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और सभी चिकित्सकीय व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कीं। तरुण प्रकाश भोला ने कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम समाज के लिए जीवित रहते हुए सेवा करें। रक्तदान जैसे कार्यों के माध्यम से हम उनके आदर्शों को आगे बढ़ा सकते हैं। अश्वनी कुमार मित्तल, पंकज कुमार पाँचाल, विनीत रामपाल, अभयराज चौधरी, विकास पंवार ने विचार रखे।

शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा पूरी प्रक्रिया को चिकित्सा मानकों के अनुसार सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया।

# नौ पटटों की स्वीकृति को लोक सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तहसील बेहट इलाके के 9 सरकारी खनन पट्टो की स्वीकृति को लेकर लोक सुनवाई आयोजित की गई जिसमें कई गांवों के लोगों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं व सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने हाथ उठाकर खनन पट्टो को स्वीकृत कराने के लिए अपनी सहमति प्रदान की।



सोमवार को बेहट तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल की अध्यक्षता और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी योगेंद्र सिंह की मौजूदगी में लोकसुनवाई हुई। जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों ने रास्तों पर छिड़काव किए जाने व क्षेत्रीय लोगों को रोजगार दिए जाने की मांग की। एडीएम एफ सलिल कुमार पटेल ने बताया कि ग्रामीणों ने अपने सुझाव रखे और हाथ उठाकर सहमति प्रदान की। इस दौरान चौधरी रणवीर प्रधान, जिला पंचायत सदस्य रामू चौधरी, राव सलामत, गुरदयाल चौधरी, शिवराज एडवोकेट, रामकुमार प्रधान, गोविंदा चौधरी, रूपम चौधरी, रचित गुप्ता, लवेश गुप्ता, आशु सैनी, करण चौधरी, सुनील कुमार, सृजन बग्गा, मृत्युंजय शर्मा, रविंद्र चौधरी, रहीम सलमानी, सुनील कांबोज, हाशिम चौधरी, धर्मवीर एडवोकेट, अमित चौधरी, सोनू पोसवाल, मिंटू चौधरी टिवंकल बग्गा, अभिजीत सिंह, सुरेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

## घर से गैस सिलेंडर चोरी, तहरीर दी

**बेहट।** कस्बे के एक घर से गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। पीड़ित ने मौहल्ले के ही स्मैक तस्करों को नामजद करते हुए तहरीर दी है।। पुलिस कार्यवाही मे जुट गई है।


कोतवाली बेहट कस्बे में स्मैक तस्करों का आतंक बना हुआ है। स्मैक बेचने और पीने वाले अब लोगों के घरों से चोरी करने से भी नहीं कतरा रहे है। कस्बे की इंदिरा कालोनी निवासी अब्बास पुत्र मकसूद ने बताया कि वह सब्जी बेचकर अपने परिवार का गुजर बसर करता है। रविवार की रात मौहल्ले के ही एक युवक ने उसके घर से सिलेंडर चोरी कर लिया। आरोप है कि चोरी करने वाला युवक स्मैक बेचने और पीने का काम करता है। इसके अलावा अन्य स्मैक तस्करों को नामजद करते हुए पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी चुनौतियों पर व्याख्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी ब्लॉक ऑडिटोरियम में "अंतरराष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान श्रृंखला" के अंतर्गत एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो-चांसलर वित्त सैयद निजामुद्दीन, एडिशनल प्रो-चांसलर (शैक्षणिक) प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष, कुलपति डॉ. मंजू गुप्ता, प्रो-वाइस-चांसलर प्रोफेसर डॉ. जॉन फिनबे तथा कुलसचिव डॉ. शिवानी तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम का विषय "प्रौद्योगिकी की नैतिकता और मानवीय चेतना" रहा, जिसमें आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उनके मानव जीवन व मूल्यों पर प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की गई। इंटरनेशनल चैंबर ऑफ लीडरशिप के अध्यक्ष प्रोफेसर इवान मुनिज रोथगीसर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी नैतिक चुनौतियों, जिम्मेदार नवाचार और मानवीय चेतना के साथ इसके बदलते संबंधों पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की व्याख्याता फातिमा परवीन अकील ने किया, जबकि स्वागत भाषण एडिशनल प्रो-चांसलर शैक्षणिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष के द्वारा दिया गया। व्याख्यान के दौरान छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए विषय से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे।

कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. शिवानी तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी एवं समकालीन बताया।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा एक वांछित आरोपी

सहारनपुर। सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में एक वारंटी आरोपी को दबोचकर जेल भेज दिया।

सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव व उपनिरीक्षक अंकित कुमार के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान एक शातिर वारंटी आरोपी सागर पुत्र सतीश चंद्र बालियान निवासी ग्राम मुकुंदपुर थाना तितावी मुजफ्फरनगर को ग्राम मुकुंदपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दबोचा गया आरोपी थाना सदर बाजार न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या.10 सहारनपुर से वारंटी थी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# प्रदर्शन कर वंदेमातरम चौक बनाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वंदे मातरम् चौक बनाये जाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू महासंघे कार्यकर्ताओं ने आज एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

मंडल प्रभारी डा सतीश कुमार गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ता आज जिला मुख्यालय पर पहुंचे और प्रदेष के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में जिला प्रशासन को सौपते हुए बताया कि वंदे मातम् केवल एक नारा नहीं बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। यह गीत आज भी युवाओं में देशभक्ति समर्पण और ऊर्जा का संचार करता है। संगठन ने यह मांग वंदे मातरम् गीत की 151वीं वर्षगांठ तथा शहीद भगत सिंहए सुखदेव और राजगुरु के 95वें शहादत दिवस के अवसर पर उठाई है। विश्व हिंदू महासंघ ने प्रदेश के सभी जनपदों में एक.एक प्रमुख चौक का नाम वंदे मातरम् चौक रखने की अपील की है। सहारनपुर में इसके लिए दर्पण टॉकीज चौक हरेटी माहीपुरा चौक गोल कोठी मिलखाना रोड कोर्ट रोड



इस्लामनगर चौक लेबर कॉलोनी चौकी चौक सहित अन्य प्रमुख स्थानों का प्रस्ताव रखा गया है। संगठन ने यह भी कहा कि नाम घोषित होने के बाद संबंधित चौक को शहीदों के चित्रए तिरंगा ध्वजए भारत माता की प्रतिमा तथा वंदे मातरत् गीत की पट्टिका से सजाया जाएगाए जिससे वह स्थान श्रद्धांजलि स्थल के रूप में विकसित हो सके। इस दौरान दयाराम गुप्ताए अभिषेक राणाए आशीष मौजूद रहे।

# आशाएं और संगनियां सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें आशाओंए आषा संगिनियों चिकित्सा अधिकारियों को सम्मनित किया गया।

जनमंच सभागार आयोजित में सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डॉण् रूपेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सम्मेलन में 11 ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं शहरी क्षेत्र से स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुल 36 आशाओंए 3 आशा संगिनियों चिकित्सा अधिकारियों सहित विभिन्न स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ् प्रवीण कुमार ने बताया कि आशा कार्यकर्ता



स्वास्थ्य विभाग की प्रथम पंक्ति की कर्मी हैंए जो विभाग की योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। डॉ सूर्य प्रकाश गंगवारनोडल अधिकारीए आयुष्मान भारतद्ध ने आयुष्मान कार्ड के महत्व पर प्रकाश डालाए जबकि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉण् मुकेश कुमार ने बच्चों के टीकाकरण एवं एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ कपिल देवए डॉ सूर्य प्रकाशए डॉ मुकेश कुमारए श्रीमती शिवांका गौड़ विनोद कुमार बृजेश कुमार अजय कुमार शुक्ला सहित विभिन्न अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# सिद्धपीठ मां शाकम्भरी देवी मंदिर में दर्शन कर मत्था टेक रहे लाखों श्रद्धालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित 51 सिद्धपीठ में से एक सिद्ध पीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में चौत्र नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आयोजित मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर डीएम, एडीएमई, एसडीएम और जिला पंचायत सहित मंदिर व्यवस्थापको द्वारा तमाम व्यवस्थाएं की गई और भारी पुलिस बल तैनात है। प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं से श्रद्धालु गदगद नजर आ रहे है। लेटकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मेट की व्यवस्था की गयी है।

दरअसल, जनपद सहारनपुर की तहसील बेहट इलाके की शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में इन दिनों चौत्र नवरात्र के अवसर पर विशाल मेला लगा हुआ है। मां शाकम्भरी देवी के दर्शनों को लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन यहां पहुंच रहे है और मां के जयकारों के साथ मां भवानी के दरबार तक पहुंच शीश नवाकर मन्नते मांग रहे है। श्रद्धालु जहां निजी वाहनों से मां के दर्शनों को पहुंच रहे है तो काफी संख्या में भक्त पदयात्रा कर और लेट लेटकर भी मां के भवन तक पहुंच रहे है। मां शाकंभरी देवी के दर्शनों से पहले बाबा भूरादेव मंदिर में मत्था टेक प्रसाद चढ़ा रहे है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और जिला पंचायत दिन रात एक किए हुए है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल बताया कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को सूपर जोन, जोन्स, सैक्टर में विभाजित कर 08-08 घंटों की शिफ्ट में मजिस्ट्रेट्स की तैनाती की गयी है। प्रति सैक्टर सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी पुलिस प्रभारी के रूप में तैनात है। मेला क्षेत्र में मेला कोतवाली की स्थापना कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी, होमगार्ड की तैनाती की गयी है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस सहायता केन्द्र, खोया-पाया केन्द्र, मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किए गये हैं।

श्री बंसल ने बताया कि सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की देख-रेख के लिए 04 वरिष्ठ अधिकारियों को मेला प्रभारी, 18 जोनल मजिस्ट्रेट, 48 सेक्टर मजिस्ट्रेट,



अपर पुलिस अधीक्षक, 04 उपजिलाधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा 05 पुलिस उपाधीक्षक सहित विभिन्न पदों पर नियुक्त 450 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी है जिसके तहत निरीक्षक, यातायात पुलिस के अधिकारी व कर्मी, आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी, होमगार्ड एवं पीआरडी सदस्य, पीएसी कम्पनी, महिला आरक्षी एवं महिला मुख्य आरक्षी, 100 से अधिक सीसीटीवी, 40 पीए सिस्टम, शिफ्टवार 250 सफाई कर्मी, 10 हैक्टेयर भूमि पर पृथक-पृथक 07 वृहद पार्किंग स्थल, टायलेट, पेयजल, हैल्थ कैम्प, 03 एम्बुलेंस, बैरिकेटिंग कर भीड नियंत्रण, यातायात प्रबन्धन, अस्थायी पुलिस चौंकियों का गठन, महिला हेल्पडेस्क, दिशा-सूचक संकेतक, 20 स्वच्छ पेयजल टैंकर एवं 100 से अधिक शौचालय व्यवस्था, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना, चिकित्सा व्यवस्था, प्रकाश एवं विद्युत की बेहतर व्यवस्था की गयी है।

19 मार्च से प्रारम्भ इस मेले में देश के विभिन्न प्रदेशों एवं जनपदों से लाखों श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर बना हुआ है। 22 मार्च, 29 मार्च, 05 अप्रैल को रविवार के दिन, 25 मार्च को सप्तमी, 26 मार्च को दुर्गा अष्टमी, 27 मार्च को राम नवमी, 28 मार्च को दशमी, 30 मार्च को त्रयोदशी, 01 अप्रैल को चतुर्दशी एवं 02 अप्रैल को पूर्णिमा तथा हनुमान जयंती के अवसर पर अधिक भीड़ की संभावना के दृष्टिगत मण्डलायुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी एवं एसएसपी तथा प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारीगणों द्वारा निरंतर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए समय-समय पर बैठकें कर दिशा-निर्देश दिए जा रहे है।

मेला परिसर में स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है ताकि किसी भी श्रद्धालु की आकस्मिक तबियत खराब होने की स्थिति में उसे प्राथमिक उपचार दिया जा सके और गंभीर स्थिति होने पर मरीज को के जाने के लिए एम्बुलेंस भी चौबीसों घंटे तैनात है।

इसके अलावा किसी भी आकस्मिक अग्निकांड से निपटने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ी और अचानक बाढ़ आने की स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम और फ्लड पीएसी तैनात है।

जिला प्रशासन द्वारा की गयी बेहतर व्यवस्था से श्रद्धालु गदगद नजर आ रहे है और डीएम मनीष बंसल, एसएसपी अभिनन्दन, एडीएमई संतोष बहादुर सिंह, एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह के अलावा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद अदा करते नजर आए। उधर, मंदिर व्यवस्थापक राणा परिवार द्वारा मंदिर के अंदर की सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से कराई जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 24 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# जंग बंद होगी!

ईरान-इस्राईल/अमेरिका युद्ध के 24वें दिन एक अच्छी खबर आई, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पांच दिन के लिए अपनी ओर से ईरान पर किसी तरह के हमले पर रोक की बात कही। विशेषकर ईरान के पॉवर प्लांट को लेकर। जैसाकि हम जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने होर्मुज खाड़ी को बंद करने को लेकर ईरान को 48 घंटे का समय दिया था, जिसमें उन्होंने धमकी दी थी कि अगर ईरान ने 48 घंटे के भीतर होर्मुज को नहीं खोला, तो वह उसके पॉवर प्लांट पर हमला कर देंगे, जिसके चलते ईरान अंधेरे में डूब जाएगा। हालांकि बदले में ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति की भाषा के जवाब में चेतावनी दी थी कि अगर इस तरह की कोई कोशिश हुई तो ईरान भी बदले की कार्रवाई करेगा और यूएई सहित तमाम अमेरिकी ठिकानों पर हमला बोलेगा। जब ऐसा लग रहा था कि यह युद्ध और भड़कने की ओर जा रहा है, तभी ट्रम्प ने 48 घंटे की समय सीमा खत्म होने से पूर्व ही बड़े ही नाटकीय अंदाज में पांच दिन के लिए एक तरह से संघर्ष विराम की घोषणा कर दी। साथ ही यह भी जानकारी दी कि ईरान के साथ उनके प्रतिनिधि विटकॉफ और कुशनर के बीच ईरान से बातचीत हुई है। फॉक्स बिजनेस ने दावा किया है कि यह बातचीत रविवार की रात हुई और इसमें तुर्कीए, पाकिस्तान और ईजिप्ट के अधिकारी शामिल थे। फॉक्स बिजनेस के अनुसार इसमें ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी शामिल थे। हालांकि ईरान ने ऐसी किसी बातचीत से इन्कार किया है, क्योंकि ईरान का मानना रहा है कि जब भी बातचीत होती है, तभी अमेरिका धोखा देता है। अब पर्दे के पीछे चली बातचीत में कितनी सच्चाई है, यह तो आगे पता चलेगा कि इस पर कितना अमल जमीन पर दिखाई देता है, लेकिन एक बात साफ है कि ईरान ने जिस तरह विश्व की दो बड़ी परमाणु शक्तियों के साथ टकराव में बड़ी टक्कर दी है, उसने सभी को हैरत में डाल दिया है। जहां तक बात ट्रम्प की है, वह अपनी बातों को बदलने में माहिर माने जाते हैं। इसलिए उनकी बातों को कोई अब गंभीरता से भी नहीं लेता। अभी भी वह यही कह रहे हैं कि ईरान उनसे समझौता करना चाहता है और वह युद्ध जीत चुके हैं और ईरान की शक्ति को बुरी तरह कुचल चुके हैं, लेकिन जमीनी हालात एक अलग ही कहानी बयान करते दिखाई दे रहे हैं, जिससे कहीं भी यह नहीं लगता कि ईरान जरा भी पीछे हटने के लिए तैयार है। होर्मुज को लेकर उसने सभी को चेतावनी दी है और कहा है कि जो ईरान के मित्र देश हैं, उनके लिए यह पूरी तरह खुला है और यदि यह बंद है, तो उन देशों के लिए है, जो इस्राईल व अमेरिका के हितों की रक्षा करने में लगे है। जहां तक बात भारत की है, भारत भी इस युद्ध से बुरी तरह प्रभावित है और उसका मानना रहा है कि यह युद्ध शीघ्र बंद हो, सोमवार को प्रधानमंत्री ने संसद में दिए अपने संबोधन में अपने इसी स्टैंड को दोहराया है।

## नौ वर्षों में राज्य ने की अभूतपूर्व प्रगति



आध्यात्मिक प्रेरणा और जनसहभागिता के बल पर उत्तर प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है, प्रदेश आज विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है व प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है, सरकारी योजनाओं के प्रभाव से महिलाएं अब विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है, 2017 में प्रदेश के युवा रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश रोजगार और निवेश का केंद्र बनकर उभरा है, अब गरीब और श्रमिक वर्ग के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, जिसके लिए अटल आवासीय विद्यालयों जैसी पहलें की गई हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश**

# पश्चिम बंगाल चुनाव : सत्ता की जंग से बड़ी चुनाव आयोग की साख की अग्नि परीक्षा





ओ.पी. पाल

पश्चिम बंगाल की सत्ता का रण एक बार फिर सज चुका है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य की 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनावी बिगुल फूंक दिया है, जहां की राजनीति हमेशा से ही प्रतिबद्धता और प्रतिरोध की प्रयोगशाला रही है, लेकिन इस बार का यह महामुकाबला केवल यह तय नहीं करेगा कि कोलकाता के ऐतिहासिक राइटर्स बिल्डिंग में अगला मुख्यमंत्री कौन बैठेगा, बल्कि यह भारतीय चुनाव आयोग की उस वैश्विक साख की भी सबसे बड़ी परीक्षा साबित होने वाला है, जिसने 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई भीषण हिंसा के दाग को धोने और हिंसा मुक्त बंगाल का संकल्प लिया है। मसलन इस बार का चुनाव न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया के प्रबंधन के लिहाज से एक बड़ी चुनौती वाला चुनाव है। आयोग ने इस बार अपने आत्मविश्वास को दर्शाते हुए पिछले 8 चरणों के लंबे कार्यक्रम को घटाकर मात्र दो चरणों में समेटने का साहसिक फैसला लिया है, जो अपने आप में एक बड़ा दावं माना जा रहा है। हालांकि इसका असली परिणाम 23 और 29 अप्रैल को होने वाले दोनों चरणों के मतदान की शांति और सुरक्षा से तय होगा?

पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में हिंसा एक ऐसा शब्द रहा है जिसने लोकतांत्रिक उत्सव को कई बार फीका किया है। 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई हिंसा के कड़वे अनुभवों को देखते हुए, इस बार चुनाव आयोग का पूरा जोर हिंसा मुक्त मतदान पर है, जिसके लिए पिछले सप्ताह कोलकाता का तीन दिवसीय दौरा करके मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा, तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई (एम), कांग्रेस और अन्य दलों से रुबरु होकर स्पष्ट संदेश दिया है कि चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हिंसा, धमकाने की कोशिशों और चुनाव कर्मचारियों को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का ऐलान किया है। मुख्य आयुक्त ने जोर देकर कहा कि आयोग पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अब सवाल है कि क्या यह विधानसभा चुनाव राज्य के चुनावी इतिहास में हिंसा-मुक्त होने का नया कीर्तिमान स्थापित कर पाएगा? हालांकि यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन आयोग की सक्रियता ने उन मतदाताओं में भरोसा जरूर जगाया है, जो लंबे समय से शांतिपूर्ण मतदान की बाट जोह रहे हैं। एक मायने में यह चुनाव न केवल बंगाल का भविष्य तय करेगा, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव कराने वाली सर्वोच्च संस्था की साख को भी पुन: स्थापित करेगा। चुनावी कार्यक्रम के अनुसार इस बार पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को उत्तर बंगाल और जंगलमहल के इलाके की 152 सीटों और दूसर चरण में 29 अप्रैल को दक्षिण बंगाल और कोलकाता के आसपास के इलाके की 142 सीटों पर मतदान होना है। जबकि चुनाव के नतीजे चार मई को आएंगे।

### बेहद दिलचस्प मुकाबले के आसार

बंगाल की जमीन पर राजनीतिक बिसात भी दिलचस्प है, जहां चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से सत्ताधारी टीएमसी और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच आर-पार का है। वहीं पिछले चुनाव में शून्य पर सिमटने के बाद, वाम मोर्चा और कांग्रेस वाला गठबंधन इस बार श्प्रासंगिकताश बचाने की जंग लड़ रहा है। टीएमसी की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने चौथी बार सत्ता बरकरार रखने की बड़ी चुनौती है, जिसमें टीएमसी को भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों और एंटी-इनकंबेंसी (सत्ता विरोधी लहर) से लड़ना है। सत्तापक्ष के लिए हाल ही में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उपजे विवाद भी भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा, जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पंहुचा है। आयोग के एसआईआर और केंद्रीय फंड में हो रही कटौती को लेकर फैली बेचौनी ने बंगाल में खासतौर से टीएमसी के लिए राजनीतिक चिंताएं बढ़ा दी हैं। वहीं 2021 में 77 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार सत्ता परिवर्तन की पुरजोर कोशिश में जुटी है। पार्टी व्यापक चुनावी रणनीति के साथ घुसपैठ और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को आधार बना रही है, लेकिन उसे अभी भी स्थानीय स्तर पर एक सर्वमान्य मजबूत नेतृत्व और सांगठनिक एकजुटता की तलाश है। भले ही सीटों के मामले में टीएमसी आगे दिख रही हो, लेकिन वोट प्रतिशत के मामले में फासला बहुत कम रह गया है, जिसमें यह आंकड़ा बताता है कि बंगाल का मुकाबला बेहद करीबी होने वाला है। हालांकि क्या जमीन पर यह आंकड़े हकीकत में बदलेंगे या 4 मई के नतीजे कुछ और ही कहानी कहेंगे? यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

### सुरक्षा आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता

पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में हिंसा एक ऐसा शब्द रहा है जिसने लोकतांत्रिक उत्सव को कई बार फीका किया है। 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई हिंसा के कड़वे अनुभवों को देखते हुए इस बार आयोग का पूरा जोर हिंसा मुक्त मतदान पर है। इसी रणनीति के तहत चुनाव आयोग चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों 480 कंपनियां राज्य में भेज चुका हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि केंद्रीय बलों का उपयोग केवल मतदान के दिन ही नहीं, बल्कि मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के लिए बलों द्वारा एरिया डोमिनेशन और गश्त में पहले से कर रहा है। वहीं दागी अधिकारियों को लेकर भी चुनाव आयोग पूरी तरह से मुस्तैद है यानी आयोग इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। इसलिए आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की सूची मांगी है जिन पर पिछले चुनावों में हिंसा को बढ़ावा देने या लापरवाही बरतने के आरोप लगे थे। ऐसे दागी अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने के लिए आयोग ने उन्हें हटाने की कार्रवाई भी शुरु कर दी है। वहीं चुनाव आयोग इस बार श्फर्जी मतदानश की गुंजाइश खत्म करने की दिशा में मतदान केंद्रों के बाहर चेहरा सत्यापन के लिए विशेष काउंटर बनाने पर विचार कर रहा है, जहां बुर्का या घूंघट वाले मतदाताओं की पहचान महिला कर्मचारियों द्वारा की जाएगी।

### बंगाल के चुनावी एक्स फैक्टर

राजनीतिक जानकारों की माने तो पश्चिम बंगाल में महिलाएं अक्सर साइलेंट वोटर होती हैं। श्संदेशखालीश जैसी घटनाओं और श्लक्ष्मी भंडारश जैसी योजनाओं के बीच उनका झुकाव ही सत्ता की चाबी तय करेगा। राज्य में बढ़ती बेरोजगारी और भर्ती घोटाले युवाओं के बीच एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन चुके हैं। बंगाल में बदलते राजनीतिक परिदृश्य ने नए अवसर पैदा किए हैं। कभी बनर्जी को संदेह की नजर से देखने वाले शहरी बंगाली भद्रलोक मतदाता अब एसआईआर के दखल को लेकर अपनी नाराजगी साझा कर रहे हैं। वहीं, मतुआ और राजबंशी जैसे समुदाय जिनके समर्थन ने भाजपा को बंगाल में मुख्य विपक्षी दल के रूप में खड़ा करने में मदद की थी, अब उनमें भी बेचैनी के संकेत दिख रहे हैं। उत्तर बंगाल में भाजपा की पकड़ मजबूत रही है, जबकि दक्षिण बंगाल टीएमसी का किला है। इस बार दोनों दल एक-दूसरे के गढ़ में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव महज आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह उन करोड़ों मतदाताओं की उम्मीदों का परीक्षण है, जो दशकों से शांतिपूर्ण मतदान का सपना देख रहे हैं। यदि चुनाव आयोग हिंसा मुक्त मतदान कराने में सफल रहता है, तो यह भारतीय चुनाव प्रबंधन के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। 4 मई के नतीजे यह बताएंगे कि बंगाल ने दीदी की निरंतरता को चुना या परिवर्तन के केसरिया संकल्प को पर भरोसा जताया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जयपुर की घटना ने पेश की सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

**एक तरफ होली और दीपावली जैसे त्योहार हिन्दुओं के लिए महत्वपूर्ण होते हैं तो दूसरी तरफ ईद-उल-फितर जैसा त्योहार मुसलमानों के लिए महत्वपूर्ण होता है। विविध संस्कृति वाले इस देश में हमें एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान करना चाहिए। एक-दूसरे के धर्मों तथा त्योहारों का सम्मान करके ही हम इस देश की साझा संस्कृति को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही हमें यह ध्यान भी रखना होगा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक कट्टरता का प्रतीक न बने।**



रोहित कौशिक

दिल्ली हाईकोर्ट और दिल्ली पुलिस की वजह से दिल्ली के उत्तमनगर में ईद शांतिपूर्वक तरीके से मनाई गई। उत्तमनगर के मुद्दे को लेकर ईद से पहले कई तरह की अफवाहें फैली थीं। कुछ हिन्दू संगठनों द्वारा लगातार यह धमकी भी दी जा रही थी कि उत्तमनगर में ईद पर खून की होली खेली जाएगी। कुछ संगठनों ने यह धमकी भी दी थी कि इस बार हमारे घरों में होली नहीं मनी तो हम ईद भी नहीं मनने देंगे लेकिन पुलिस की सक्रियता की वजह से उत्तमनगर में ईद पर शांति रही। उत्तमनगर में भारी पुलिस बल तैनात था। इसके बावजूद कई संगठन के लोग उत्तमनगर पहुंचे लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से भगा दिया। तरुण के परिवार ने भी इस मामले में गंभीरता दिखाई और कहा कि हमारा एक युवा इस दुनिया से चला गया लेकिन हम नहीं चाहते किसी का बेटा इस दुनिया से चला जाए। दूसरी तरफ ईद के दिन मथुरा में फरसा वाले बाबा की मौत के बाद जरूर बवाल हुआ। फरसा वाले बाबा की मौत के बाद भड़की हिंसा और उपद्रव के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। हिन्दू सगठनों ने आरोप लगाया कि गोरक्षक फरसा वाले बाबा की कुचल कर हत्या की गई है लेकिन पुलिस का कहना है कि मौत सड़क हादसे में हुई है। दरअसल ईद से पहले और ईद पर उत्तमनगर के साथ ही देश के कई हिस्सों से अफवाह फैलने की खबरें आईं। ईद पर उत्तमनगर और देश के विभिन्न हिस्सों मे तनाव की आशंका के बीच एक अच्छी खबर आई। जयपुर में ईद के अवसर पर हिन्दू समुदाय के लोगों ने मुख्य ईदगाह में नमाज अदा कर रहे मुस्लिमों पर फूल बरसाए। यह सराहनीय पहल हिन्दू-मुस्लिम एकता समिति के तत्वावधान में की गई। इस पहल का उद्देश्य भाईचारे और एकता का संदेश देना था। इस अवसर पर हिन्दू-मस्लिम एकता समिति के सदस्य राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि ईद का त्योहार शांति और सदभाव का प्रतीक है। यह भावना राजस्थान सहित पूरे भारत में बरकरार रहनी चाहिए। कुछ लोग बांटने की कोशिश करते हैं लेकिन यह गलत है। उन्होंने कहा कि राम के बिना रमजान नहीं है और ईद के बिना दीवाली नहीं है। हम सब एक ही परिवार के सदस्य हैं। जयपुर की यह पहल दिखाती है कि यही असली हिन्दुस्तान है। एक ऐसा हिन्दुस्तान जिसमें हिन्दुओं और मुसलमानों का एक दूसरे के बिना काम नहीं चलता है। फिर कौन हैं वे लोग जो हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच दरार डालना चाहते हैं ? कौन हैं वे लोग जो एक दूसरे के खिलाफ नफरत परोसते हैं ? कौन हैं वे लोग जो बार-बार यह कहते हैं कि मुसलमान इस देश पर कब्जा कर लेंगे ? ऐसे लोग आपके और हमारे बीच ही मौजूद हैं। जी हां, वे लोग बाहरी लोग नहीं हैं। वे लोग अपने ही लोग हैं जो मुसलमानों के खिलाफ नफरत परोसते रहते हैं।

ऐसे लोग हर मुसलमान को शक की नजर से देखने के आदी हो जाते हैं। लेकिन ऐसे लोग ए नहीं समझ पाते कि भारत का ज्यादातर ईंधन खाड़ी या अरब देशों से ही आता है।

यानी जहां से हमारे देश का ज्यादातर ईंधन आता है, वे मुस्लिम देश हैं। हाल ही में जब गैस एजेंसियों में गैस सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी लाइने लगीं और लोगों को कई-कई दिन तक सिलेंडर नहीं मिला तो सबके साथ मुसलमानों को गाली देने वाले तथाकथित हिन्दू नेताओं की हालत भी खराब हो गई। तब किसी हिन्दू नेता ने नहीं कहा कि हम मुस्लिम देशों से आने वाले ईंधन को नहीं लेंगे। हमें यह समझना पड़ेगा कि हिन्दुओं के बिना मुसलमानों का काम नहीं चल सकता है और मुसलमानों के बना हिन्दुओं का काम नहीं चल सकता है। इसलिए एक-दूसरे के लिए नफरत पैदा करके हम कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे बल्कि अपना ही नुकसान करेंगे। हमारे देश पर कई सालों तक मुगलों ने राज किया फिर अंग्रेजों ने कई सालों तक राज किया लेकिन सनातन धर्म का कुछ नहीं बिगड़ा। फिर आज सनातन धर्म को खतरा पैदा कैसे हो गया ? स्पष्ट है कि सनातन धर्म पर कोई खतरा नहीं है बल्कि खतरा दिखाकर अपना उल्लू सीधा किया जा रहा है और मुसलमानों के खिलाफ नफरत परोसी जा रही है।

# टीबी उन्मूलन की दिशा में वैश्विक प्रयास और भारत की रणनीति





योगेश कुमार गोयल

टीबी (ट्यूबरकुल बेसिलाइ), जिसे क्षय रोग, तपेदिक अथवा राजरोग के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी संक्रामक बीमारी है, जो माइको ट्यूबरक्युलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। वैसे तो टीबी बाल और नाखूनों को छोड़कर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है लेकिन इसका ज्यादातर असर फेफड़ों पर ही होता है। टीबी से पीड़ित व्यक्ति के खांसने-छींकने के दौरान मुंह व नाक से निकलने वाली ड्रॉपलेट्स के जरिए कोई स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है। ड्रॉपलेट्स के जरिए फैलने वाले बैक्टीरिया कई घंटों तक हवा में रह सकते हैं। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक केवल फेफड़ों की टीबी ही संक्रामक होती है, शरीर के अन्य हिस्सों में यह संक्रामक नहीं होती। दरअसल फेफड़ों के अलावा टीबी मुंह, लिवर, गले, दिमाग, किडनी, रीढ़ तथा यूट्रस में भी हो सकती है किन्तु ऐसी टीबी मरीज से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलती। इस बीमारी को खतरनाक इसलिए माना जाता है क्योंकि यह शरीर के जिस हिस्से में होती है, धीरे-धीरे उस हिस्से को बेकार करना शुरू कर देती है।

कुछ दशक पूर्व टीबी को एक लाइलाज बीमारी माना जाता था लेकिन अब सही समय पर इसका समुचित इलाज कराए जाने से इसका पूरी तरह निदान संभव है और इलाज शुरू करने के बाद उसमें लापरवाही मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार टीबी अभी भी दुनिया की सबसे घातक संक्रामक जानलेवा बीमारियों में से एक है और दुनियाभर में प्रतिदिन करीब 4 हजार लोग इससे जान गंवाते हैं। प्रतिदिन करीब 30 हजार लोग इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि आज टीबी का इलाज उपलब्ध होने पर ऐसे लोगों का सफल इलाज संभव है लेकिन जागरूकता के अभाव में हर साल लाखों लोग अब भी टीबी होने पर मौत के मुंह में समा जाते हैं।

इस वैश्विक महामारी के जानलेवा परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा इसे जड़ से खत्म करने के प्रयास तेज करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है और डब्ल्यूएचओ के तत्वाधान में विश्वभर में टीबी से संबंधित कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं। 24 मार्च 1882 को एक जर्मन चिकित्सक और माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. रॉबर्ट कोच ने इस जानलेवा बीमारी के कारक बैक्टीरिया की पहचान करने की पुष्टि की थी, जिसके फलस्वरूप टीबी के निदान और इलाज में दुनियाभर के वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली। रॉबर्ट कोच की इस महत्वपूर्ण खोज के पूरे 100 वर्ष बाद 'इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस एंड लंग डिजीज' द्वारा 24 मार्च के दिन को विश्व टीबी दिवस के रूप में मनाने की सिफारिश की गई। हालांकि डब्ल्यूएचओ की विश्व स्वास्थ्य सभा और संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक दशक से भी ज्यादा समय बाद आधिकारिक तौर पर इसे एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में चिह्नित किया गया। डब्ल्यूएचओ ने 1995 में नीदरलैंड के डेन हैग में इसके लिए रॉयल नीदरलैंड ट्यूबरकुलोसिस फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया और कुछ और संगठनों के साथ आने पर विश्व टीबी दिवस को सफल बनाने के लिए 1997 में डब्ल्यूएचओ ने बर्लिन में एक समाचार सम्मेलन आयोजित किया, जहां डॉट्स को उस दशक की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सफलता बताया गया। तभी डब्ल्यूएचओ द्वारा आधिकारिक तौर पर पहला विश्व टीबी दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष विश्व टीबी दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है और विश्व क्षय रोग दिवस 2026 का आधिकारिक विषय है 'हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैंरू देशों के नेतृत्व में, लोगों की शक्ति से।' विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित इस विषय में राष्ट्रीय नेतृत्व, समुदाय-संचालित प्रयासों और टीबी महामारी से निपटने में प्रगति को तेज करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया है, विशेष रूप से निवेश और नवाचार में वृद्धि के माध्यम से। टीबी का खात्मा करने की रणनीति के तहत डब्ल्यूएचओ 2035 तक टीबी से होने वाली मौतों को 95 फीसदी तक और टीबी के नए मामलों को 90 फीसदी तक कम करने पर काम कर रहा है। विश्व को टीबी मुक्त करने की डब्ल्यूएचओ की रणनीति के तहत टीबी रोगियों के लिए विशेष देखभाल केन्द्रों की स्थापना, सभी देशों द्वारा टीबी को लेकर सार्थक कदम उठाने और टीबी को खत्म करने वाली प्रणालियों पर कार्य करने की अनिवार्यता तथा टीबी को लेकर गहन अनुसंधान और नवाचार को शामिल किए जाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक, वर्ष 2000 से टीबी को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों से अनुमानित 7 करोड़ से अधिक लोगों की जान बचाई गई है। टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा एक विशेष कार्यक्रम 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की जा चुकी है। हालांकि देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य बनाकर कार्य करना निसंदेह बड़ी पहल है लेकिन इसके लिए बेहद जरूरी है कि पोलियो उन्मूलन के प्रयासों की ही भांति टीबी उन्मूलन की दिशा में भी पूरी तैयारी के साथ कड़ी मेहनत की जाए ताकि इस अभियान को पलीता न लगे। दरअसल आमतौर पर ऐसी शिकायतें आती रही हैं कि टीबी के लिए आवश्यक अस्पतालों और कर्मियों का उपयोग दूसरे कार्यों में होता रहा है। टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहद जरूरी है कि सरकारी मशीनरी को बेहद चुस्त-दुरुस्त बनाते हुए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि टीबी से मुक्ति पाने के लिए निर्धारित संसाधनों का बेहतर उपयोग हो और टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत और सक्रिय बनाया जाए।

समुचित इलाज के बावजूद टीबी के महामारी बनने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि लोगों में अभी भी इस बीमारी के प्रति जानकारी का अभाव है। देश में टीबी फैलने का प्रमुख कारण इस बीमारी के प्रति लोगों का सचेत न होना तथा शुरूआती दौर में इस बीमारी को गंभीरता से नहीं लेना ही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक टीबी किसी को भी हो सकती है लेकिन लोगों को इसके लक्षणों, बचने के उपायों तथा इलाज के बारे में पूरी जानकारी होना बेहद जरूरी है। आज टीबी से घबराने की आवश्यकता नहीं है, 'डॉट्स' से हाथ मिलाकर टीबी जैसी जानलेवा बीमारी को हराया जा सकता है, बशर्ते डॉक्टर के निर्देशानुसार इलाज में कोई लापरवाही न बरती जाए।



नोएडा। तेज बारिश के बीच रेन कवर पहनकर साइकिल पर जाता युवक।

## इजरायल की सेना ने ईरान से दागी गई मिसाइल को रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने एक घंटे में तीसरी बार ईरान से दागी गई मिसाइल का पता लगाया और उसे रोक दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियां उन्हें रोक रही हैं। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ देर पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल राष्ट्र के क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइलों की पहचान की। इस खतरे को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने गत 28 फरवरी को ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए थे। ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों के खिलाफ हमले करके जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

# डिमोना पर हमले से इजरायली डिफेंस की पोल खुली

## 1500 Km दूरी तय कर पहुंची ईरानी मिसाइलें, कैसे फेल हुए THAAD, एरो व आयरन डोम

**हमले में 180 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है**

**तेल अवीव।** इजराइल के सबसे सुरक्षित इलाकों में उसका मुख्य परमाणु रिसर्च सेंटर माना जाता है। डिमोना न्यूक्लियर फैसिलिटी नेगेव रेगिस्तान में डिमोना शहर के पास स्थित है। यहां सुरक्षा बहुत कड़ी रहती है और इसे बचाने के लिए कई परतों वाली मिसाइल डिफेंस सिस्टम लगी हुई है।

लेकिन शनिवार रात एक चौंकाने वाली घटना हुई। ईरान की दो बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल के एयर डिफेंस को चकमा देकर डिमोना और पास के शहर अराद के रिहायशी इलाकों में गिर गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए मिसाइलों ने 1500 किमी से ज्यादा दूरी तय की ये दोनों हमले करीब तीन घंटे के अंतर से हुए। दोनों हमलों को रोकने में आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग, एरो-3 और अमेरिकी डिफेंस सिस्टम थार्ड फेल हो गए। इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस हमले में 180 लोग घायल



हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है।

### इजरायल ने माना: ईरानी मिसाइलें रोकने में नाकाम रहे

डिमोना में स्थित शिमोन पेरेस नेगेव परमाणु रिसर्च सेंटर को आम तौर पर 'डिमोना रिएक्टर' कहा जाता है। माना जाता है कि यहां इजराइल के परमाणु हथियार मौजूद हैं, हालांकि इजराइल ने कभी इसे आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया। यह देश के सबसे सुरक्षित इलाके माना जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह रही कि इजराइली सेना ने खुद माना कि उसने इन मिसाइलों को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। ऐसे में यहां हुए हमले से आसपास रहने वाले लोगों में डर फैल गया है।

### इजरायल बोला: अब तक 400 ईरानी मिसाइलें रोकीं

इजराइल का दावा है कि वह ज्यादातर मिसाइलों को रोक लेता है। इजराइली वायुसेना के अनुसार, 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद से अब तक ईरान 400 मिसाइलें दाग चुका है, जिनमें से 92 प्रतिशत को हवा में ही रोक लिया गया। हालांकि शनिवार रात की यह घटना दिखाती है कि कोई भी सुरक्षा सिस्टम 100 प्रतिशत सुरक्षित नहीं होता। अब जांच की जा रही है कि आखिर ये मिसाइलें इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम को कैसे पार कर गईं। इजराइल के पास कई तरह के एयर डिफेंस सिस्टम हैं। आयरन डोम छोटे रॉकेट रोकने के लिए है। डेविड्स स्लिंग मध्यम दूरी की मिसाइलों के लिए इस्तेमाल होता है। सबसे एडवांस सिस्टम एरो-3 है, जो अंतरिक्ष के पास ही मिसाइल को नष्ट करने की क्षमता रखता है। इसके अलावा अमेरिका का थार्ड सिस्टम भी वहां तैनात है। इसके बावजूद ये मिसाइलें अंदर तक पहुंच गईं। इससे सवाल उठ रहे हैं कि आखिर गलती कहां हुई। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह ऑपरेशन की नाकामी हो सकती है, यानी सिस्टम सही था लेकिन उसे इस्तेमाल करने में चूक हुई।

### इंटरसेप्टर मिसाइलों के स्टॉक खत्म होने की आशंका

एक और बड़ी चिंता यह भी सामने आ रही है कि कहीं इजराइल अपने सबसे महंगे और ताकतवर इंटरसेप्टर मिसाइलों का इस्तेमाल बचाकर तो नहीं कर रहा। पिछले साल ईरान के साथ 12 दिन की लड़ाई में काफी मिसाइलें खर्च हो चुकी थीं, इसलिए स्टॉक कम होने की आशंका जताई जा रही है।

# ईरान ने अमेरिका का F-15 जेट मार गिराया

## यह दुनिया का सबसे एडवांस फाइटर जेट, लेकिन ईरानी खतरे का अंदाजा नहीं लगा पाया

**ईरान की ओर से जारी वीडियो के मुताबिक, इस हमले में सिर्फ एक मिसाइल ही काफी रही**



**तेहरान।** ईरान से जंग के बीच कुवैत में अमेरिका का एक और फाइटर जेट मार गिराया गया है। अब इसका वीडियो भी सामने आ गया है। दावे के अनुसार अमेरिका के एफ-15 फाइटर जेट को एक हमले में कुवैत में ढेर कर दिया गया है। ईरान से जंग के बीच कुवैत में अमेरिका का एक और फाइटर जेट मार गिराया गया है। अल-अहद समाचार नेटवर्क के अनुसार इस अमेरिकी विमान पर हमला हुआ और कुछ ही मिनट में वह नीचे गिर गया।

अब इसका वीडियो भी सामे आ गया है, जिसमें अमेरिका के एफ-15 फाइटर जेट को गिरते हुए साफ देखा जा सकता है। इससे एक दिन पहले अमेरिका का एक और एफ-15 फाइटर जेट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरान ने मार गिराया था। यह अमेरिका के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे 4 दिन पहले ईरान ने अमेरिका के एफ-35 विमान को हिट किया था। इससे पहले ईरान ने तेहरान में ऑपरेशन करने पहुंचे अमेरिका के एफ-35 विमान को हिट किया था, जिसमें विमान को काफी नुकसान पहुंचा था। फिलहाल कुवैत में कौन सा लड़ाकू विमान गिरा है, इसका भी ब्यौरा सामने नहीं आ सका है। इस बारे में अमेरिका की ओर से अभी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि ईरान के हमले के बाद कुवैत में अमेरिका का यह विमान गिराया गया है। हालांकि अभी तक ईरान ने भी विमान गिराने का कोई दावा नहीं किया है। ईरान ने कहा कि उसने 19 मार्च को अमेरिका के एफ-35 लड़ाकू विमान को अपना शिकार बनाया है। हालांकि अमेरिका इस घटना का पूरा विवरण जारी नहीं किया। अमेरिका के सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) ने दावे में कहा कि उसका विमान सुरक्षित उतरा और पायलट की हालत स्थिर है। हालांकि, सीईएनटीसीओएम ने घटना के विवरण नहीं दिए, लेकिन एफ-35 की सामान्य उड़ान ऊंचाई (उच्च स्तर पर) को देखते हुए, नुकसान संभवत: सर्फेस-टू-एयर मिसाइल (सेम) से हुआ है। **Air & Space Forces Magazine** की रिपोर्ट के अनुसार पायलट को शार्पनेल से चोटें आईं, लेकिन वे गंभीर नहीं हैं और पायलट स्थिर स्थिति में हैं। यह घटना ईरान के खिलाफ चल रहे **Operation Epic Fury** के दौरान हुई है, जहां अमेरिकी एफ-35ए स्टील्थ फाइटर ईरान के ऊपर मिशन पर थे। ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उन्होंने एफ-35 को 'गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त) किया और थर्मल इमेजिंग वीडियो जारी किया, लेकिन अमेरिकी पक्ष ने केवल इमरजेंसी लैंडिंग का दावा किया। अगर यह दावा सही साबित होता है, तो यह अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव में बड़ी बढ़ोतरी मानी जाएगी। पहले से ही खाड़ी क्षेत्र में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और इस तरह की घटनाएं संघर्ष को और गंभीर बना सकती हैं। अमेरिका या इजरायल की ओर से भी इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ईरान का यह दावा तब आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है कि अगर वो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह नहीं खोलता तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट्स पर हमला कर सकता है। अब तक अमेरिका के कई एफ-15 फाइटर जेट ईरान के साथ 23 दिन की लड़ाई में तबाह हो चुके हैं। 3 एफ-15 फाइटर जेट युद्ध के शुरुआती दौर में ही गिरे थे, हालांकि ये तीनों जेट ईरान ने नहीं गिराए बल्कि कुवैत की एयर डिफेंस की ओर से गलती से गिराए गए बताए गए थे। इनमें मौजूद 6 पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए थे।

## ईरान ने तटों पर हमला होने पर फॉरस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाने की धमकी दी

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके तटवर्ती इलाकों या द्वीपों पर हमला होता है तो वह फारस की खाड़ी में महत्वपूर्ण संचार मार्गों पर बारूदी सुरंगें बिछा देगा। ईरान की राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने कहा कि उसके क्षेत्र को निशाना बनाने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप फारस की खाड़ी में सभी संचार लाइनों में बारूदी सुरंगें बिछा दी जाएंगी। उसने यह भी कहा कि जहाज केवल तेहरान के समन्वय से ही होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकेंगे। बयान में कहा गया कि दुश्मन द्वारा ईरानी तटों या द्वीपों पर हमला करने के किसी प्रयास के बाद स्वाभाविक रूप से और सामान्य सैन्य अभ्यास के अनुसार फारस की खाड़ी और तटों के सभी पहुंच मार्गों एवं संचार लाइनों को विभिन्न प्रकार की नौसैनिक बारूदों से भर दिया जाएगा, जिसमें तैरती बारूदें भी शामिल हैं, जिन्हें तटों से छोड़ा जा सकता है। ईरान ने कहा कि ऐसे में, पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय तक होर्मुज स्ट्रेट जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस बार, होर्मुज स्ट्रेट के साथ-साथ पूरा फारस की खाड़ी क्षेत्र व्यावहारिक रूप से अवरुद्ध हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वाले पक्ष की होगी। इस बीच अमेरिका कथित तौर पर ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर कब्जा करने या उसकी नाकाबंदी करने की योजनाओं पर विचार कर रहा है, ताकि तेहरान पर महत्वपूर्ण मार्ग को फिर से खोलने के लिए दबाव डाला जा सके। हालांकि यह एक ऐसा कदम है जो ईरान युद्ध को काफी हद तक बढ़ा सकता है।

## न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर प्लेन-ट्रक की टक्कर, दोनों पायलट की मौत

**एयर ट्रैफिक कंट्रोलर स्टॉप-स्टॉप चिल्लाता रहा 72 यात्री सवार थे**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में ला गार्डिया एयरपोर्ट पर रविवार रात (स्थानीय समयानुसार) एयर कनाडा एक्सप्रेस का एक विमान लैंडिंग के समय रनवे पर फायर ट्रक से टकरा गया। इससे विमान का अगला हिस्सा पूरी तरह तबाह हो गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई, जबकि ट्रक में सवार दो लोग घायल हुए हैं। जैज एविएशन के मुताबिक, यह फ्लाइट मॉन्ट्रियल से आ रही थी। सीआरजे-900 विमान में कुल 72 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। टक्कर के तुरंत बाद रनवे 4 को बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लागू करते हुए सभी फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिए गए और आने वाली उड़ानों को डायवर्ट किया गया। हादसे से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान और ग्राउंड वाहन दोनों को रुकने के लिए कहा था और स्टॉप-स्टॉप चिल्लाता रहा, लेकिन फिर भी टक्कर हो गई। लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान को रोकने की कोशिश की थी। वायरल ऑडियो में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने पहले ट्रक को रनवे पार करने की अनुमति दी थी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद कंट्रोलर लगातार 'स्टॉप, स्टॉप, ट्रक 1' चिल्लाता रहा। हालांकि, कुछ ही सेकंड में टक्कर हो गई। कंट्रोलर की आवाज रिकॉर्डिंग में सुनाई देती है-जाज़ 646, आप वाहन से टकरा गए हैं, वहीं रुके रहें, मदद पहुंच रही है। फ्लाइट लैंडिंग के बाद रनवे पर करीब 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रही थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विमान के आगे के हिस्से में नुकसान और कॉकपिट उठा हुआ दिखाई दे रहा है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एयरक्राफ्ट इमरजेंसी घोषित करते हुए तुरंत ग्राउंड स्टॉप लगा दिया। एयरपोर्ट को सोमवार दोपहर 2 बजे तक बंद रखने की बात कही गई है। एयरपोर्ट पर आने वाले विमानों को दूसरे हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया था या उन्हें वापस भेज दिया गया। हादसे में शामिल विमान सीआरजे-900 था, जिसे जैज एविएशन ऑपरेट करता है। इसमें करीब 76 यात्रियों की क्षमता होती है। फ्लाइट रात करीब 10:30 बजे मॉन्ट्रियल से रवाना हुई थी और लगभग एक घंटे बाद ला गार्डिया पहुंची। घटना के बाद रनवे पर बड़ी संख्या में इमरजेंसी वाहन पहुंच गए। रात 2 बजे तक रनवे पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था।

## हिजबुल्लाह के समर्थन में खुलकर उतरे ईसाई

### कहा: हमारी जंग एपस्टीन साम्राज्य से



**लेबनान के एक छोटे से गांव रस बालबेक में अलग-अलग धर्म के लोग मिलकर मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं**

**लेबनान।** रास बालबेक गांव में कैथोलिक ईसाइयों ने सुरक्षा के लिए हिजबुल्लाह से हाथ मिला लिया है। आईएसआईएस के हमलों के दौरान दोनों ने मिलकर लड़ाई लड़ी, जिससे उनका रिश्ता मजबूत हुआ। आज भी इजराइल हमलों और सीरिया से खतरे के बीच गांव के लोग हिजबुल्लाह को अपना रक्षक मानते हैं और साथ खड़े हैं।

लेबनान के एक छोटे से गांव रस बालबेक में अलग-अलग धर्म के लोग मिलकर मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। यह गांव बेका वैली में है और सीरिया सीमा बॉर्डर के पास पड़ता है। यहां करीब 6,000 कैथोलिक ईसाई रहते हैं। सुरक्षा के खतरे को देखते हुए गांव के लोगों ने हिजबुल्लाह के साथ मिलकर अपने इलाके और चर्चों की रक्षा करने का फैसला किया है। गांव के नेता रिफियात नसरल्लाह का कहना है कि हिजबुल्लाह ने मुश्किल समय में उनकी मदद की, जबकि वेटिकन ने कोई खास सहायता नहीं दी। नसरल्लाह का कहना है कि हिजबुल्लाह ने गांव की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी और खून बहाया। इसी वजह से दोनों के बीच बहुत मजबूत रिश्ता बन गया है। यहां तक कि हिजबुल्लाह हर साल गांव के लिए क्रिसमस ट्री भी खरीदता है। हम एपस्टीन गिरोह के लोगों के साथ युद्ध में हैं। ये लोग बच्चों को खाते, तलते और उनका बलात्कार करते हैं। ये राक्षस हैं, दरिंदे हैं। लेकिन सबसे बुरी बात ये है कि दुनिया पर राज करने वाले यही लोग हैं। यह रिश्ता खास तौर पर 2013 से 2017 के बीच और मजबूत हुआ, जब इस्लामिक स्टेट के आतंकियों ने सीरिया की तरफ से कई बार गांव पर हमला किया।

## महिला की लाश के साथ 13 घंटे उड़ता रहा विमान

**हॉन्गकॉन्ग से लंदन उड़ान में टेकऑफ के बाद मौत हुई, रास्तेभर बदबू से परेशान रहे पैसेंजर**

**लंदन।** ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट में रविवार को एक महिला यात्री की टेकऑफ के करीब 1 घंटे बाद मौत हो गई। इसके बाद उनका शव पूरे 13 घंटे तक विमान में ही रखा रहा। शव को विमान के पीछे वाले हिस्से में रखा गया था, जहां फर्श गर्म था।

इसी वजह से धीरे-धीरे बदबू फैलने लगी, जिससे पीछे बैठे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। यह घटना हॉन्गकॉन्ग से लंदन जा रही फ्लाइट में हुई। महिला की उम्र करीब 60 साल थी। पायलट ने फ्लाइट को बीच में रोकने या वापस लौटने के बजाय लंदन तक जारी रखने का फैसला किया, क्योंकि नियमों के मुताबिक ऐसी स्थिति को आमतौर पर इमरजेंसी नहीं माना जाता। क्रू मेंबर्स ने पहले शव को टॉयलेट में रखने का सोचा, लेकिन बाद में उसे कंबल में लपेटकर गैली में रख दिया गया। गैली विमान का वह हिस्सा होता है, जहां फ्लाइट स्टाफ (क्रू) खाना-पीना तैयार करता है और सामान रखता है। यहीं से यात्रियों को खाना, पानी, चाय-कॉफी दी जाती है। आमतौर पर यह प्लेन के आगे या पीछे वाले हिस्से में होता है। लंदन पहुंचने पर पुलिस ने विमान में आकर जांच की और करीब 45 मिनट तक यात्रियों को सीट पर ही बैठाए रखा गया।

## युद्ध के बीच तेल-गैस से ईरान की रिकॉर्ड कमाई

### खार्ग टर्मिनल से सप्लाई जारी, खाड़ी देशों का प्रोडक्शन 70 प्रतिशत तक गिरा

**दुबई/ तेहरान।** अमेरिका व इजराइल के साथ जंग को ईरान ने एक मौके में बदल दिया है। अमेरिका ने खार्ग आइलैंड के पास सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन ग्लोबल ऑयल संकट के डर से तेल टर्मिनल को सीधे निशाना नहीं बनाया। इसी का फायदा उठाते हुए ईरान ने खार्ग टर्मिनल चालू रखा और 'घोस्ट फ्लीट' के जरिए चीन को सप्लाई जारी रखी है।

इंटरनेशनलएनर्जी एजेंसी और एस-पी ग्लोबल के मुताबिक, ईरान रोजाना 1.7 से 2 मिलियन (17 से 20 लाख) बैरल तेल एक्सपोर्ट कर रहा है। देश के करीब 90 प्रतिशत तेल का एक्सपोर्ट अभी भी खार्ग टर्मिनल से हो रहा है। साउथ पार्स गैस फील्ड पर



**देश के करीब 90 प्रतिशत तेल का एक्सपोर्ट अभी भी खार्ग टर्मिनल से हो रहा**

हमले से एक्सपोर्ट प्रभावित हुआ, लेकिन गैस सप्लाई पूरी तरह बंद नहीं हुई। रिपोर्ट है कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले विदेशी जहाजों से ईरान करीब 16.5 करोड़ रुपए प्रति जहाज 'वॉर टैक्स' भी वसूल रहा है। खाड़ी देशों का प्रोडक्शन 70 प्रतिशत तक गिरा ईरान की होर्मुज स्ट्रेट पर पकड़ और लगातार हमलों के कारण सऊदी अरब, कतर, इराक, कुवैत और यूएई जैसे खाड़ी देशों की सप्लाई प्रभावित हुई है। सुरक्षित समुद्री रास्तों की कमी, बढ़ते हमले और लॉजिस्टिक्स दिक्कतों के चलते इन देशों का कुल उत्पादन 70 प्रतिशत तक गिर गया है। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का सबसे सीधा असर कच्चे तेल पर पड़ा है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 3.26 प्रतिशत की उछाल के साथ 112.19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो जुलाई 2022 के बाद का सबसे उच्चतम स्तर है। अगर तेल की कीमतें 100 डॉलर के ऊपर बनी रहती हैं, तो इससे भारत में महंगाई बढ़ेगी जो बाजार के लिए अच्छा नहीं है।

## प्रेग्नेंसी में वर्क फ्रॉम होम नहीं दिया, 200 करोड़ जुर्माना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के ओहायो में प्रेग्नेंट महिला को वर्क फ्रॉम होम की अनुमति न देने के मामले में कोर्ट ने कंपनी पर 2.25 करोड़ डॉलर (200 करोड़) का जुर्माना लगाया है। महिला को ऑफिस आने की मजबूरी की वजह से समय से पहले डिलीवरी हुई थी। जिससे नवजात की कुछ घंटों में ही मौत हो गई थी। कोर्ट ने माना कि अगर महिला को घर से काम करने दिया जाता, तो स्थिति अलग हो सकती थी। इसी आधार पर कंपनी पर यह जुर्माना लगाया गया। चेल्सी वॉल्श नाम की महिला टोटल क्वालिटी लॉजिस्टिक्स अमेरिकी कंपनी में काम करती थीं। फरवरी 2021 में उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएचएफ) की इजाजत मांगी थी। कंपनी ने उन्हें ऑफिस आकर काम करने या बिना सैलरी छुट्टी लेने का ऑप्शन दिया, जिससे उनकी इनकम और हेल्थ इंश्योरेंस पर असर पड़ता। मजबूरी में उन्हें 22 फरवरी से ऑफिस जाकर काम करना पड़ा। लगातार तीन दिन काम करने के बाद 24 फरवरी को उन्हें समय से पहले डिलीवरी हो गई। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत हो गई।

# ईरानी पावर प्लांट्स पर 5 दिन हमला नहीं करेंगे: ट्रम्प

## बातचीत के बाद फैसला, ईरान बोला: राष्ट्रपति तेल कीमत घटाने के लिए गुमराह कर रहे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के पावर प्लांट्स और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले हमलों को फिलहाल टाल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों से चली बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया है।

उन्होंने बताया कि रक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि पावर प्लांट्स और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर सभी सैन्य हमलों को 5 दिनों के लिए रोक दिया जाए। ट्रम्प ने कहा कि अगर बातचीत सफल रहती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। दरअसल ट्रम्प ने दो दिन पहले ईरान को धमकी दी थी कि अगर 48 घंटे में होर्मुज रूट नहीं खोला गया तो वो ईरान के पावर प्लांट पर बड़ा हमला करेंगे। वहीं, ईरान ने दावा किया है कि ट्रम्प के साथ उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ट्रम्प एनर्जी की कीमतें कम करने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं।



**ईरान ने दावा: ट्रम्प के साथ उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है**

मंत्रालय ने आगे कहा कि कई देश तनाव कम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमारा साफ कहना है कि हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया। इसलिए इस बारे में बात अमेरिका से की जानी चाहिए। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने कहा है कि उनका देश होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने युद्ध की वजह से पैदा हो रही आर्थिक उथल-पुथल पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा- ईरान को लेकर आपकी जो भी राय हो, यह युद्ध उनकी वजह से शुरू नहीं हुआ है। अगर युद्ध जारी रहा, तो हालात और खराब हो सकते हैं। उन्होंने 'द इकोनॉमिस्ट' मैगजीन में लिखे अपने लेख में इस युद्ध को 'गैरकानूनी' बताया।

### ईरान बोला: अमेरिका से कोई बातचीत नहीं हुई

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उनकी अमेरिका से किसी भी तरह की बातचीत नहीं हो रही है और न ही वे बातचीत करने की स्थिति में हैं। मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मंत्रालय ने कहा कि ट्रम्प ऊर्जा कीमतों को कम करना चाहते हैं और अपने प्लानिंग के लिए वक्त हासिल करना चाहते हैं। इसलिए वे ऐसे बयान दे रहे हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि वह इस समय तेहरान के बीचों-बीच ईरानी शासन से जुड़े ठिकानों पर हमले कर रही है। यह बयान उस समय आया है जब कुछ ही देर पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले की अपनी योजना को टालने का ऐलान किया था।

### ट्रम्प के ईरान पर हमले टालने के फैसले से तेल कीमतों में गिरावट

ट्रम्प के ईरान पर सैन्य कार्रवाई टालने के फैसले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 13/15 प्रतिशत गिरकर +96 प्रति बैरल तक पहुंच गई। वहीं अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) की कीमत भी लगभग 13.5 प्रतिशत गिरकर +85.28 प्रति बैरल तक आ गई।

